kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-57 | बुधवार, 27 मार्च 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



भारत में विद्युत चालित वाहनों की बिक्री की वृद्धि दर 15 प्रतिशत से अधिक है और इसका बाजार पेट्रोल और डीजल के वाहनों से अधिक तेज गति से बढ़ रहा है।
नितिन गडकरी

उच्च न्यायपालिका में आरक्षण नहीं: अठावले 11

दस लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, 65 लाख परिवार होंगे कवर 12

## संक्षेप

### खनन अधिकारी पर डंपर चढ़ा कर मारने की कोशिश नाकाम

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के जसवंतनगर में अवैध खनन को लेकर खनन माफियाओं ने खनन अधिकारी को डंपर चढ़ाकर जान से मारने का भी प्रयास किया। जसवंतनगर के पुलिस उपाधीक्षक नागेंद्र चौबे ने बुधवार को बताया कि जिला खनन अधिकारी प्रदीप राज एक गुप्त सूचना पर खनन रोकने पहुंचे थे लेकिन खनन माफियाओं ने उनके ऊपर डंपर चढ़कर उन्हें मारने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे किसी तरह खनन अधिकारी और उनकी टीम ने मौके से भाग करके जान बचाई है। घटना को लेकर खनन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने भूपेंद्र और अज्ञात साथियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 191(2), 121(1), 351(3) और खनिज अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ नागेंद्र चौबे ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### दो पीसीएस अफसरों को मिला 8700 वेतनमान

**लखनऊ।** नियुक्ति विभाग ने बुधवार को विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक में दो पीसीएस अधिकारियों को 7600 से 8700 ग्रेड पे देने का फैसला किया है। विनोद कुमार गौड़ और अंजूलता को बढ़ा हुआ वेतनमान दिया गया है। यह वेतनमान 16 साल की लगातार सेवा के बाद मिलता है।

### लखनऊ के मुकाबले कानपुर और अयोध्या से फ्लाइटें महंगी

**लखनऊ।** निजी एयरपोर्ट होने के बावजूद कानपुर और अयोध्या के मुकाबले लखनऊ से फ्लाइटें सस्ती हैं। अब यह सवाल सोशल मीडिया पर उठ रहा है। लोगों का कहना है कि एयरलाइंस पर लगने वाले शुल्क से लेकर यूडीएफ तक एयरपोर्ट अथारिटी संचालित हवाई अड्डों पर कम है। इसके बावजूद भी आसपास के जिले वालों को फ्लाइट पकड़ने लखनऊ आना पड़ रहा है। उदाहरण के लिए 28 तारीख को लखनऊ हैदराबाद के बीच फ्लाइट आईएक्स 2815 का किराया 5999 रुपये है। 6ई 453 का किराया भी 5999 रुपये है। वहीं, अयोध्या हैदराबाद के बीच फ्लाइट 6ई 931 का किराया 7,841 रुपये है। कानपुर की फ्लाइट 6ई 6291 का किराया 7079 रुपये है। बेंगलुरु से लखनऊ का किराया 29 मार्च को आईएक्स 2717 का 8057 रुपये है तो कानपुर का किराया 1207 रुपये है। कानपुर से अभी आने जाने की मिलाकर कुल 6 फ्लाइटें ही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कानपुर एयरपोर्ट ने अपनी उपलब्धि बताते हुए पोस्ट किया कि तीन अराइवल, तीन डिपार्चर, कुल 1055 यात्री हैं। जवाब में यूजर प्रशांत चौहान ने लिखा कि कानपुर के मुकाबले लखनऊ से फ्लाइट पकड़ना ज्यादा सस्ता है।

# मथुरा में कोर्ट के आदेश का पालन कर रहे वरना वहां बहुत कुछ हो गया होता : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हम मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मामले में कोर्ट के आदेश का ही पालन कर रहे हैं, वरना अब तक तो वहां बहुत कुछ हो गया होता। संभल एक सच्चाई है और वहां अब तक 58 तीर्थों की खोज हो चुकी है। जितने भी अतिक्रमण हैं वह हटाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। अगर हिन्दू सुरक्षित हैं तो मुसलमान भी सुरक्षित हैं लेकिन 100 मुस्लिम परिवारों के बीच में एक क्या 50 हिंदू परिवार सुरक्षित नहीं हैं। हिन्दू से ज्यादा रंग-बिरंगे कपड़े तो मुसलमान पहनते हैं फिर होली पर रंग से परहेज क्यों?

**संभल में जितने तीर्थ सब ढूंढेंगे**

मुख्यमंत्री ने ये बातें बुधवार को एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहीं। उन्होंने इस दौरान धर्मस्थलों, सनातन के साथ ही मुसलमानों, कांग्रेस और वक्फ एक्ट के मुद्दे पर खुल कर बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मथुरा की बात क्यों नहीं उठाएंगे। मथुरा श्रीकृष्ण की जन्मभूमि नहीं है क्या? मामला कोर्ट में है, इसलिए को कोर्ट के आदेश का ही पालन कर रहे हैं वरना अब तक तो वहां बहुत कुछ हो गया होता। उन्होंने कहा कि संभल में 68 तीर्थस्थल निकले, जितने भी अतिक्रमण हैं वह हटाए जाएंगे, सनतान हिन्दू धर्म के जो महत्वपूर्ण स्थल हमारी विरासत के प्रतीक हैं, जितने भी होंगे सब ढूंढेंगे, सब निकालेंगे और दुनिया को बोलेंगे कि भगवान ने जिसको आंखें दी हैं, आकर देखे कि क्या हुआ था संभल में।



### यूपी 2029 में वन ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पास युवा शक्ति है, सबसे अच्छी उपजाऊ भूमि है, सबसे अच्छा जल संसाधन है, सबसे बड़ा एमएसएमई बेस है। अब हमें अपनी स्पीड को बढ़ाना है और इस स्पीड को बढ़ाने के लिए हम लोगों ने टारगेट तय किया है कि वर्ष 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था होगी...।

**यूपी में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म दुनिया की सबसे प्राचीनतम धर्म व संस्कृति है। दुनिया का कोई जाति-मजहब नहीं है जब उसकी आपत्ति के समय सनातन धर्मावलंबियों ने उन्हें शरण न दी हो। उसके संरक्षण के लिए हर प्रकार से फलने फूलने का अवसर न दिया हो लेकिन उसे बदले में क्या मिला? कहीं भी हिन्दू राजाओं ने दुनिया में कभी भी अपने वैभव के दंभ से किसी पर आधिपत्य स्थापित नहीं किया। मुख्यमंत्री ने ● शेष पेज 11 पर

- ❒ मुसलमान यूपी में सबसे ज्यादा सुरक्षित-हिन्दुओं से ज्यादा रंग-बिरंगे कपड़े तो मुसलमान पहनते हैं
- ❒ वक्फ एक्ट में संशोधन के लिए जेपीसी की सिफारिशें लागू हों
- ❒ 100 मुस्लिम परिवारों के बीच में एक क्या 50 हिंदू परिवार सुरक्षित नहीं
- ❒ संभल में सभी तीर्थ ढूंढेंगे, जो भी अतिक्रमण होगा हटाएंगे
- ❒ सालार मसूद ग़ाज़ी विदेशी लुटेरा था, पूजा तो महाराज सुलेहदेव की होनी चाहिए

### कर्नाटक सरकार का धर्म के आधार पर आरक्षण आबंडेकर के संविधान का अपमान

योगी ने कहा है कि कर्नाटक सरकार के द्वारा धर्म के आधार पर आरक्षण बाबा साहेब आंबेडकर के द्वारा दिए गए संविधान का अपमान है। संविधान सभा में आरक्षण की बात हुई तो धर्म के आधार पर आरक्षण का मुद्दा भी उठा था। बाबा साहेब ने इसका पुरजोर विरोध किया था। आरक्षण सामाजिक रूप से उन लोगों को दिए जाने चाहिए जिनके साथ अस्पृश्यता और छुआछूत सैकड़ों वर्षों से होते आई है। 1976 में क्या-क्या नहीं किया इन्होंने संविधान के साथ। गला घोंटने का काम किया। ये कांग्रेस हमेशा से करती रही है। आगे जो भी बोल रहे हैं डीके शिवकुमार, ये वही बोल रहे हैं जो कांग्रेस की विरासत से उन्हें प्राप्त हुआ है।

# जज को संवेदनशील होना चाहिए

एजेंसी

- ❒ सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस विवादित आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया था कि 'नाबालिग लड़की के स्तन पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश करना' दुष्कर्म के प्रयास के अपराध की श्रेणी में नहीं आता।


न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से कड़ी असहमति व्यक्त की और इसे 'चौंकाने वाला' बताया। न्यायमूर्ति गवई ने टिप्पणी की, ह्लयह एक गंभीर मामला है। न्यायाधीश(इलाहाबाद उच्च न्यायालय) की ओर से पूरी तरह असंवेदनशीलता है। यह समन जारी करने के चरण में था। हमें न्यायाधीश के खिलाफ ऐसे कठोर शब्दों का उपयोग करने के लिए खेद है। पीठ ने इन टिप्पणियों पर रोक लगाने का आदेश दिया और भारत संघ, उत्तर प्रदेश राज्य और उच्च न्यायालय की कार्यवाही में शामिल पक्षों को नोटिस जारी किए। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि हालांकि शीर्ष न्यायालय को आमतौर पर इस चरण में रोक लगाने में हिचक है, लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश के पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गयी टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों के विपरीत थीं और एक अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती थीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस बात पर सहमति जताते हुए कि यह एक 'चौंकाने वाला' फैसला था, कहा कि जिस तरह से मामले को संभाला गया वह बेहद गंभीर था। उन्होंने सुझाव दिया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को रोस्टर के मास्टर के रूप ● शेष पेज 11 पर

### गरीब कैदी जुर्माने या जमानत बांड के लिए सरकार से ले सकते हैं पैसा

नयी दिल्ली। सरकार ने जुर्माना या जमानत बांड देने में असमर्थ गरीब कैदियों के लिए विशेष योजना में 20 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है और अब तक 12 राज्य इसके लिए 22 लाख रू से अधिक की राशि ले चुके हैं। गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने बुधवार को राज्य सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने वर्ष 2023 में गरीब कैदियों को सहायता योजना शुरू की थी। इस योजना को लागू करने के तहत राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए जून 2023 में विस्तृत 'दिशानिर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया' जारी की गयी थी। श्री कुमार ने कहा कि योजना के तहत ● शेष पेज 11 पर

# सेना के लिए 6900 करोड़ रूपये में खरीदी जायेंगी अत्याधुनिक तोप प्रणाली

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सेना को अत्याधुनिक तोपों से लैस करने के लिए 6900 करोड़ रूपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये हैं।

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सेना की तोपखाना क्षमता बढाने के उद्देश से 155 मिमी/52 कैलिबर एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम और हाई मोबिलिटी गन टोइंग व्हीकल्स की खरीद की जायेगी। मंत्रालय ने इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है। हस्ताक्षर के समय रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह भी मौजूद थे। इसके साथ ही रक्षा मंत्रालय द्वारा चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक पूंजीगत खरीद के लिए कुल 1.40 लाख करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। अनुबंध पर हस्ताक्षर के अवसर पर तोप प्रणाली के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के आयुध अनुसंधान ● शेष पेज 11 पर

# ईद की सेवइयां खिलानी हैं तो गुझिया भी खानी पड़ेगी: अनुज

एजेंसी



- ❒ एसडीएम ने कहा-ईद व जुमा की नमाज सड़क पर नहीं होगी

संभल। रमजान का आखिरी जुमा (अलविदा) की नमाज, ईद और रामनवमी को लेकर क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी ने बुधवार को कोतवाली में पीस कमेटी के पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि आपको ईद की सेवइयां खिलानी हैं तो आपको होली की गुजिया भी खानी पड़ेगी। गड़बड़ तब हो जाती है, जब एक पक्ष खा रहा है और दूसरा खाने को तैयार नहीं है। तब ये भाईचारा खत्म हो जाता है। मन में कड़वाहट लेकर आप भाईचारे की बात नहीं कर सकते।

उन्होंने जुमा अलविदा, ईद और रामनवमी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि जुमा अलविदा और ईद आपकी बहुत अच्छे से गुजरेगी। इसी तरह से रामनवमी भी है। सभी त्योहार बहुत अच्छे से कराने हैं। शासन का निर्देश रहता है कि सभी त्योहार शातिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करायें और हम पूरी तरह से आदेश का पालन करते हैं। सीओ ने कहा कि बीते दिनों मैंने जो बात कही थी, वह दोनों धर्म के लोगों लिए बराबर बोली थी। मैं उसे दोबारा नहीं दोहराना चाहूंगा। अगर किसी को मेरा वक्तव्य गलत लगा तो हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाकर मुझे सजा करवा सकता है। हमारा यही उद्देश्य रहता है कि हम जहां रहें, वहां शांति व्यवस्था न बिगड़े। हम प्रशासनिक सेवा में हैं। हमारा दायित्व है कि हम अपनी जिम्मेदारी ढंग से निभाएं। चाहे मैं हूं या प्रशासन का कोई भी अधिकारी हो। वह नहीं चाहेंगे कि उनके इलाके कोई ● शेष पेज 11 पर

### डीसीपी के नेतृत्व में पुलिस टीम दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास पर पहुंची




नयी दिल्ली। नकदी मिलने के मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) के नेतृत्व में एक टीम बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर पहुंची। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस टीम उस स्थान का निरीक्षण करेगी जहां आग लगी थी और वह न्यायाधीश के आवास में काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ कर सकती है। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने 22 मार्च को आरोपों की आंतरिक जांच करने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की थी और घटना के सिलसिले में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय की जांच रिपोर्ट अपलोड करने का फैसला किया था। न्यायमूर्ति वर्मा ने आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि उनके या परिवार के किसी सदस्य ने स्टोररूम में कभी भी कोई नकदी नहीं रखी।

# सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर छापे मारे

एजेंसी



रायपुर/नयी दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर 6,000 करोड़ रुपये के महादेव ऐप घोटाले के सिलसिले में बुधवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ये छापे कांग्रेस की एक बैठक के लिए बघेल की नयी दिल्ली की प्रस्तावित यात्रा से पहले मारे गए हैं। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने बघेल से डरकर यह छापेमारी की है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की टीमों ने रायपुर और भिलाई में बघेल के आवास के साथ-साथ कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और पूर्व मुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी के आवासीय परिसरों पर भी छापे मारे। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से जांच का जिम्मा संभाला है। इससे पहले छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेता बघेल, ऐप के प्रमोटरों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल और 14 अन्य को अपनी प्राथमिकी में नामजद किया था। बघेल ने ईओडब्ल्यू की प्राथमिकी को ''राजनीति से प्रेरित'' करार दिया था। मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया है कि जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के कई शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता का पता चला है। ईडी का दावा है कि यह ऐप एक व्यापक सिंडिकेट है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों के लिए उपयोगकर्ताओं की आईडी बनाने और 'बेनामी' बैंक खातों के माध्यम से धन शोधन के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों की व्यवस्था करता है। ईडी ने पहले कहा था कि कथित घोटाले की अनुमानित राशि लगभग 6,000 करोड़ रुपये है। इस बीच बघेल के कार्यालय ने कहा है कि यह कार्रवाई बघेल के अगले महीने गुजरात में होने वाली एआईसीसी बैठक के लिए ड्राफ़्टिंग कमेटी की बैठक में शामिल होने दिल्ली जाने से पहले की गई है। उनके कार्यालय ने एक्स पर लिखा है, ''अब सीबीआई आई है। आगामी आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित ड्राफ़्टिंग कमेटी की मीटिंग के लिए आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, ''जब से भूपेश बघेल जी पंजाब के प्रभारी बने हैं भारतीय जनता पार्टी डर गई है। पहले उनके घर पर पहले ईडी भेजा गया आज उनके निवास पर सीबीआई आई है। यह भारतीय जनता पार्टी का डर दिखाता है। भारतीय जनता ● शेष पेज 11 पर

## 8 वर्षों ने उत्तर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, ये 8 वर्ष उत्कर्ष के वर्ष हैं : मुख्यमंत्री

# मुगलों से नहीं, छत्रपति शिवाजी महाराज से है आगरा की पहचान : योगी

एजेंसी

आगरा। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आगरा में आयोजित जनपदीय विकास उत्सव में बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया। इस दौरान सीएम योगी ने प्रदेश सरकर की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के तहत राज्य में हुए विकास कार्यों को जनता के सामने रखा। इस दौरान सीएम योगी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया, जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और 635 करोड़ रुपये की 128 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। कार्यक्रम में योगी सरकार के 8 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाने वाली ''एक झलक'' रिपोर्ट कार्ड डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आगरा की पहचान मुगलों से नहीं बल्कि ब्रजभूमि से है, वृंदावन बिहारी लाल और राधा रानी से है। आगरा की पहचान अगर किसी से है, तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज से है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी आगरा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान है ये किसी मुगलों से जुड़ी नहीं है। उन्होंने कहा कि आगरा का संबंध ब्रजभूमि से है, वृंदावन बिहारी लाल और राधा रानी से है। आगरा की पहचान अगर किसी से है, तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज से है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आगरा में एक म्यूजियम का निर्माण शुरू किया था और उसका नाम मुगल म्यूजियम रखा था। सीएम योगी ने इस पर सवाल उठाते हुए पूछा आखिर मुगलों का आगरा से क्या संबंध है? सीएम योगी ने कहा कि मेरी सरकार ने इस म्यूजियम का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर किया और इसके भव्य स्मारक के निर्माण की कार्ययोजना को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विरासत और विकास दोनों को प्राथमिकता दे रही है। हमने आगरा में पेठा और लेदर इंडस्ट्री को नई पहचान दी है, वहीं बटेश्वर को वैश्विक पटल पर लाने का काम भी डबल इंजन सरकार कर रही है।

सीएम योगी ने 2017 से पहले की सपा सरकार पर जमकर हमला बोला और उस दौर की अराजकता को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि जिनकी उम्र 25 साल से ऊपर है, उन्हें 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश याद होगा। उस समय अराजकता, गुंडागर्दी और माफियागिरी का बोलबाला था। नौजवानों के सामने पहचान का संकट था, अन्नदाता किसान आत्महत्या करने को मजबूर था, गरीब भूख से मरता था, व्यापारी और बेटियां असुरक्षित थीं। पर्व-त्योहारों से पहले लोगों के मन में डर रहता था कि कहीं दंगे न हो जाएं, कर्फ्यू न लग जाए। सीएम योगी ने कहा कि उस समय सड़कों पर गड्ढे, शाम होते ही अंधेरा और हर तीसरे दिन दंगों की खबरें उत्तर प्रदेश की पहचान बन गई थीं। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि यह पहचान का संकट खड़ा करने वाले वही लोग थे, जो आज झूठ का पुलिंदा लेकर अनर्गल प्रलाप करते हैं। सीएम योगी ने विपक्ष पर विकास कार्यों में बाधा डालने और दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कोविड काल का जिक्र करते हुए कहा कि जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ● शेष पेज 11 पर

- ❒ सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आगरा में जनपदीय विकास उत्सव में शामिल हुए सीएम योगी
- ❒ सीएम योगी ने आगरा में 635 करोड़ रुपये की 128 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- ❒ सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का किया सम्मान, गिनाई 8 वर्ष की उपलब्धियां
- ❒ 2017 से पहले का उत्तर प्रदेश में अराजकता, गुंडागर्दी और माफियागिरी का बोलबाला था- सीएम योगी



# अपनी रिपोर्ट अपने पास रखें

## भारत ने खारिज किए अमेरिकी पैनल के दावे

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव पर अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है और दो टूक लहजे में कहा है कि अमेरिकी पैनल यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट लोकतंत्र और सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की स्थिति को कमतर करने की एक कोशिश है, जो कभी सफल नहीं होगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ की नवीनतम रिपोर्ट पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित आंकलन जारी करने के अपने पुराने पैटर्न को दोहराती है।

विदेश मंत्रालय ने कड़े शब्दों में कहा कि लोकतंत्र और सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की स्थिति को कमजोर करने के अमेरिकी प्रयास सफल नहीं होंगे। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इसकी रिपोर्ट पर गौर करने की बजाय यूएससीआईआरएफ को ही चिंताजनक संस्था के रूप में नामित किया जाना चाहिए क्योंकि यह सहिष्णुता और सदभाव को कमजोर करता रहा है। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है, यूएससीआईआरएफ द्वारा अलग-अलग घटनाओं को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और भारत के जीवंत बहुसांस्कृतिक समाज पर संदेह जताने के लगातार प्रयास धार्मिक स्वतंत्रता के लिए वास्तविक चिंता के बजाय एक जानबूझकर किए गए एजेंडे को दर्शाते हैं। ऐसे में सही मायने में यूएससीआईआरएफ को ही चिंताजनक संस्था के रूप में नामित किया जाना चाहिए। बता दें कि अमेरिकी पैनल ने अपनी वार्षिक ● शेष पेज 11 पर

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : मुख्यमंत्री


कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। अपने नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के आठ सफल वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष समारोह में शामिल होने के लिए मंगलवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद बुधवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत, हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की शिकायत का प्रभावी निस्तारण कराया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निस्तारण कराएं। बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से बात कर उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट गिफ्ट करते हुए आशीर्वाद दिया।

# विधायक आवास पर हुआ नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनीनगर। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बुधवार को आशियाना स्थित आवास पर लखनऊ भाजपा के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष विजय मौर्या एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी का स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने विधान सभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं - पदाधिकारियों के साथ दोनों नव निर्वाचित अध्यक्षों का भव्य स्वागत किया। विधायक ने दोनों पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया और उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया की आज लखनऊ भाजपा के जिलाध्यक्ष विजय मौर्या ने बूथ अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष पद तक की यात्रा तय की है। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष ने पत्रिकारिता में एमए किया है, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मंडल उपाध्यक्ष से लेकर लगातार 2 बार महानगर अध्यक्ष पद को सुशोभित किया है। आनंद द्विवेदी ने एमएससी और बी एड की पढाई की है। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने लखनऊ को शिक्षित, समर्पित नेतृत्व प्रदान किया है। डॉ. सिंह ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इसी समर्पित नेतृत्व में लखनऊ भाजपा 2027 के निर्णायक चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करेगी।

इस दौरान पूर्व सांसद रीना चौधरी, रमा शंकर त्रिपाठी, राजेश सिंह, शंकरी सिंह, गंगा राम भारती, शिव शंकर अवस्थी, कर्नल दया शंकर दुबे, आशू शुक्ला, रेनू सिंह, राजेन्द्र सिंह 'राजू', सुरेश सिंह,ब्लॉक प्रमुख सुनील रावत,एवं बड़ी संख्या में अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# सभापति ने विभागीय योजनाओं एवं बजट व्यय की सूचनाओं के लिए की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सभापति वित्त एवं प्रशासनिक विलंब समिति विधान परिषद उत्तर प्रदेश श्री पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं बजट व्यय की सूचनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सभापति पवन कुमार सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समाज कल्याण अधिकारी को छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि के भुगतान और कृषि विभाग के अधिकारियों को सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गन्ना मिलों की जानकारी लेते हुए गन्ना किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर भी चर्चा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयों में छात्रों की संख्या अधिक से अधिक बढ़ाई जाए जिससे कि सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों को मिल सके। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाया जाए। इसी प्रकार सड़क,सिचाई, विद्युत,खाद्य, राशन वितरण से संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित दिया कि संचालित योजनाएं और कार्यक्रम ससमय पूर्ण कर लिया जाए। बैठक के उपरांत अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित भी किया।बैठक में सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल,अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# चुनौतियां और संभावनाओं पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बड़हलगंज में 'भारतीय वैश्विक परिषद,नई दिल्ली' द्वारा अनुदानित और राजनीति विज्ञान विभाग, नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बड़हलगंज द्वारा आयोजित 'वर्तमान समय में भारत-बांग्लादेश सम्बन्धः चुनौतियां और संभावनाएं' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संगोष्ठी का प्रारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। जागृति पटवा ने सरस्वती वंदना से समा बांध दिया। लवली शर्मा ने राष्ट्रीय गीत गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो.राकेश कुमार पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया और स्वागत उद्बोधन दिया। अतिथियों का माल्यार्पण के बाद अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेट किए गए। विषय का प्रवर्तन संगोष्ठी की आयोजन सचिव डॉ. पूजा नायक ने किया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी, पूर्व कुलपति,जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक ने अपने उद्बोधन में बताया कि संवेदनशीलता,पारम्परिकता, परिवर्तनशीलता,शांतिपूर्ण,सह अस्तित्व भारतीय विदेश नीति का मूल रही है। 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में 'पड़ोसी फर्स्ट' की अवधारणा उभर कर आई। यह बड़ी बात है। वर्तमान में बांग्लादेश में एक अंतरिम सरकार है,पर इस अंतरिम सरकार का कोई भविष्य नहीं है। धार्मिक कट्टरता, आतंकवाद,सीमा विवाद,शरणार्थी समस्या,आदि भारत के लिए चिंता की वजह है,क्योंकि कोई भी अस्थिर पड़ोसी राष्ट्र मजबूत राष्ट्र के लिए ठीक नहीं होता है। हम पड़ोसी को दुश्मन नहीं मानते। बांग्लादेश देश में उथल-पुथल के बाद भी भारत ऊर्जा आपूर्ति अबाध रूप से जारी रखा है। यह सहयोग की नीति है। हमें शीघ्रातिशीघ्र बांग्लादेश में लोकतंत्र की स्थापना के लिए प्रयास करना चाहिए और मैन टू मैन कंटेक्ट जरूरी है। कट्टरपंथ का कोई भविष्य नहीं होता। संगोष्ठी के दूसरे सारस्वत अतिथि डॉ. अनिल दत्त मिश्र ने कहा कि भारत की विदेश नीति नेहरू मॉडल से आज भी तनिक भी हटी नहीं है। विदेश नीति संस्कृति से चलती है और आर्थिक शक्ति आज के युग में निर्धारक है। यह भारत की लीडरशिप क्वालिटी ही थी, जिसने बांग्लादेश के जन्म महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एक अन्य वक्ता प्रो. रजनीकांत पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति आदर्श पर नहीं, यथार्थ की धरातल पर चलती है। अपनी विदेश नीति राष्ट्रीय हित के आधार पर निर्धारित की जाती है,भावनात्मक आधार पर नहीं। दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन को सही करने के लिए बांग्लादेश में लोकतंत्र की स्थापना अत्यंत जरूरी है। जहां कट्टरपंथ हावी होता है,वहां लोकतंत्र कमजोर होता है। वहां लोकतंत्र का कोई भविष्य नहीं होता है। इसलिए बांग्लादेश में लोकतंत्र की शीघ्र स्थापना की जानी चाहिए। भारतीय वैश्विक परिषद नई दिल्ली के प्रतिनिधि प्रो. ध्रुव ज्योति भट्टाचार्य ने भारत-बांग्लादेश के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि हमारी संस्कृति-सभ्यता एक है, इतिहास एक है। ऊर्जा आपूर्ति पर बांग्लादेश निर्भर है। हमें शीघ्र इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए। आभार ज्ञापन डॉ. परितोष त्रिपाठी ने किया तथा मंच का संचालन डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला ने किया।

## वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध मुस्लिम समुदाय ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**उन्नाव, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वक्फ संशोधन विधेयक 2023 के खिलाफ मुस्लिम समुदाय ने विरोध दर्ज कराया है। बुधवार को मौलाना फैज़ हसन साफ़वी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। बता दे कि प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि यह विधेयक अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का हनन करता है। वक्फ संपत्तियां सार्वजनिक कल्याण के लिए बनाई गई हैं। नए विधेयक से सरकार इन संपत्तियों पर हस्तक्षेप कर सकती है। इससे समुदाय में भारी असंतोष है। मौलाना फैज़ हसन साफ़वी ने कहा कि वक्फ संपत्तियां अल्पसंख्यक समुदाय की धरोहर हैं। विधेयक को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। ज्ञापन में तीन प्रमुख मांगें रखी गईं। पहली, विधेयक को तुरंत वापस लिया जाए। दूसरी, अल्पसंख्यक समुदाय से परामर्श कर समाधान निकाला जाए। तीसरी, वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। अगर विधेयक वापस नहीं लिया गया तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा। उन्नाव में भी बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन होगा। ज्ञापन सौंपते समय कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने किया भावविह्वल

**लालगंज,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बैसवारा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्चिसा महोत्सव में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जिसमें भाव गीत, स्वागत गीत, कजरी गीत पर मनमोहक नृत्य तथा हास्य नाटक व लोक गीतों से युक्त नृत्य प्रस्तुत कर विद्यालय की छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय में समस्त प्रतियोगी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर पुरूस्कृत किया गया। बीए व एमए की कक्षाओं में मेरिट पाने वाले मेधावियों को भी प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने पुरूस्कृत किया। वहीं एनसीसी कैडेट्स भी पुरूस्कृत किये गये। कार्यक्रम का संचालन व निर्देशन डा. पुशपावरनवाल ने किया।

## महावीर स्कूल में सत्र 2024 25 का परीक्षा फल वितरण व अभिभावकों को किया गया सम्मानित

**महराजगंज,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बा स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में सत्र 2024 25 का परीक्षा फल वितरण एवं मेधावी बच्चों तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया कालेज प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी मुख्य अतिथि समर बहादुर सिंह तथा अन्य गण मान्य अभिभावकों ने दीप प्रज्वलन माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य तथा कॉलेज पी आर ओ राजीव मिश्रा ने अतिथियों का सम्मान किया कक्षा 5 की बच्चियों ने कत्थक पर आधारित गुरु वंदना प्रस्तुत किया प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी देश के भावी कर्ण धार हैं देश का भविष्य इनकी मूल्यपरक शिक्षा पर निर्भर है जिस देश का विद्यार्थी सजग ,साहसी, सदाचारी, एवं सेवाभावी होता है निश्चित ही वह देश प्रगति करता है आज मुझे स्वामी विवेकानंद का वह कथन ''उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए'' दुनिया के सभी परिवर्तन युवाओं से उनके चिंतन से उनके उद्यम से होते हैं हमारे अभिभावक तथा शिक्षा संस्थाए बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कराये जिससे उनकी लक्ष्य संवेदना के साथ सार्थक मेहनत का परिणाम मिले ।

# प्रदर्शनी में लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण कर किया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय जनपदीय विकास उत्सव के अन्तर्गत मेले/प्रदर्शनी का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन जनपद के लिये शासन द्वारा नामित सभापति वित्त एवं प्राशसकीय विलम्ब समिति विधान परिषद उप्र पवन कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों द्वारा भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियानवित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक/प्रमाण पत्र आदि वितरित किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने व आस्था के महाकुंभ पर बनी लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। सभापति ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के विजन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वंचित को वरीयता का मूल मंत्र मानकर सरकार ने विगत 08 वर्षो में करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क आनज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ, 09 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःषुल्क आवास उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत हुई है। महिला सम्बन्धी अपराधों में संलिप्त अपराधियों को सजा दिलाने में उत्तर प्रदेश, देश में नम्बर एक राज्य है। आज गूगल पर एक्सप्रेस वें स्टेट सर्च करे, तो उत्तर प्रदेश का नाम सामने आता है। 6 एक्सप्रेस वे संचालित है 11 नये पर काम जारी है। एयर कनेक्टिविटी में आजादी के बाद से 2017 तक पूर्व मात्र 4 ऑपरेशनल एअरपोर्ट लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर एवं आगरा में थे। 08 वर्षो के बाद आज 16 एयरपोर्ट संचालित है। 05 अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर ने निवेशकों को आकर्षित किया तथा कम लागत और कम समय में उत्पादन की गारंटी भी दी। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में बिजली आना खबर बनती थी, आज बिजली जाना अखबार में छपता है। औद्योगिक विकास निवेश के रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रासफॉर्म का मंत्र, 33 सेक्टोरल पॉलिसीज लागू, सिग्ल विडो सिस्टम निवेश सारथी पोर्टल बनाया गया है। कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है संसाधन बेहतर किये गये है जिसके फलस्वरूप निवेषकों को भरोसा लौटा है। आयुषमान कार्ड बनाने के मामले में उत्तर प्रदेष देश में प्रथम स्थान पर है। सभापति ने कहा कि महाकुम्भ 2025 अमृकाल में आयोजित यह महोत्सव, अर्थव्यवस्था के लिये भी अमृत सिद्ध हुआ है। महाकुंभ से सामाजिक मजबूती तो मिली ही है, लोगों का आर्थिक सशक्तिकरण भी हुआ है। उत्तर प्रदेश वही है लेकिन बीते 08 वर्षों परसेप्शन पूरी तरह से बदल चुका है। सुरक्षा, सुशासन, समृद्धि और सनातन संस्कृतिक के क्षेत्र में जो पहचान बनी है उसका एहसास उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा भारत कर रहा है।

## खाटू श्याम जागरण में रात भर झूमते रहे श्रद्धालु

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत घघसरा बाजार पुलिस चौकी के बगल में मंगलवार रात को खाटू श्याम जागरण का भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन में विधानसभा व नगर पंचायत घघसरा कस्बा के गणमान्य लोग सहित क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाएं सभी खाटू श्याम के भजनों पर झूमते नजर आए।गायक कलाकारों ने श्याम जी के भक्ति भरे गीतों और भजनों के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु रातभर भक्ति रस में डूबे रहे और भगवान श्याम के गुणगान में लीन हो गए।आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय श्याम के लाडले परिवार समिति की अहम भूमिका रही। समिति के युवा सदस्यों ने पूरे कार्यक्रम को कुशलता से संचालित किया। कार्यक्रम स्थल पर भगवान श्याम की मनमोहक झांकी भी सजाई गई, जिसे श्रद्धालुओं ने अपार श्रद्धा के साथ निहारा।इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था में पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम जागरण की भव्यता और धार्मिक आयोजन की सफलता की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## सेवा, सुरक्षा,सुशासन कार्यशाला का समापन

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खजनी विकास खंड मुख्यालय में देश के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की जनप्रिय लोककल्याणकारी सरकार के 8 वर्षों के सफलतम कार्यकाल के पूर्ण होने पर विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला जो संयुक्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक पूर्व मंत्री आदरणीय श्रीराम चौहान एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खजनी ब्लाक प्रमुख अंशु सिंह उपस्थित रहीं ।

# मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज की ओर से मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता राजकीय महिला इण्टर कॉलेज प्रयागराज मे बुधवार को आयोजित की गई। जिसमें मंडल के चार जिले प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़ से कुल 60 प्रतियोगी प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में सरदार पटेल इंटर कालेज सिकरो प्रयागराज की चार छात्राएं वर्षा सिंह, रिया सिंह, साक्षी प्रजापति, सिप्रा सिंह ने प्रतिभाग कर प्रथम पांच में स्थान प्राप्त कर राज्य के लिए चयनित हुई। जिससे विद्यालय परिवार बहुत हर्षित और गौरवान्वित है, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह, उप प्रधानाचार्य मनोज भारती, अभयराज सिंह, गुलाब शंकर मिश्रा, यदुवीर सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, संजय सिंह, कृपा शंकर सिंह समर सिंह, राजाराम प्रजापति, रामराज सिंह, गया प्रसाद यादव, अनिल कुमार सिंह, सत्यदेव कुशवाहा आदि शिक्षको ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# योगी सरकार में महिलाएं बनी आत्मनिर्भर और स्वावलंबी : मुकेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनी हैं। महिलाएं जहां में चूल्हा चौका और घूंघट में ही सीमित रहती थी वही योगी सरकार में वे खुद आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनकर देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित समूहों ने ग्रामीण महिलाओं की जीवन दशा में बुनियादी परिवर्तन लाए हैं। आज समूहों से अर्जित पैसों से महिलाएं समाज और परिवार में एक सम्मानित जीवन जी रही हैं। यह बातें ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल ने भारत सरकार के 10000 एफ़पीओ योजनांतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित एवं ट्रांसफार्म रूरल इंडिया,देहात के तकनीकी सहयोग से क्रियानवित मां विंध्यवासिनी प्रेरणा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के नए कृषि इनपुट विक्रय केंद्र के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। माँ विंध्यवासिनी प्रेरणा प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा देहात कंपनी से पिछले वर्ष अनुबंध किया गया था जिसके पश्चात कृषि इनपुट विक्रय केंद्र की स्थापना की गयी।कार्यक्रम के इनपुट बिक्रय केंद्र का उद्घटान ब्लॉक प्रमुख श्री माननीय मुकेश कोल एवं सहायक विकास अधिकारी रामेश्वर सिंह की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह कंपनी के विषय में उसके शेयरधारकों का महत्व एवं अन्य एफपीओ से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया से आए महफूज जी क्क्ष्म के आगे की कार्य योजना एवं लक्ष्य जिसमें प्रसंस्करण से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी अवगत कराई।कार्यक्रम का समापन पौधरोपण कर एवम नए वित्तीय वर्ष में नई ऊर्जा से कार्य करने हेतु लिए गए संकल्प के साथ हुआ। इस दौरान ब्लॉक मिशन प्रबंधक आत्म प्रकाश विवेक कुमार टी आर आई के राज्य स्तरीय टीम से मोहम्मद महफूज सुरेंद्र कुमार हिमांशु कुमार प्रीतम इरफान उत्कर्ष अनूप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–प्रथम/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ सिंगल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे पर लखनऊ मंडल के बाराबंकी–अकबरपुर (161 किमी) के दोहरीकरण के संबंध में अयोध्या धाम–अयोध्या कैंट खंड के बीच मौजूदा पुल संख्या 300, 301, 302 और 303 को आरसीसी बॉक्स द्वारा प्रतिस्थापित का कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 417.28 लाख |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 3,58,700.00 |
| 5 | ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनाँक 23.04.2025 को 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनॉक 23.04.2025 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2025 से आई.आर.ई.पी.एस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 09.04.2025 से 23.04.2025 तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। |

**संख्याः– 250-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-अयोध्या/लखनऊ दिनॉक 26.03.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 936/25

# सर्राफा व्यापारी की हत्या और लूट का सनसनीखेज खुलासा, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में हुए सर्राफा व्यापारी रूपनारायण सोनी की हत्या और लूटपाट के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पश्चिमी जोन की क्राइम टीम और दुबग्गा पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से 143 ग्राम सोने और 5.208 किलो चांदी के आभूषण, हत्या में प्रयुक्त ईंट और वारदात में इस्तेमाल की गई एम्बुलेंस बरामद की गई है। इस घटना में शामिल दो महिला बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया गया है।

घटना 19 मार्च 2025 की है, जब सीते विहार कॉलोनी, थाना दुबग्गा स्थित पवन ज्वैलर्स के मालिक रूपनारायण सोनी की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद अपराधियों ने शव को एम्बुलेंस में डालकर मड़ियांव थाना क्षेत्र के घैला पुल के पास फेंक दिया और फिर दुकान से लाखों के आभूषण लूट लिए। व्यापारी के लापता होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, तो तीन संदिग्धों की पहचान हुई।



पुलिस ने शक के आधार पर 26 मार्च 2025 को तीनों संदिग्धों को हिरासत में लिया और जब उनसे सख्ती से पूछताछ की गई, तो उन्होंने हत्या और लूट की वारदात को कबूल कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों में गोलू पुत्र महावीर (20 वर्ष), विनय कुमार उर्फ छोटू पुत्र महावीर (19 वर्ष) और हंसराज पुत्र बलराम (20 वर्ष) शामिल हैं। तीनों आरोपी ठाकुरगंज, लखनऊ में किराए पर रह रहे थे, जबकि गोलू और विनय मूल रूप से अतरौली, हरदोई के रहने वाले हैं और हंसराज मसीढ़ा, माल, लखनऊ का निवासी है।

पूछताछ में पता चला कि हत्या की वजह व्यापारी द्वारा की गई अवैध संबंध बनाने की मांग थी। दरअसल, गोलू और विनय की मौसेरी बहन (महिला बाल अपचारी) ने व्यापारी से ब्याज पर उधार लिया था। जब वह समय पर पैसा नहीं लौटा सकी, तो व्यापारी ने उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालना शुरू कर दिया। यह बात जब गोलू और विनय को पता चली, तो उन्होंने अपने साथी हंसराज के साथ मिलकर व्यापारी की हत्या की साजिश रची।

वारदात वाले दिन तीनों आरोपी दुकान पहुंचे और व्यापारी पर ईंट से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को एम्बुलेंस में डालकर घैला पुल के पास फेंक दिया और दुकान से लाखों के गहने लेकर फरार हो गए। जब व्यापारी लापता हुआ तो



पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 143 ग्राम सोने और 5.208 किलो चांदी के आभूषण, हत्या में प्रयुक्त ईंट और वारदात में इस्तेमाल की गई एम्बुलेंस बरामद कर ली है। इस मामले में शामिल दो महिला बाल अपचारियों को संरक्षण में लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ 305ए बीएनएस, 103 (1)/238ए बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पश्चिमी जोन के पुलिस उपायुक्त के निर्देशन और अपर पुलिस उपायुक्त के पर्यवेक्षण में इस मामले की जांच की गई। थाना दुबग्गा पुलिस और सर्विलांस सेल पश्चिमी जोन की टीम ने मिलकर इस अपराध का खुलासा किया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि लूटे गए आभूषण कहां और कैसे बेचे गए।

# आम की फसल के साथ ही लीची की फसल भी लगी लहराने

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ।इस बार भी आम की फसल जहां अच्छी है,तो वही आम के सीजन में होने वाली लीची की भी फसल अच्छी होती नजर आ रही है।आम की बौर में जहां टिकोरे लगने लगीं हैं।तो वही लीची का बौर भी फूलने लगा है।लीची के पेड़ों में अच्छा बौर देख कर इसकी खेती करने वाले किसानों के चेहरे खिले हुए हैं।विशेषज्ञों ने किसानों को फसल को कीटों से बचाने की सलाह देते हुए कहा कि बिना विशेषज्ञों की सलाह लिए बगैर कीटनाशक का प्रयोग ना करें।लीची के लिए मौसम अनुकूल नहीं बन पा रहा है।मौसम में आ रहे बदलाव व तापमान में उतार-चढ़ाव से बौर में मधुआ कीट के साथ सूखने का भी खतरा बढ़ गया है।फसल को प्रतिकूल मौसम और कीटों से बचाने के लिए किसानों को सतर्क रहना होगा।मार्च में लीची के पेड़ों में बौर आ जाता हैं।अप्रैल माह में बौर में फूल और उसके बाद उसमें फल आ जाते है।बौर की अवधि में न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान



28 डिग्री सेल्सियस तक अनुकूल माना जाता है।इस बार तापमान में सामान्य से अधिक उतार-चढ़ाव से लीची के बौर को सूखने का डर भी लोगों का सता रहा है।झड़ने व मुधआ बीमारी से ग्रसित होने का खतरा बढ़ गया है।रह्मानखेड़ा बागवानी उपोष्ण संस्थान के विशेषज्ञों ने बताया कि आम व लीची में बेहतर फल लिए मौसम व तापमान का अनुकूल होना जरूरी है।तापमान में औसतन एक डिग्री सेल्सियस तक का ही उतार-चढ़ाव होना चाहिए।सुबह में सर्दी,दोपहर में कभी बादल तो कभी तेज धूप फसल के लिए विषम वातावरण होते हैं।लीची का बौर बचाने के लिए किसान चाहें तो कापर आक्सीक्लाएड अथवा सल्फर का छिड़काव कर सकते हैं।मधुआ रोग से बचाव के लिए टीनिडा या एसीफैट का छिड़काव विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार कर सकते हैं।बौर की अवधि में खाद-पानी डालना उचित नही माना जाता है।आम की फसल की ही तरह इस बार लीची में भी बौर अधिक आया हैं।अधिक बौर के बावजूद अधिक उत्पादन लेने के प्रति किसानों को अधिक से अधिक सजग रहने की जरूरत है।बौर की अवधि में पौधे में खाद व पानी नहीं देना चाहिए।

# रेलवे ट्रैक पर मिला कटा हुआ युवक का शव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुरसेनी गांव के नहर पुल के पास बुधवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक पर दो भागों में कटा पड़ा मिला स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरसेनी गांव की नहर पुल के पास रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह एक युवक का शव छत विक्षत हालत में रेलवे ट्रैक पर दो धड़ों में कटा पड़ा मिला जिसकी सूचना स्टेशन मास्टर ने स्थानीय पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर पड़े शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त का प्रयास आस पास के ग्रामीणों से किया वहीं कुछ दूरी पर खड़ी बाइक यू पी 32 पी क्यू 4469 के नंबर आधार पर



जानकारी पुलिस ने परिजनों को दी जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों व उसकी पत्नी ने युवक की पहचान जानकीपुरम निवासी सुशील कुमार 27 वर्ष पुत्र सोनेलाल बताया।

इंस्पेक्टर मोहनलालगंज अमर सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर मिले शव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर बाइक के नंबर के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा युवक की पहचान सुशील कुमार के रूप में की गई है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# 8 साल बेमिसाल यूपी में महिला शसक्तीकरण को मिली नई उड़ान विधायक अमरेश कुमार रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज । ब्लॉक में आयोजित हुआ उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन नीति के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज की 8 वर्षों की उपलब्धियां दिनांक 26 मार्च वि, खा सभागार मोहनलालगंज लखनऊ कार्यक्रम के माध्यम से एक ऐसा वातावरण तैयार किया गया है, जहां लड़कियों का जन्म खुशी और गर्व का विषय बने। वहीं, लिंगानुपात यानी प्रति एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या बढ़ी है। शहरी क्षेत्र में जहां यह प्रति 1000 पुरुष पर 985 महिलाएं हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का लिंगानुपात 1000 पुरुषों के मुकाबले 1037 है। यानी प्रदेश की महिलाओं की संख्या प्रति हजार पुरुष के सापेक्ष बढ़कर 1020 हो गई है। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के सख्त उपाय और परिवार नियोजन के प्रति बढ़ी जागरूकता का यह नतीजा है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में अभूतपूर्व गिरावट ।महिला और शिशु स्वास्थ्य की दिशा में किए गए प्रयासों के चलते प्रदेश में मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और नवजात मृत्यु दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार द्वारा चलाई गई प्रधानमंत्री





मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, मिशन इंद्रधनुष और विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों ने गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के जीवन को सुरक्षित बनाया है। योगी सरकार ने अत्यंत गरीब और कुपोषण से ग्रसित महिलाओं और बच्चों के लिए अनुपूरक पुष्टाहार योजना के तहत दो लाख से अधिक लाभार्थियों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया है। खासकर गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए इस योजना ने पोषण स्तर में सुधार लाकर उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाया, वहीं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजना के अंतर्गत प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जिलों के 2 लाख 10 हजार से अधिक किशोरी बालिकाओं को चिन्हित कर उनका सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा विधायक अमरेश कुमार, द्वियद रामचंद्र प्रधान,खण्ड विकास अधिकारी, एसडीएम एसीपी ,इंस्पेक्टर , चौकी इंचार्ज अनूप सिंह, मण्डल महामंत्री अंजनी शुक्ला, किसान मोर्चा अध्यक्ष अभय सिंह सहित तमाम पदाधिकारी व अधिकारी सहित लोग मौजूद रहे। मोहनलालगंज विकास खंड में आयोजित कार्यक्रम की खामियों की हो रही चर्चा। बैठने की व्यवस्था न हो से नाराज होकर वापस लौटें विशिष्ट अतिथि और कई प्रधान, बीडीओ की संवेदनहीनता आई सामने ।

# लूट के इरादे से घर में घुसे पड़ोसी ने महिला पर किया जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज, लखनऊ। कोतवाली क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नशे का आदी एक युवक, सोनू (24), लूट के इरादे से पड़ोस में रहने वाली महिला के घर में घुस आया और विरोध करने पर उसने महिला के चेहरे पर चाकू से कई वार कर दिए। घटना भूहर चौकी क्षेत्र के होरी लाल मंदिर के पास की है। पीड़ित 25 वर्षीय महिला की शादी महज पांच महीने पहले हुई थी। उसका पति डालीगंज स्थित एक निजी अस्पताल में कार्यरत है और रोज की तरह काम पर गया हुआ था। इसी दौरान आरोपी सोनू, जो नशे का आदी बताया जा रहा है, घर के पीछे से घुस आया। लूटपाट की नीयत से आए आरोपी का महिला से विवाद हो गया। जब महिला ने विरोध किया, तो वह बौखला गया और चाकू से उसके चेहरे पर कई वार कर दिए। हमले के बाद महिला लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। महिला की चीख-पुकार सुनकर



पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची ठाकुरगंज पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महिला को एरा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। ठाकुरगंज के भूहर चौकी प्रभारी शुभम त्यागी ने बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच हो रही है।

# योगी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता से किया साझा, आयोजित हुआ कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार में योगी सरकार के 8 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश में इसको उत्सव के रूप में मना रही है।विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनमानस तक पहुंच रही है।वही बुधवार को बख्शी का तालाब में एक निजी होटल में प्रेसवार्ता आयोजित हुई।इस मौक़े पर बीजेपी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्या व बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार के आठ वर्ष सेवा,सुरक्षा और सुशासन की नीति के रूप में पूर्ण होने पर उत्सव के रूप में मना रही है,प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम),मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,मुख्यमंत्री आवास



योजना,दिव्यांगजन सशक्तिकरण,आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्रदेश के सभी पात्र लोग ले रहे।उन्होंने बताया कि राज्य की कृषि विकास दर साढ़े तेरह प्रतिशत से अधिक हो गई है,जीडीपी में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।किसानों के करोड़ों रुपए के क़र्ज माफ़ किए गए,पूरे प्रदेश में अच्छे सुगम आवागमन के लिए हर गावों में पक्की सड़कें बनाई गई।पूरे प्रदेश में 2017 के बाद से हर घर में बिजली पहुंची है।सरकार ज़ीरो टॉलरेस नीति पर कार्य कर रही है,जिसका परिणाम यह है कि बिचौलियों पर लगाम लगी और सभी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को मिल रहा है,2017के पहले योजनाएं सिर्फ़ नेताओं के दोस्त,रिश्तेदार,ठेकेदार उठाते थे,गरीब पात्र लोगों तक ये योजनाएं नही पहुंच पाती थी।पहले माफियाओं का बोल बाला था,डकैती,लूट,घोटाला चरम पर था लेकिन जब से देश में मोदी जी की और उत्तरप्रदेश में योगी जी की सरकार आई है,अपराध पर पूरी तरह लगाम लगा है और अपराधियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों को विकास की ओर ले जाने का काम किया है किसानों,युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों का ध्यान भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार ने रखा है।वही बीकेटी ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीकेटी विधायक ने सरकार की उपलब्धियों को जनता से साझा किया,इस मौक़े पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को आवास की चाभी सौंपा,राष्ट्रीय ग्रामीण जीविकोपार्जन मिशन के तहत क्षेत्र की सद्भावना स्वयं सहायता समूह भरिगहना में फोटोकॉपी एवं स्टेशनरी दुकान का वर्चुअल उद्घाटन किया गया।जीरो प्रापर्टी के लाभार्थियों को राशन कार्ड एवं आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया।इस मौक़े पर जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा कामता प्रसाद रावत,मंडल अध्यक्ष बीकेटी संदीप यादव,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह,सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी/कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। इलाके के कटी बगिया में स्थित एक जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार शाम एक पक्ष ने लाव लस्कर के साथ मौके पर पहुंचकर दूसरे पक्ष को जमकर पीटा आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित की लाइसेंसी पिस्टल व सोने की दो चैन भी लूट ली और गाली देने के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। कस्बे के निवासी विकास पटेल पुत्र राकेश के अनुसार मंगलवार शाम 6:15 बजे वह जब अपने घर पर मौजूद थे तभी अचानक अखिलेश सिंह चौहान, अंकुर सिंह चौहान, सतीश सिंह चौहान, प्रिंस सिंह चौहान पुत्रगण लालता सिंह निवासीगण पहाड़पुर थाना बंथरा एवं सुजीत यादव निवासी गुड़ियाधर जिला उन्नाव, अभिषेक यादव निवासी हाइडिल लखनऊ व विकास सिंह चौहान, हिमांशु, आनंद, अनुराग सिंह निवासीगण पहाड़पुर आशुतोष सिंह निवासी सरांय शहजादी लखनऊ एवं 25 से 30 अज्ञात व्यक्तियों के साथ लाठी डंडों व असलहे से लैस होकर एक जेसीबी लेकर उनके घर के बगल पेट्रोल पंप पर आ पहुंचे क्योंकि बीती 18 मार्च को तत्कालीन उप जिलाधिकारी सरोजिनी नगर के आदेश पर लेखपाल अमरेश रावत ने पेट्रोल पंप के सामने पड़ी बंजर भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटवा कर भूमि को खाली करवाया था। जब उन्होंने उक्त व्यक्तियों को यह कहकर कि उपरोक्त पेट्रोल पंप पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया है विरोध किया तो उक्त सभी व्यक्ति उग्र हो गए और मुझे व मेरे भाई दीपक पटेल तथा मेरे पिता राकेश कुमार को मारने पीटने लगे इस दौरान अखिलेश सिंह चौहान ने प्रार्थी के भाई दीपक पटेल की कमर में लगी लाइसेंसी पिस्टल लूट लिया तथा सतीश सिंह चौहान ने गले की चैन लूट ली तथा अंकुश चौहान ने विकास पटेल की सोने की चैन छीन ली। उपरोक्त व्यक्तियों के अधिक संख्या में होने के कारण हम लोग अपना बचाव भी नहीं कर सके जिससे उपरोक्त सभी व्यक्तियों ने एकजुट होकर मुझे मेरे भाई व पिता को लाठी डंडों व धारदार हथियारों से काफी मारा पीटा जिससे भाई व पिता को काफी चोट आई। बाद में उपरोक्त व्यक्तियों ने मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित के अनुसार इस घटना से उसका पूरा परिवार डरा सहमा व भयभीत है। पीड़ित के अनुसार उपरोक्त सभी व्यक्ति अपराधी प्रवृत्ति के हैं जिनके ऊपर लूट, डकैती, चोरी ,गैंगस्टर समेत दर्जनों संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर बंथरा पुलिस में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अपनी छान बीन कर रही है।

# नगराम में चल रही शिव महापुराण कथा में दिखाया शिव विवाह का प्रसंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के कस्बा स्थित कटरा टोला में सात दिवसीय महा शिव पुराण कथा जारी है, कथा के श्रवण करने आस पास के गांवों से भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष उमड़ रहे हैं। मंगलवार को कथा के पांचवें दिन कथा वाचक अवधेश नन्दन मिश्र (अनुभवी जी महाराज) ने शिव विवाह की कथा सुनाई उन्होंने कहा कि मां शब्द विभिन्न जगहों पर आपको मिल जायेगा जैसे आत्मा, धर्मात्मा, परमात्मा है तत्पश्चात उन्होंने कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए हैं । बावजूद शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया, कथा वाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी और मां पार्वती का वाहन शेर गणेश जी का मूषक एवं कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना शिव पुराण सिखाता है, उन्होंने भगवान शिव के विवाह का वर्णन करते हुए कहा



कि मैना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती जन्म लेकर शिव जी की घोर तपस्या किया। उसी के दौरान तारकासुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का तंद्रा भंग हुई। तब जाकर शिव पार्वती का विवाह हुआ । इस दौरान सुंदर झांकियां सजाई गई जिसमें शिव विवाह , पार्वती जी का मंडप पर आना , जयमाल समेत भंवरी घूमने तक का सजीव वर्णन सुंदर झाकियों के साथ दिखाया गया सुंदर-सुंदर झाकियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इसी बीच नैमिषारण्य के कथा वाचक के साथ पधारे बाल व्यास (श्याम जी) ने अपने मुख से सुनाया "बम बम बोल रहा है काशी" हर हर महादेव के जयकारे से पंडाल गूंज उठा बाल व्यास की मधुर आवाज़ सुन श्रोता झूम उठे। साथ में पंडित शिवाकांत शुक्ला (भारद्वाज जी) ने अपनी प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।सुंदर झाकियों के साथ देर शिव विवाह सम्पन्न हुआ तत्पश्चात कथा के आयोजक अवधेश गुप्ता समेत सज्जन कश्यप, शुशील गुप्ता, डॉ रमेश, मुन्ना गुप्ता, रामप्रसाद , शिवप्रसाद, रामेश्वर, माता प्रसाद , राम आधार, राजू गुप्ता , पिंटू , सुरेंद्र , अशोक, विनय समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं कथा व्यास के समीप पहुंच कर पूजा अर्चना किया।

# भारतीय जन सेवा समिति ने आयोजित किया भव्य होली मिलन समारोह, राधा कृष्ण की झांकी के साथ खेली फूलों की होली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भारतीय जन सेवा समिति के द्वारा बुधवार को राजाजीपुरम के ई ब्लाक स्थित एक निजी स्कूल में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला, नेता संदीप बंसल, भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव व एसकेडी एकेडमी के डिप्टी डायरेक्टर डीके सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान राधा कृष्ण की झांकी के साथ साथ फूलों की होली खेली गई। जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस मौके पर आनंद द्विवेदी को दूसरी बार लखनऊ महानगर अध्यक्ष बनने पर उनका भव्य स्वागत व सम्मान भी किया गया। होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरें को गुलाल लगाकर,



गले मिलकर व गुझिया खिलाकर एक दूसरें को शुभकामनाएं दी। समारोह में प्रकाश मिश्रा, सुनील कुमार मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, अजय त्रिपाठी मुन्ना, बीनू शुक्ला, प्रेम तिवारी, अविनाश दीक्षित हनी, अखिलेश जायसवाल, यू एन पांडे अरविंद मिश्रा सोमेंद्र पांडेय, सुरेश छबलानी, माधुरी शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, अजय दीक्षित, शिवपाल सांवरिया, राजीव कृष्ण त्रिपाठी, संतोष राय, नागेंद्र सिंह व जितेंद्र उपाध्याय समेत अन्य मौजूद रहे।

# पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । कृषि विज्ञान केंद्र-कटिया, सीतापुर द्वारा पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों एवं छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि डॉ0 ए0पी0 श्रीवास्तव, पूर्व निदेशक, कृषि, उत्तर प्रदेश शासन रहे। डॉ0 श्रीवास्तव ने पौधा किस्मों के संरक्षण, किसानों के अधिकारों, नवीन कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक कृषकों अपने अधिकारों को समझना होगा एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों के सदैव सम्पर्क में बने रहना होगा तभी किसान अधिक सशक्त होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो0 के0एन0 तिवारी, पूर्व विभागाध्यक्ष, मृदा विज्ञान, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त गुणवत्तापूर्ण बीजों पर पहला अधिकार किसानो का है, जिसने उसे अपनी मेहनत एवं समर्पण से सजोकर रखा है। प्रो0 तिवारी ने मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की महत्ता बताते हुए कहा कि मृदा स्वास्थ्य और पौध किस्मों का गहरा संबंध है। देसी बीज न केवल पोषण से भरपूर हैं, बल्कि ये स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ढल जाते हैं। पी.पी.वी.एफ.आर. किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में सहायक है। हमें जैविक खेती और बीज संरक्षण को बढ़ावा देना चाहिए। मैं इस कार्यशाला को एक सार्थक पहल मानता हूँ और सभी किसान भाइयों से इन जानकारियों का लाभ उठाने की अपील करता हूँ। कार्यक्रम



में विशिष्ट अतिथि प्रो0 सबा सिद्दीकी, विभागाध्यक्ष, इंस्टीट्यूट आफ एग्रीकल्चरल साइसेज एवं टेक्नोलॉजी, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने कृषि के विद्यार्थियों को किसानों के साथ मिलकर परंपरागत बीजो के अधिक से अधिक सरंक्षण पर जोर देने हेतु प्रेरित किया। डॉ0 राकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र, लखीमपुर खीरी ने किसान को पौध प्रजातियों के गुण पहचान व विशेषता आधारित जानकारियो को केन्द्र के वैज्ञानिकों से साझा करने हेतु कहा। डॉ0 रूपन रघुवंशी, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र, बाराबंकी नें सीतापुर के महिला किसानों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद की महिलाएं बीज सरंक्षण मे काफी योगदान दे रही है यह कृषि के लिए एक सुखद संकेत है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र हरदोई-2 के वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता, डॉ0 ए0के0 त्रिपाठी, प्राचार्य, श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, सीतापुर, श्री हरिनाम सिंह, मुख्य समन्वयक, श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, श्रीमती रेनू मेहलोत्रा, अध्यक्ष, इनर व्हील क्लब, सीतापर, तथा डॉ0 ए0एस0 यादव, सह प्राध्यापक, डॉ0 आयुष भूषण एवं डॉ0 नितीश कुमार, सहायक प्राध्यापक, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी ने अपने विचार साझा किए। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ0 दया0एस0 श्रीवास्तव ने किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्नत बीजों के उपयोग पर जोर दिया उन्होंने कहा कि आज किसानों के अधिकारों और पौध किस्म संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण (पी.पी.वी.एफ.आर.ए.) किसानों को उनकी पारंपरिक फसल किस्मों का पंजीकरण कराकर उन्हें वैधानिक सुरक्षा प्रदान करता है। हमें देसी बीजों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि ये जलवायु अनुकूलन में सक्षम हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 आनंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ0 शिशिरकान्त, सचिन प्रताप तोमर, डॉ0 रीमा देवी, डॉ0 योगेंद्र प्रताप सिंह एवं अतिथियों ने किसानों को बीज संरक्षण से जुड़ी आधुनिक जानकारियाँ प्रदान कीं। कार्यशाला में स्थानीय किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपने देसी बीज संग्रह कर स्टॉल लगाकर उन्हें प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने इन स्टॉल्स का अवलोकन किया और किसानों से उनकी पारंपरिक किस्मों के बारे में चर्चा की। तथा उत्कृष्ट कृषको को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रसार वैज्ञानिक शैलेन्द्र सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र की उपलब्धियों जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र लगातार किसानों को पी.पी.वी.एफ.आर. के तहत बीजों के पंजीकरण, नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ रहा है। आज इस कार्यशाला में किसानों ने अपने पारंपरिक बीजों की प्रदर्शनी लगाई, जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की। हमारा लक्ष्य किसानों को जागरूक करके कृषि विविधता बनाए रखना है। इस कार्यक्रम में कुल 208 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## सम्भगीय परिवहन अधिकारी, लखनऊ द्वारा उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय सीतापुर का किया गया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर ब्यूरो । आज दिनांक 26.03.2025 को सम्भगीय परिवहन अधिकारी, लखनऊ संजय कुमार तिवारी द्वारा उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय सीतापुर का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा समस्त अनुभागों का निरीक्षण किया गया तथा कार्यालय प्रांगण की साफ-सफाई का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्भागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ द्वारा समस्त पटल सहायकों को निर्देशित किया गया कि वह पांच वर्ष से कम के बकाये में निहित वाहनों के स्वामियों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर/घर-घर जा कर प्रत्येक सहायक रू0 5 लाख बकाया कर वसूल करना सुनिश्चित करेगा।

इसके अतिरिक्त उनके द्वारा जनपद में नवनिर्मित ऑटोमैटिक ड्रविंग ट्रेनिंग इन्शिसट्रॅट का भी निरीक्षण करते हुए ट्रेनिंग इंसी के मालिक को जल्द से जल्द ट्रेनिंग इन्सिट्यूट चालू करने की हिदायत दी गयी एवं उनके मानक एवं निर्माण की गणवत्ता की भी जांच की गयी जो कि संतोष जनक पायी गयी ।

# कड़ी मेहनत लाई रंग मां-बाप के साथ स्कूल व क्षेत्र का नाम किया रोशन

**छात्रा साक्षी राज पुत्री रामस्वरूप निवासी चंदेहरा ने अपनी मेहनत के दम पर कक्षा 8 में नवोदय की परीक्षा में किया टॉप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर-सीतापुर । प्राप्त जानकारी के अनुसार कमलापुर थाना क्षेत्र की रहने वाली छात्रा साक्षी राज पुत्री रामस्वरूप निवासी चंदेहरा ने अपनी मेहनत के दम पर कक्षा 8 में नवोदय की परीक्षा में टॉप किया है साक्षी कमलापुर के कुंवर सत्येंद्र सिंह एस वी वी एम कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा है साक्षी व उनके माता-पिता का कहना है की स्कूल में सभी अध्यापक बड़ी ही लगन से सभी विद्यार्थियों को पढ़ते हैं उसी का परिणाम है कि हमने नवोदय की परीक्षा में टॉप किया है स्कूल के प्रधानाध्यापक नीरज त्रिपाठी ने बताया कि जिले में सिर्फ दो ही छात्रों ने नवोदय की परीक्षा में टॉप किया है जिसमें हमारे विद्यालय की छात्र साक्षी राज है



उसकी इस मेहनत लगन से दूसरे बच्चों में भी आगे बढ़ने का हौसला रहेगा पूरे स्कूल प्रशासन ने छात्रा साक्षी को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं आशीर्वाद दिया

# कमला इंटर कॉलेज के चार छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय के चयन में प्रथम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

झरेखापुर सीतापुर।बुधवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन प्रक्रिया का परिणाम जारी हो गया है।कमला शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज झरेखापुर कॉलेज के चार छात्रों का प्रथम वरीयता सूची में चयन हुआ है।जिसमें से कक्षा पांच के तीन छात्र अनुपम, आयुषी राज, अनुभव सोलंकी तथा कक्षा 8 की छात्रा आकांक्षा सोलंकी सहित चारों





छात्रों का प्रथम वरीयता सूची में नाम सम्मिलित हुआ है।कॉलेज के प्रबंधक अमित पाण्डेय राजन ने बताया कि कॉलेज के चार छात्र जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रथम वरीयता सूची में चयनित हुए है।विद्यालय के अध्यापकों की मेहनत व अभिभावकों के सहयोग से छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय परिवार सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## ईद के पर्व को लेकर कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की हुई बैठक

लहरपुर सीतापुर । आपको बताते चले ईद क्रेपर्व को लेकर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर बुधवार को कोतवाली लहरपुर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकार सुशील कुमार यादव के द्वारा की गई इस दौरान सभी से अपील की गई कि व अफवाहों से बचें और आपसी भाईचारा बनाए रखें उन्होंने एक दूसरे का सहयोग करने व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया क्षेत्राधिकार सुशील कुमार यादव ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से बचने और अफवाहों पर ध्यान न देने की हिदायत दी उन्होंने सभी से एक दूसरे का सहयोग बनाये रखने और शांति पूर्ण वातावरण बनाए रखने का आग्रह किया है कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों से कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग की अपील की उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी कोई गड़बड़ी की आशंका हो तो तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके बैठक में क्षेत्रीय प्रधान अब्दुल मोइन सोनू,प्रधान पोनू शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि इशरत अली,प्रधान आबिद अली, व काफी संख्या में लोग मौजूद रहे

# महमूदाबाद महोत्सव का भव्य समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद, सीतापुर । महमूदाबाद में आयोजित महमूदाबाद महोत्सव का शानदार समापन हुआ। इस भव्य आयोजन में पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समापन समारोह में संकटा मंदिर समिति अध्यक्ष रमेश बाजपेई,कंचन पाण्डे ,मंजू पांडे,संध्या सिंह के साथ नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, पत्रकारों, और कार्यक्रम सहयोगियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सफल आयोजन में श्रीमती लेखा गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका महोत्सव की मुख्य आयोजक श्रीमती लेखा गुप्ता रहीं, जिन्होंने पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अहम योगदान दिया। उनके नेतृत्व में महोत्सव ने न केवल मनोरंजन बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता को भी बढ़ावा दिया।



### संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम

महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों, लोक संगीत, नृत्य और कला प्रदर्शनी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम भी महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहे। पत्रकारों और सहयोगियों का हुआ सम्मान समापन समारोह में पत्रकारों एवं कार्यक्रम सहयोगियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अम्मार रिजवी ने सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का बेहतरीन माध्यम होते हैं।

**पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी रहे मुख्य अतिथि**

नगरवासियों के लिए यादगार आयोजन महोत्सव ने नगरवासियों को न केवल मनोरंजन का अवसर दिया बल्कि एक सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती प्रदान की। इस आयोजन ने महमूदाबाद की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करते हुए नगर में एक नई ऊर्जा का संचार किया।

इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों, कलाकारों और नगरवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह महोत्सव नगर के इतिहास में एक यादगार अवसर बन गया।

# कमाऊ जेई को नहीं रिलीव कर रहे एई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। लघु सिंचाई विभाग के खेल निराले हैं। यहां सहायक अभियंता मेहरबान हों तो आप गैर जनपद स्थानान्तरित होने के बाद भी इसी जनपद में अंगद के पैर की माफिक दसियों साल तक जमे रह कर न केवल अपनी नौकरी कर सकते हैं बल्कि यहीं से रिटायर होने की भी प्लानिंग कर सकते हैं। जी हां, यह अटपटी सी बात लघु सिंचाई विभाग के जेई मंषाराम वर्मा पर एकदम सटीक बैठती है। पिछले साल षासन ने जिले में दसियों साल गुजार चुके जेई मंषाराम वर्मा का तबादला गैर जनपद के लिए कर दिया था। श्री वर्मा के साथ ही विभाग के एक अन्य जेई को भी षासन ने गैर जनपद स्थानान्तरित किया था। लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ने अपने चहेते व दुधारू गाय साबित हो रहे जेई मंषाराम वर्मा को तो अब तक कार्यमुक्त नहीं किया मगर दूसरे जेई को





**पिछले साल गैर जनपद हुआ था स्थानान्तरण**

**हाल लघु सिंचाई विभाग का, सरकार की नीतियां जेई की जेब में**

**नपाप व डूडा में ही है अटैचमेंट**

रिलीव कर दिया जो कि गैर जनपद में अपनी नौकरी कर रहा है। सूत्रों की मानें तो मंषाराम वर्मा की राजनीति का षिकार विभाग में सर्वाधित दलित संवर्ग के अवर अभियंता हैं। इनमें से एक जेई श्री वर्मा की ही सियासी चालों का षिकार हो कर गैर जनपद पहुंच चुका है मगर यह अब तक सीतापुर में ही तैनात हैं और एई संदीप मौर्य इन्हें जानबूझ कर रिलीव नहीं कर रहे हैं। जेई मंषाराम वर्मा का अकेले विभागीय कार्यों से काम नहीं चलता है। इसी के चलते इन्होंने अपना अटैचमेंट डूडा समेत नगर पालिका परिषद लहरपुर में करा रखा है और इनकी पांचों उंगलियां घी में हैं। लहरपुर नपाप क्षेत्र में इनके द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का अभाव मिलने पर कुछ ही दिन पहले वहां के सभासद व लोगों ने गहरा विरोध दर्ज कराया था। जेई मंषाराम वर्मा ने सरकार के नेताओं को तो साध ही रखा है, लघु सिंचाई, डूडा और नगर निकाय के अफसर भी इनकी जेब में हैं। भ्रष्टाचार के विरूद्ध सरकार की जीरो टालरेंस की नीति और षासन की स्थानान्तरण पालिसी को पैंसों की खनक से खुलेआम मुंह चिढ़ा रहे जेई मंषाराम वर्मा को जनपद से तत्काल रिलीव किए जाने की आवष्यकता अनुभव की जा रही है।

# राज्य सरकार के आठ वर्ष और केंद्र सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दूसरे दिन भी भव्य कार्यक्रम किये गए आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । राज्य सरकार के आठ वर्ष और केंद्र सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आज दूसरे दिन भव्य कार्यक्रम सरोजिनी वाटिका, सीतापुर में आयोजित किये गये, जिसमें उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम उ0प्र0 सरकार के उपाध्यक्ष/राज्यमंत्री माननीय नटवर गोयल जी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। जादू के कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनमानस को शासन की योजनाओं की जानकारी रोचक तरीके से दी गयी। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा भी स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि प्रस्तुत किये गये तथा महाकुंभ-2025 पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्मों का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम उ0प्र0 सरकार के उपाध्यक्ष/राज्यमंत्री माननीय नटवर गोयल जी ने कहा कि प्रदेश के लोक प्रिय यशस्वी मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार की नीतियों और जनहित योजनाओं को जन-जन तक

### जादू के कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनमानस को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी जानकारी

पहुँचानें का सफल प्रयास करने वाले सभी अधिकारियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज हमारा सौभाग्य है कि मैं सीतापुर की पावन भूमि पर खड़ा हूं। सनातन धर्म एवं संस्कृति संवारने वाली इस भूमि को मैं नमन करता हूं। यहां कि नैमिष जैसी तपोभूमि पर देश को गर्व है और मैं सीतापुर की जनता और विशेष तौर पर किसानों और उद्यमी को तहेदिल से अभिनन्दन करता हूं। क्योंकि यहां के लोग दुनिया के लोगों का मुंह मीठा कराते हैं। यहां कि चीनी और गुड़ के साथ लकड़ी के खिलौने सहित खादी ग्रामोद्योग के उत्पादन लोगों के चेहरों पर खुशी लाते हैं। आज हम सब लोग माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल शासनकाल के कारण उत्तर प्रदेश में आयी खुशहाली के दौर पर चर्चा करने के लिये एकत्र हुये हैं। हमारा मानना है कि वर्तमान में समाज के सभी वर्गों का विकास व्यापक रूप से हुआ है।

मा0 उपाध्यक्ष/राज्यमंत्री ने कहा कि हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री की जनहित सोच का नतीजा है कि भाजपा सरकार ने सन् 2017 में जैसे ही प्रदेश की सत्ता की कमान मा0 मुख्यमंत्री योगी जी हाथों में दी। कैबिनेट ने पहला निर्णय हमारे किसान भाईयों के हित में लिया। मा0 मुख्यमंत्री जी ने लगभग सैंतीस करोड़ की फसल ऋण मोचन योजना की घोषणा करके प्रदेश के 94 लाख किसानों को लाभान्वित करने का कार्य किया। प्रदेश में किसानों की तरक्की का आज यह आलम है कि वर्ष 2016-17 उ0 प्र0 खाद्यान्न उत्पादन लगभग 558 लाख मीट्रिक टन कर रहा था हमारे किसान भाईयों की मेहनत व सरकार के सहयोग सहयोग से खाद्यान्न उत्पादन 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई अब उत्पादन 668 लाख मीट्रिक टनसे अधिक पहुंच चुका है। प्रदेश की सिंचाई क्षमता आज भारी बढ़ोतरी के बाद 131 लाख हेक्टेयर हो गयी है और किसानों की 976 परियोजनाएं अब तक पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने मा0 योगी पआदित्यनाथ और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की शानदार नीतियों से प्रदेश और देश विकास की सर्वोत्तम ऊंचाईयों को छू रहा है। गन्ना मूल्य के भुगतान की प्रदेश में यह स्थिति थी की पिछले 22 वर्षों में कुल गन्ना मूल्य का भुगतान लगभग 66 हजार करोड़ गया था ,जबकि सन् 2017 से अब तक तीन लाख करोड़ का भुगतान किया जा चुकाहै

साथ ही अब तक 3 नयी चीनी मिल व 6 चीनी मिलों को पुनः संचालित कर 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया गया। अनाज खरीद के बिचौलियों को उ0प्र0 सरकार ने पूर्ण रूप से बाहर का रास्ता दिखाया है। किसानों की तरक्की में हमारी सरकार भरपूर सहयोग कर रही है। जहां प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लगभग तीन करोड़ किसानों के खातों में लगभग अस्सी हजार करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं, वहीं प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अन्तर्गत लगभग 74 हजार सोलर पंपों की स्थापना किसान हित में किया गया है। प्रदेश की जनता के विकास की बात करें तो आप को देखने को मिलेगा कि सन 2017 में प्रति व्यक्ति आय मात्र छियालीस हजार रुपए थी जो बढ़कर 2024 में एक लाख चौबीस हजार रूपये हो गई है।

उ0प्र0 में बेरोजगारी दर सन 2016 में अठारह प्रतिशत थी, जो घट कर पिछले साल तक मात्र तीन प्रतिशत पहुंच गयी। अब तक निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत लगभग नौ लाख सरकारी नौकरी व लगभग चार लाख संविदा पर नियुक्ति की जा चुकी है। एम0एस0एम0ई0 एवं निजी क्षेत्र में दो करोड़ से अधिक रोजगार एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना (ओ0डी0ओ0पी0) के तहत लगभग तीन लाखलोगो को रोजगार दिया जा चुका है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो लाख सताइस हज़ार युवाओं को रोजगार देने पर काम चल रहा है और साथ ही उ0प्र0 सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत दस लाख नये उद्यमी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है जिसके तहत प्रदेश छात्रवृत्ति योजना है, जो प्रदेश के एससी/एसटी/ओबीसी/सामान्य श्रेणियों के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्तियां शामिल हैं, जो छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद करती है, जो आगे चलकर देश व प्रदेश का भविष्य होंगे पूर्ववर्तीय सरकारों में माफिया अपराधी बेलगाम थे। व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस करते थे अन्य प्रदेशों में पलायन करते थे। शाम ढलते ही व्यापारी दुकानों के शटर नीचे कर देते थे, परंतु उ0प्र0 में मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज कायम करने समाज की स्थापना हुई, जिससे व्यापारी आम जनता एवं प्रदेश की आधी आबादी बहने पूरी तरह खुद को सुरक्षित महसूस कर ही है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि डकैती के मामलों में लगभग 85 प्रतिशत लूट के मामलों में लगभग 78 प्रतिशत मेंहत्या मेंलगभग 42 प्रतिशत बलवा में लगभग 67 प्रतिशत फिरौती के लिए अपहरण में लगभग 55 प्रतिशत दहेज हत्या में 17 प्रतिशत से अधिक और बलात्कार के मामलों में 26 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। प्रदेश में लगभग अस्सी हजार अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट, लगभग एक हज़ार अपराधियों के खिलाफ एन0एस0ए0 के तहत कड़ी कार्यवाही की गयी है।

माफिया के अवैध कब्जे से लगभग तीन करोड़ की संपत्ति जब्त गई है भूमाफियाओं की अवैध संपत्तियां धवस्त कर उन पर गरीबों के लिए आवास का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा दो सौ बाइस दुर्दांत अपराधी एनकाउंटर में ढेर किये गये, जब कि अठाइस बदमाश जेल भेजे जा चुके हैं। पिछली सरकारों में आलम यह था की डायल 100 के तहत पुलिस को बुलाने पर पुलिस पच्चीस मिनट से आधे घंटे में पहुंचती थीं। आज मा0 योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में पुलिस कंट्रोल रूम में काल करने पर मात्र 7 से आठ मिनट में पुलिस पहुंच जाती है। महिला सुरक्षा की बात करें तो पिछली सरकार द्वारा शुरू की गई व्यवस्था वीमेन पावर हेल्पलाइन 1090 को और सुदृढ़ किया जिसके तहत शहोदों द्वारा महिलाओं से छेड़छाड़ व ऑनलाइन माध्यम से ब्लैकमेल किये जाने की शिकायत 1090 पर शिकायत बेझिझक होकर दर्ज करवा सकती है व 1090 के माध्यम से उन्हें तुरन्त सहायता प्राप्त हो रही है, जिससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भारी कमी आयी है। महिला शसक्तीकरण के अन्तर्गत महिलाओं को सिलाई योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जिसके तहत बच्चियों को जन्म से लेकर अठारह वर्ष तक की आयु तक पच्चीस हज़ार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। साथ ही महिलाओं की लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना जैसी बहुत साड़ी योजनाएं चलाई जा रही है। आयुष्मान कार्ड से नौ करोड़ लोगों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज व अस्सी मेडिकल कॉलेज संचालित किये जा रहे है और ग्यारह हजार तीन सौ एम0बी0बी0एस0 सीटों की वृद्धि की गयी है। मा0 उपाध्यक्ष/राज्यमंत्री जी द्वारा जी0एस0टी0, अन्य कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र एवं लाभार्थियों को डेमो चेक देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं आमजनमानस उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा की बुनियादी पाठशाला: राजन शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिन का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ। इसके पश्चात शिविरार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। जो शिविर स्थल गड़हियाँ प्राथमिक विद्यालय से होते हुए श्री भगवान महावीर पी.जी. कॉलेज, फाजिलनगर पहुँची। वहाँ स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सघन सफाई की।

सफाई अभियान के बाद सभी शिविरार्थी बौद्धिक सत्र के लिए एकत्र हुए। इस सत्र के मुख्य अतिथि राजन शुक्ला, प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा की बुनियादी पाठशाला है। जहाँ युवाओं को निःस्वार्थ सेवा का पहला पाठ पढ़ने को मिलता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के प्रति जागरूक रहने और अपने अनुभवों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

सत्र के विशिष्ट अतिथि फाजिलनगर पी.एन.बी.के शाखा प्रबंधक अमिताभ रंजन ने विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण की जानकारी दी और विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं सहायक शाखा प्रबंधक एन.के.मिश्र जिन्होंने भारतीय सेना में भी अपनी सेवाएँ दी हैं, ने अपने अनुभव साझा किए और युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। पूर्व बीडीसी सदस्य श्री दीनानाथ यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से प्राप्त शिक्षाएँ समाज तक पहुँचनी चाहिए। सत्र में विशेष आमंत्रित वक्ता डा.. विजय पवार ने एन.एस.एस के बैज के रंगों और विद्यार्थियों की ऊर्जा में समानता स्थापित करते हुए लक्ष्य केंद्रित प्रयास करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. कृष्णचंद्र चौरसिया ने कहा कि एन.एस.एस. शिविर को एक छोटे ब्रह्मांड के रूप में देखें और सात दिनों के दौरान अपने कार्यों से समाज में नई चेतना जागृत करें।

# गूंजीं प्रभु श्रीराम की बाल लीलाएं



श्रद्धालु हुए भावविभोर

प्रतिदिन हो रही यज्ञ मंडप की परिक्रमा, भक्तिमय हुआ वातावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकासखंड के ग्राम पंचायत दुमही के बंगरा रामबक्स राय टोला स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ व रामकथा अमृत वर्षा के चौथे दिन अयोध्याधाम से पधारे मानस मर्मज्ञ स्वामी डा. उद्धव शरण महराज ने प्रभु श्रीराम की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन किया। जिसे सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए और पूरा वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा।

कथा प्रवचन के चौथे दिन मंगलवार की सायं कथा प्रवक्ता स्वामी डा. उद्धव शरण महराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीलाओं का अत्यंत मनमोहक और रोचक ढंग से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अयोध्या में जन्म लेने के बाद बालक राम ने अपनी मोहक मुस्कान से माता कौशल्या और राजा दशरथ को हृदय आनंदित कर दिया था। कथा के दौरान भगवान राम के बालपन के विभिन्न प्रसंग सुनाए गए, जिनमें माता कौशल्या के आंगन में उनकी क्रीड़ाएं, बाल सखाओं के साथ उनके खेल की घटनाएं प्रमुख थीं। कथा वाचक ने भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप के वर्णन के दौरान बताया कि बालक राम माटी खाते हैं और माता कौशल्या के पूछने पर अपना दिव्य विराट स्वरूप प्रकट कर उन्हें चकित कर देते हैं। यह सुनते ही भक्तिरस में डूबे श्रद्धालु रामनाम के संकीर्तन में लीन हो गए। कथावाचक ने श्रद्धालुओं को श्रीराम के आदर्शों को अपनाने और उनकी भक्ति में तल्लीन रहने की प्रेरणा दी। भजन गायक प्रदीप शुक्ल, तबला वादक रघुनाथ दास, पैड वादक रवि तिवारी, बैंजो वादक शुभम, आचार्य गोविंद शास्त्री पिंटू आदि ने संगीतमयी प्रस्तुती के दौरान कथा प्रवक्ता की संगत की। इसके पूर्व अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक तुला नारायण राय व प्रधानाध्यापक व्यास मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस दौरान शिक्षक मनीष राय, एडवोकेट अशोक राय, पूर्व प्रधान रामबिहारी राय, हरेंद्र राय, पारसनाथ सिंह, बृजेश राय, उमेश शुक्ल, शाकिर अंसारी, नागेंद्र राय आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## यज्ञसमिति सदस्य की बाइक यज्ञ स्थल से चोरी, तहरीर

**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के सेंदुरीया बुजुर्ग के टिले पर स्थित मा कंकाली मन्दिर से मंगलवार की शाम यज्ञसमिति के सदस्य की बाइक अज्ञात चोरों ने चुरा लिया है।उन्होंने ने बाइक की काफी खोजबीन के बाद पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्यवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार पटहेरवा थाना क्षेत्र के गांव सेंदुरीया बुजुर्ग निवासी योगेश गुप्ता मंगलवार की शाम करीब सात बजे मा कंकाली मन्दिर पर हो रहे रुद्र महायज्ञ में सामिल थे।भंडारे के बगल में बाइक खड़ी कर आये मुख्य अतिथियों की सेवा में चले गये। करीब 15 मिनट बाद लौट तो उनकी बाइक वहाँ से गायब थी।वह आसपास के लोगो से पूछताछ की।लेकिन कुछ पता नही चला कि बाइक कौन ले गया।पीड़ित सदस्य योगेश गुप्ता ने 112 डायल पुलिस को सूचना दी।उन्होंने कहा अगर चौराहे पर लगे सीसी कमरे को खंखाली जाये तो संभव है कि चोर की पता चल जाये।जब कि थानाध्यक्ष दिपक सिह ने बताया तहरीर मिली है।जाच की जा रही है।

## जन जन को टीबी रोग के प्रति करना है जागरूक : आशुतोष

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कैम्प लगाकर पोर्टेबल एक्सरे मशीन द्वारा लोगों की जाँच की जा रही है तथा टीबी रोग के प्रति जागरूक भी किया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को स्थानीय सीएचसी के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मन्दिर गोपालगढ़ के प्राथमिक विद्यालय सबया में कैम्प लगाकर आसीएमआर संस्था द्वारा पोर्टटेबल एक्सरे मशीन से 60 व्यक्तियो का डिजिटल एक्सरे किया गया। जिसमें सात टीबी के लक्षण वाले सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूने भी जाँच हेतु एकत्रित किये गये। कैम्प में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुये वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जन जन को टीबी रोग के प्रति जागरूक करना है तभी हम टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बना सकते है तथा प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत 2025 के सपने को साकार कर सकते है। श्री मिश्र ने उपस्थित लोगों को बताया कि बलगम वाली खाँसी आये,बलगम में खून आना,शाम को बुखार हो,सीने में दर्द हो,वजन में गिरावट आये,शरीर के किसी भी हिस्से में गाँठ हो तो तत्काल अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर सम्पर्क कर अपनी जाँच करवाये। जाँच एवं उपचार नि:शुल्क है तथा यदि कोई टीबी का मरीज निकलता है तो उसे उपचार के साथ प्रतिमाह एक हजार रुपये का पोषण भत्ता भी दिया जा रहा है। इस दौरान सीएचओ पूनम भारती,संगिनी सुमित्रा देवी,आशा गीता देवी,मीना देवी,रिम्पू देवी,आसीएमआर टीम के डॉ शैलेन्द्र कुमार,आशुतोष त्रिपाठी,परिंस यादव,सुधाकर राय, आकाश कुमार,रवि चौहान,सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## पडरौना नगरपालिका ने गोद लिया मुसहर गांव

**पड़रौना, कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** यूपी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर पडरौना नगरपालिका ने एक अनूठी पहल शुरू की। योगी सरकार की प्राथमिकता वाले मुसहर लोगों के उत्थान हेतु चेयरमैन विनय जायसवाल ने बुधवार को नगर के वार्ड नंबर 2 पृथ्वीराज चौहान को गोद लिया। सुबह सुबह इस बस्ती में पहुंचे विनय जायसवाल ने फावड़ा उठा लिया और गलियों की सफाई शुरू कर दी। नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने बताया कि उन्होंने सीएम योगी से प्रेरित हो कर इस मुसहर बस्ती को गोद लिया है। चेयरमैन ने बताया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु काम शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ, बिजली, सड़क, राशन और पेंशन प्राथमिकता में है। हर सड़क चमकेगी और नाली व पक्का मकान बनेगा। इस पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर की।साथ में सभासद सोनु कुशवाहा मोनु सिंह सहित संतोष चौहान राजेश जायसवाल रामु पाण्डेय विनय मद्धेशिया ब्रजेश जायसवाल बड़े गुप्ता दीनदयाल मद्धेशिया मंथन सिंह अरुण सिंह अजय शर्मा सतेंद्र यादव धर्मेंद्र मद्धेशिया केदार गुप्ता मुरारी शर्मा राहुल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सरकार की पहली प्राथमिकता: शत्रुमर्दन शाही

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आदर्श नगर पंचायत, फाजिलनगर कार्यालय पर बुधवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत सभागार में शिविर में 170 मरीजों की जांच कर परामर्श एवं दवाएँ वितरित की गईं। शिविर का उद्घाटन करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही ने कहा कि सेवा, सुरक्षा और सुशासन के साथ-साथ आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न क्षेत्रों में अतुलनीय कार्य कर रही है और जनता की बेहतरी के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# चार अन्तर्जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने बुधवार को चोरी के सामान के साथ चार अन्तर्जनपदीय शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 96/2025धारा 303(2),317(2),317(5) भारतीय न्याय सहिता से संबंधित अभियुक्त अनीश यादव पुत्र झिन्नू यादव निवासी विशुनपुरा थाना अहिरौली बाजार,विशाल राजभर उर्फ साधू पुत्र सीताराम निवासी विशुनपुरा,सुनील सिंह उर्फ भुअर पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी विशुनपुरा,भुआल राजभर पुत्र स्व:धनवन्त राजभर निवासी विशुनपुरा थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर को थाना क्षेत्र के सहजौली चौराहे के पास गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 3 अदद दोपहिया मोटर साइकिल, बिना नम्बर प्लेट की एक पल्सर बाइक बिना नम्बर की हीरो स्पेलेण्डर प्रो व एक प्लेटिना,एक अदद पम्पिंग सेट 1 अदद मोटर पम्प व 2 अदद टुल्लू पम्प,4 अदद सोलर पैनल,1 अदद बैट्री,2 अदद मोबाइल फोन की बरामदगी की।पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तार के आधार पर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि यह शातिर चोरों का एक संगठित अन्तर्जनपदीय गिरोह है यह गिरोह दिन में बाइक से घूम घूम कर थाना क्षेत्र व गैर जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी रेकी करते हैं और जहां सुनसान जगह पाते हैं वहां पर स्थित सामानों को चिन्हित कर लेते हैं और उसे मौका पाकर रात्रि के अंधेरे में चुरा लेते हैं।तथा चुराये गये सामान को बारी बारी से मोटरसाइकिल पर लादकर झाड़ी झंखाड में छिपाकर रख देते हैं तथा धीरे धीरे उसे बेचने का कार्य करते हैं और उससे प्राप्त पैसों को आपस में बांट लेते हैं।चोरी करते समय ऐसे रास्तों का इस्तेमाल करते हैं जिस पर पुलिस या आम नागरिक का आना जाना न हो।चोरी करने के पश्चात एक व्यक्ति आगे तथा एक व्यक्ति पीछे रहकर मुख्य टीम को सूचना देने का काम करता है।

# ढाढा चीनी मिल क्षेत्र में 41 ऑटोमेटिक कैन प्लांटर से हो रही गन्ने की बुआई : करन

कैनविज टाइम्स संवाददाता


कुशीनगर। अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड ढाढा हाटा द्वारा गन्ने की खेती में मजदूरों की समस्याओं को देखते हुए खेती को कृषि यंत्रों से जोड़ने का मिशन चल रहा है। मिल क्षेत्र में गन्ने की बुवाई 41 ऑटोमेटिक कैन प्लांटर से कराई जा रही है।

यह जानकारी हाटा चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह के हवाले से उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता को चीनी मिल में दी है। श्री गुप्ता को बताया कि मिल क्षेत्र के सभी गन्ना कृषको को एटीएसपी के माध्यम से गन्ना कृषि यंत्रो से जोड रही है। जिसका उद्देश्य गन्ने की खेती में मजदूरो की समस्या को दूर करना, गन्ने की खेती मे उत्पादन लागत को कम करना, गन्ने की औसत उपज बढ़ाकर किसानो में खुशहाली लाना है। अधिशाषी निदेशक ने ओम प्रकाश गुप्ता को बताया कि ढाढ़ा चीनी मिल परिक्षेत्र में गन्ना क्षेत्रफल बढ़ाने , चार फीट पर गन्ना बोने से लाभ, पेड़ी गन्ने का वैज्ञानिक प्रबंध, सहफसली खेती का प्रसार करें। जो किसान चार फुट पर गन्ने की बुवाई नहीं किए है। उन कृषको को जो किसान आटोमेटिक केन प्लान्टर से गन्ने की बुवाई किए है, उनका गन्ना फसल दिखाया जाए। जिससे किसान संतुष्ट हो जाए। जिन किसानों के पास 3 नाली बनाने वाले रेजर है यदि वे चाहते है कि एक रेजर निकाल कर चारफुट की दूरी पर सेट कर दिया जाए तो ढाढ़ा चीनी मिल इसमें सहयोग करेगी। ढाढ़ा चीनी मिल को 40 से 50 लाख कुन्तल गन्ने की कमी है। मिल क्षेत्र मे 41 मशीन गन्ने की बुवाई कर रही है।

लाइन से लाइन की दूरी 120 सेमी या 4 फीट है । मशीन से गन्ने की कटाई शीघ्र ही करने जा रहे है। 4 फुट से कम दूरी पर बोए गए गन्ने की कटाई मशीन नही कर सकती हैद्य इसको ध्यान में रखकर चार फुट पर गन्ना बोने पर जोर दिया जा रहा है। चीनी मिल के उप महा प्रबंधक गन्ना डीडीसिंह ने बताया कि एक आंख का टुकड़ा काट कर एक करोड गन्ने का पौधा तैयार कराया जा रहा है।

# सरकार योगियों की है, भोगियों की नहीं : प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं से जन सामान्य को परिचित कराने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर निराला प्रेक्षागृह में आयोजित त्रिदिवसीय प्रदर्शनी व मेले के दूसरे दिन के कार्यक्रम का मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री धर्म पाल सिंह द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में अवलोकन किया गया। प्रेक्षागृह सभागार में मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निर्मित/स्वीकृत विकास परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही महाकुम्भ 2025 पर सूचना विभाग द्वारा तैयार की गयी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा द्वारा आठ वर्ष में जनपद में किए गए विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होने बताया कि इनवेस्ट यूपी के तहत रू0 22333 करोड़ औद्योगिक निवेश हुआ है, जिसके 115224 रोजगार सृजित हुए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत रू 1560 करोड़ की धनराशि से 573397 किसानों को लाभ मिला है । प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 895685 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं तथा रू 608 करोड़ की धनराशि से 48198 लाभार्थियों का उपचार कराया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा इनवेस्ट यूपी के तहत जनपद में निवेश करने वाले 04 उद्यमियों/निवेशकों को सम्मानित किया गया तथा बेसिक शिक्षा में मिशन निपुण के अन्तर्गत निपुण हो चुके 20 विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र, नए सत्र की पाठ्य पुस्तकों का वितरण, 05 दिव्यांग छात्रों को ब्रेल किट का वितरण, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य/कोविड के 04 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सीएम युवा योजना के 20 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र/डेमो चैक का वितरण, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 10 पॉपकॉर्न एवं 08 दोना पत्तल मेकिंग मशीन का वितरण, 03 उत्कृष्ट किसानों का सम्मान, विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के 05 लाभार्थियों को टैबलेट, फाइलेरिया रोगियों को किट, दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, पीएम सूर्यघर योजना के तहत सोलर रूफटॉप आवंटन पत्र, कुशल श्रमिकों को एफडीआर, अटल आवासीय विद्यालय में चयनित 33 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, पूर्ति विभाग द्वारा 04 लाभार्थियों को अनत्योदय कार्ड तथा कृषि विभाग की योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से इंदेमऊ गांव के राकेश कुमार को ट्रैक्टर की चाभी प्रदान की गयी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह सरकार योगियों की सरकार है, भोगियों की नहीं। पिछली सरकारें साठ वर्ष में जो नहीं कर पायी, हमने वह आठ वर्ष में करके दिखाया है। पहले कानून सिसकता था, अपराधी हंसते थे अब अपराधी सिसकते हैं और कानून हंसता है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार सेफ्टी कनेक्टिविटी, इलेक्ट्रीसिटी पर विशेष ध्यान दे रही है। परिवर्तन इस कदर है कि पहले बिजली आने पर अखबार में छपता था अब बिजली जाने पर अखबार में छपता है।

# प्रकाश मिश्रा का यांत्रिक कारखाना गोरखपुर में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह मनाया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। यांत्रिक कारखाना गोरखपुर के कैंटीन परिसर में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ एवं सक्रिय पदाधिकारी श्रीयुत श्री प्रकाश मिश्रा का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह मनाया गया। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ कारखाना मंडल के सभी पदाधिकारी एवं सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर श्री विनोद राय ने श्रीयुत श्री प्रकाश मिश्रा के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया उन्होंने बताया कि श्री प्रकाश मिश्रा चलने फिरने में असमर्थता होते हुए भी संघ के सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि आगे भी श्री मिश्रा का सहयोग पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ को मिलता रहेगा। संयुक्त मंत्री कारखाना मंडल श्री दीपक चौधरी श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने श्री प्रकाश मिश्रा जी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री दीपक चौधरी कुलदीप मणि त्रिपाठी ईश्वर चंद्र विद्यासागर फिरोज़ उल हक शमशाद अहमद देवेश सिंह जयप्रकाश सिंह विजय पाठक लक्ष्मी श्रीवास्तव सतीश श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव बृजपाल सिंह अंशुमाल पाठक विनोद मिश्रा मनोज शुक्ला निशांत यादव अभिषेक गुप्ता नंदन चौधरी धीरज यादव विनय यादव चंद्रिका साहनी दीपक प्रजापति हरकेश बहादुर सिंह संतोष श्रीवास्तव अनिल गौतम शशि भूषण सिंह योगेंद्र पाल नवनीत शर्मा राजकुमार गुप्ता कैलाश राजभर गंगेश राजवंशी अल्बर्ट पीटर इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिलन समारोह में पहुंचे सफीपुर विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। ग्राम प्रधान भाजपा नेता के होली मिलन समारोह में पहुंचे सफीपुर विधायक बम्बा लाल दिवाकर,को अंग वस्त्र ओढ़ाकर किया गया सम्मानित बांगरमऊ ब्लॉक के कुरसठ ग्रामीण प्रधान प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता वीरपाल के नेतृत्व में कुरसठ ग्रामीण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों को गुलाल लगाकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। होली मिलन समारोह में स्थानीय और जिले के कई वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। मनोरंजन के लिए आई कलाकारों की टीम ने होली गीत गाकर लोगों को खूब झुमाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सफीपुर विधायक बंबा लाल भी उपस्थित रहे।इस दौरान प्रदेश स्तर के कई दिग्गज नेता व पार्षद ने कार्यक्रम में शिरकत की. कार्यक्रम की भव्यता को देख लोगों ने प्रधान प्रतिनिधि और भाजपा नेता वीरपाल की सराहना की.इस दौरान पत्रकार भानु सिंह चंदेल, महमूद हसन, राजकुमार, बबलू पटेल,कौशल राज गोयल,मोहम्मद सफीक, सीबू, अभिषेकं मिश्रा,कृष्णा तिवारी, समेत करीब तीन दर्जन पत्रकार को ग्राम प्रधान और विधायक अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया.वही सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर एक दूसरे होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

# ज्ञान साधना का विशय है, पुस्तक पढ़ने से नहीं होता है ज्ञान : ओम प्रकाश पांडेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अर्चिसा वार्शिक महोत्सव में प्रज्ञा पुस्तिका का विमोचन

बैसवारा पीजी कालेज का वार्शिकोत्सव धूमधाम से हुआ सम्पन्न

लालगंज,रायबरेली। बैसवारा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्चिसा वार्शिक महोत्सव में मुख्य समागत के रूप में बोलते हुए अंतरिक्ष वैज्ञानिक डा. ओम प्रकाश पांडेय ने छात्र छात्राओं सम्बोधित करते हुए कहा कि ज्ञान साधना का विशय है यह पुस्तकों को पढ़ने से नहीं आता। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि मानव जीवन को समझने के लिए वैज्ञानिक दृश्टि अपनाना चाहिए। अपने से पूछिए मैं कौन हूँ और यहां क्यों आया हूँ। अगर मैं यूनिक हूँ तो मैं भी कोई अद्वीय कार्य करूँ। कालेज के छात्र व छात्राओं से भरे पांडाल को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि राश्ट्र हमें क्या दे रहा है इसकी चिंता करने के बजाय हम यह सोंचे कि हम राश्ट्र को क्या दे रहे हैं। मॉडल ऑफ एजूकेशन, टेक्नॉलॉजी और गूगल से सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को सचेत रहने की सलाह दी है और कहा कि एआई जैसे अनेक एप्स गलत ज्ञान देने वालों कलई खोलने के लिए मैदान में चुके हैं। विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए श्री पांडेय छात्र छात्राओं व शिक्षकों को ज्ञान वर्धक जानकारियां प्रदान की। वहीं विशिश्ट अतिथि विधान सभा के विशेश कार्याधिकारी डा. रमेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस महाविद्यालय को नयी पीढ़ी महानता की आदर्शता को कायम रखे। ज्ञान और विज्ञान से ऊपर प्रज्ञान को महत्व दें। शिक्षा के महत्व पर भी बोलते हुए उन्होने कहा कि वह लघु से वृहत की ओर उन्मुख करती है। चरित्र निर्माण इसका मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। विशिश्ट अतिथि राजीव गांधी विद्यापीठ के प्राचार्य डा. अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान को जानने के लिए वेदों का ज्ञान अति आवश्यक है। वेद को ही विज्ञान पढ़ाने की सामर्थ्य है। वेदों से प्राप्त संस्कारों से ही हमारी संस्कृति की रक्षा हो सकती है। समारोह में महाविद्यालय की प्रकाशित पत्रिका प्रज्ञा का विमोचन भी अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आगतों का स्वागत प्रधानाचार्या डा. शीला श्रीवास्तव ने करते हुए कहा कि दो वर्शों के ही कार्यकाल में अथक परिश्रम कर महाविद्यालय की नैक की परीक्षा में सफलता मिली। लखनऊ विश्वविद्यालय ने ग्रेड बी प्रदान कर इस महाविद्यालय को बड़ी उपलब्धि प्रदान की है। समारोह में प्रबंधक देवेन्द्र बहादुर सिंह, नगर पंचायत अध्यक्षा सरिता गुप्ता ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया। पूर्व प्रवक्ता डा. महादेव सिंह ने भी प्राचार्या के शत कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन डा. अतुल सिंह ने किया।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.04.2025** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 03402025 dated 25.04.2025 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 1. 01-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26, 2. 02-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26, 3. 03-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26, 4. 04-Sr.DEN-IV-LKO/2025-26 | | | |
| 3 | कार्य का नाम | 1. सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/उतरेटिया के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। | | | |
| | | 2. सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/निहालहढ़ और प्रथम/सुलतानपुर के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। | | | |
| | | 3. सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/द्वितीय/सुलतानपुर के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। | | | |
| | | 4. सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के अधिकार क्षेत्र में एसएसई/पीवे/लम्भुओं और श्रीकृष्णानगर के सेक्सन में विभिन्न स्थानों पर ठेकेदार द्वारा अपनी मिट्टी का उपयोग करके सेस की मरम्मत और तटबंध को मजबूत करने का कार्य। | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. | Rs. 99294877.43 | 2. | Rs. 58493003.09 |
| | | 3. | Rs. 45794078.66 | 4. | Rs. 66199484.60 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. | Rs. 646500.00 | 2. | Rs. 442500.00 |
| | | 3. | Rs. 379000.00 | 4. | Rs. 481000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 01 से 4: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। | | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 01 से 4: 02.04.2025 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 01 से 4: 16.04.2025 at 15:00 hrs. | | | |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | | |

नोट:– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 929/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गजब :साहब नें घूस मागने वाले दरोगा को बना दिया खोरहंसा चौकी का प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। विवेचना से नाम निकालने के बदले एक लाख रूपए की भारी-भरकम घूस मांगने के आरोप में लाइन हाजिर किए गए डुमरियाडीह चौकी प्रभारी रहे गोपाल सिंह ज्यादा दिनों तक पुलिस लाइन में नहीं रहे।अपनी ऊंची पहुंच और रसूख के बल पर कुछ दिनों बाद ही कोतवाली देहात की खोरहंसा जैसी महत्वपूर्ण चौकी पर तैनाती करा लिया।दरअसल,दरोगा गोपाल सिंह इकलौते ऐसे पुलिसकर्मी नहीं हैं,जिस पर घूस मांगने के गंभीर आरोप लगने के बाद भी चौकी प्रभारी बना दिया गया है, बल्कि ऐसे कई लोग हैं, जिनके कारण पुलिस महकमे की छीछालेदर हुई और शर्मसार वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ, जिसमें वह अपनी अपहृत नाबालिग बेटी की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की फरियाद लेकर थाने पर पहुंचे पीड़ित पिता को न सिर्फ मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं, बल्कि उसे थाने से भगा देते हैं। दरोगा अभय सिंह की



### साहब नें गाली बाज दरोगा पर कार्रवाई के बजाय किया पुरस्कृत नवाबगंज जैसे महत्वपूर्ण थाने तैनाती कि थाने की मिली कमान

बेलगामी का आडियो वायरल होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी, बल्कि उन्हें वजीर गंज से हटाकर नवाबगंज जैसे बड़े और महत्वपूर्ण थाने की कमान सौंप दी गयी।ऐसे में सिस्टम पर उंगली उठाई जानी स्वाभाविक है।आमजन द्वारा सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी थी कि पुलिस कप्तान ने रिश्वत मांगने के आरोपी दरोगा को लाइन हाजिर करने के कुछ ही समय बाद फिर खोरहंसा जैसी महत्वपूर्ण चौकी की कमान सौंप दी? सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि आखिर किन परिस्थितियों में गालीबाज थानेदार अभय सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय नवाब गंज थाने का प्रभारी बना दिया गया? बहरहाल,इसके पीछे वजह जो भी हो,सच यह है कि हाकिमों की कार्यशैली भी कटघरे में खड़ी हो रही है।

**डुमरियाडीह चौकी पर तैनाती के दौरान**

छेड़खानी के मामले की विवेचना कर रहे डुमरियाडीह के तत्कालीन चौकी प्रभारी गोपाल सिंह द्वारा एक आरोपी का नाम निकालने के लिए एक लाख रूपए की मांग की गयी थी,जिसकी आडियो रिकॉर्डिंग भी शिकायतकर्ता के पास है।आडियो वायरल होने पर एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया था।अब यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रूंगटा ने घूस मांगने के आरोपी दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।जिले के वजीरगंज थाने की डुमरियाडीह पुलिस चौकी के प्रभारी रहे उपनिरीक्षक गोपाल सिंह पर विवेचना से नाम निकालने को लेकर एक लाख रूपए घूस मांगने का आरोप लगाया गया था।इतना ही नहीं, घूस मांगने का एक आडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने डुमरियाडीह चौकी प्रभारी रहे गोपाल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया था।दरअसल, नवाबगंज थाना क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गांव के रहने वाले विनय कुमार याद व ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा रूंगटा की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि भटबभनी बाबा बालेश्वरनाथ वजीरगंज निवासी रिश्तेदार विपिन कुमार यादव ने गांव के तीन लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी समेत विभिन्न आरोपों में थाना वजीरगंज में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी पैरवी वह कर रहे थे।इसलिए आरोपियों ने फंसाने की नीयत से उस पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करा दि या।उन्होंने डुमरियाडीह चौकी प्रभारी गोपाल सिंह को ब ताया कि रिश्तेदार की पैरवी के कारण फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है।चौकी प्रभारी ने सच्चाई जानने के बाद भी मुकदमे से नाम निकालने के लिए एक लाख रुपये की मां ग की।इसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उनके पास है।इसे गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी गोपाल सिंह को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लाइन हाजिर कर दिया था और उनके खिलाफ विभागीय जांच के भी आदेश दिए थे। अब इस मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रे ट नेहा रूंगटा ने थानाध्यक्ष वजीरगंज को डुमरियाडीह के तत्कालीन चौकी प्रभारी गोपाल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए हैं और दस दिन में आख्या भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत करनी है।अदालत के इस आदेश के बाद दरोगा पर कार्रवाई की तलवार लटक गयी है।हालांकि, अभी तक इस मामले में दरोगा के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है।

# गायत्री महायज्ञ में विशेष देव पूजन के बाद हुआ हवन- पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में शहर के गोलवाघाट मरीमाता मंदिर के निकट स्थित मां कमला देवी संस्कार सृजन इंटर कालेज में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में बुधवार को विशेष देव पूजन के बाद हवन- पूजन किया गया। भक्तों ने हवन कुं ड में आहुतियां समर्पित कर मां गायत्री की आराधना की। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के नायक परमेश्वर ने यज्ञ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। इसके साथ ही देवी शक्तियों का आशीर्वाद मिलता है। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के बनवारी, सोमेश्वर, रुद्र गिरि,रमेश तिवारी व महेश तिवारी ने भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी शक्तियों का विशेष पूजन किया

### भक्तों ने हवन कुंड में समर्पित की आहुतियां

गया। आयोजन स्थल पर पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक एसपी त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार सुबह हवन पूजन के बाद आओ गढें संस्कारवान पीढ़ी के तहत नारी जागरण गोष्ठी का आयोजन होगा। इसके माध्यम से बच्चों को अच्छे संस्कार देने समेत अन्य जानकारियां दी जाएंगी। इस मौके पर राम सुन्दर पांडेय, नंदन श्रीवास्तव, हनुमान प्रसाद गुप्ता, सर्वेश बाजपेयी, सत्य नारायण सिंह,पवन सिंह, अजय कुमार वर्मा, जिज्ञासा मिश्रा, सुमन मिश्रा,अलका श्रीवास्तव, शशि सिंह,मीनू वर्मा,पुष्पा वर्मा,अंजनी,नेहा वर्मा आदि मौजूद रहे।

# न्यू पायनियर मांटेसरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । स्थानीय न्यू पायनियर मांटेसरी स्कूल में बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया जिसे पाकर बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया साथ ही मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को वार्षिक परीक्षाफल दिया गया जिसमें कक्षा 1 से 5 तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में आरिफा खान, आर्यन वर्मा, मोहम्मद अरफात खान, फातिमा अंजुम, रोशनी, हबीबा, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में नितिन कुमार वर्मा, मोध जैद, आलम, प्रियांशी, मोशनी, निज़रा खान तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में अनिकेत, परवीन, आयशा, इलमा, माहे जेहरा, आलिया नाजिम एवं 6



से 8 तक के बच्चों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में उम्मे रुश्दा, फैज अहमद, फाइका अंजुम, अक्षत कुमार, अदनान रजा, अरनव साहू, अर्शलान, हसनैन रज़ा आदि बच्चों को विद्यालय की प्रधानाचार्या तसनीम आब्दी के द्वारा मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर विद्यालय के सभी सहायक अध्यापक/अध्यापिकाएं व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। बच्चे मेडल और शील्ड पाकर बहुत प्रसन्न दिखाई दिए।

# क्राइम मीटिग में एसपी ने थानेदारों की लगाई क्लास हर हाल में अपराध नियंत्रण की दी चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल नें सभी थानेदारों के साथ क्राइम मीटिग की। क्राइम मीटिग में अपराध गोष्ठी की गई,जिसका मुख्य रुप से आगामी त्यौहार चैत रामनवमी,ईद-उल-फितर,अम्बेड कर जयंती इत्यादि के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों पर प र्याप्त संख्या में पुलिस बल की ड्यूटी,वांछित,वारंटी व इनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी,शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा/गैंगस्टर की कार्यवाही,अपराधियों के सत्या पन तथा महिला सम्बन्धी अपराध की रोकथाम, यातायात व्यवस्था,कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की घटनाओं में कमी लाने और अपराध नियंत्रण के लिए एसपी ने सभी थानाध्यक्षों और वरीय पुलिस



पदाधिकारि यों को अपराध में कमी लाने का कड़ा निर्देश दिया। चेतावनी दी कि अपराध का ग्राफ बढ़ा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं एसपी ने कई थानेदारों की जमकर क्लास लगाई।एसपी ने रात्रि गश्ती तेज करने और कांडों का त्वरित गति से निष्पा दन करने का भी निर्देश दिया।वही आगामी त्यौहारों चैत रामनवमी,ईद-उल-फितर,अम्बेडकर जयंती, अयोध्या में भव्य रामनवमी मेला के दृष्टिगत संवे दनशील स्थलों पर दंगा निरोधक उपकरणों के साथ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती,सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार,कस्बा, चौरा हों,बस अड्डों,रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशे ष सतर्कता रखते हुए सुरक्षा हेतु प्रभावी प्रबन्ध किया जाये तथा वहाँ पर लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता को चेक कर ठीक करा लिया जाये।ईद-उल-फितर के दृष्टिगत यह सुनिश्चित कर लिये जाये की उनके द्वारा नमाज ईद गाह मस्जिदों में ही पढ़ी जाये।अम्बेडकर जयन्ती पर विशेष सतर्कता रखी जाये तथा पोस्टर पार्टी को प्रतिदिन ब्रीफ कर समय से रवाना किया जाये।अयोध्या में भव्य नवरात्रि मेला के दृष्टिगत रूट डायवर्जन रूट चार्ट तैयार कर लिया जाये और उसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।रामनवमी के दृष्टिगत अयोध्या जाने वाले मुख्य मार्गों पर विशेष ध्यान रखते हुए पेट्रोल पंप,होटल, ढाबा,मैरिज लान आदि के संचालकों से वार्ता कर श्रद्धा लुओं के लिए ठहरने, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था कराई जाये।सोशल मीडिया सेल विशेष निगरानी रखेगें किसी के द्वारा सोशल मीडिया पर यदि कोई विद्धे षपूर्ण, आपत्तिजनक,समाज विरोधी,अराजक,धार्मिक रूप से भड़काऊ, हिंसा,धरना-प्रदर्शन के लिए उकसाने वाली पोस्ट की जाती है तो तत्काल अवगत करायेगे तथा पोस्ट करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्य वाही कराई जाए।लूट,चैन स्नैचर के मुकदमें में वांछित अ भियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने व जेल से छूटे आपराधियों का सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया ।

## जिलाजज,डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।



जिलाजज,जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पता ल,भोजनालय,भंडार कक्ष,पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सीजेएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सिंहपुर के बीईओ ने दस टीबी मरीजों को सौंपी पोषण पोटली

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देश एवं सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रयास से परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा दस टीवी मरीजों को गोद लिया गया जिन्हें बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी द्वारा पोषण पोटली वितरित की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि टीबी एक फैलने वाली बीमारी है यह बाल और नाखूनों को छोड़कर कहीं भी हो सकती है इसके उपचार में आप सब लोग लापरवाही न बरतें और खानपान दुरुस्त रखें।उन्होंने कहा कि आपके आसपास अगर किसी को भी इस तरह के लक्षण दिखाई दें तो उसे सरकारी अस्पताल भेज कर जांच करवाना चाहिये जिससे समय रहते ही बीमारी का पता लग सके और समय से उसका इलाज शुरू हो सके। प्रधानमंत्री के टीवी मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिये हमें अपने ग्राम पंचायत में व अपने आसपास के लोगों को जिनको ऐसे लक्षण हो उनकी जांच अवश्य करवायें तभी टीवी हारेगा देश जीतेगा।

### खतौनी में त्रुटियों के चलते चकबन्दी के बाद भी ग्रामवासी परेशान

'बल्दीराय/सुल्तानपुर। तीन दशक से चल रही चकबन्दी प्रक्रिया को चकबन्दी विभाग ने किसी तरह पूर्णकर, चैन की सांस ले रही है किंतु ग्रामवासियों की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं। जिसका निदान होना आवश्यक है।

चंदौर ग्रामसभा की आबादी लगभग सात हजार है। विगत तीस वर्ष से इस गांव में चकबन्दी प्रक्रिया लटकी हुई थी। ग्रामवासियों के अनेक प्रयास के बाद, किसी तरह अब चकबन्दी सम्पूर्ण हुई तो आज भी यहां के लोग तमाम दुश्वारियों को झेल रहे हैं। किसानों के अनुसार चकबन्दी विभाग ने चकबन्दी पूर्णकर, धारा 52 का प्रकाशन करके समस्त दस्तावेज (कागजात) तहसील भेजने का रास्ता साफ कर दिया है। किंतु खतौनी की फीडिंग, कम्प्यूटर पर न होने के चलते किसानों की परेशानी ज्यों की त्यों बनी हुई है। लोग फार्मर रजिस्ट्री ,सहित अनेक सरकारी सुविधाओं में लगने वाले नकल में त्रुटियों से परेशान हैं। जो अब योजनाओं के लाभ में बाधक बनी हैं। ग्रामवासियों ने, जिला प्रशासन से उक्त समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# स्वयंसेवकों को दिया गया नशा मुक्ति अभियान का प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न विभाग के मास्टर वॉलंट्रीयर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयो जन जिला ग्राम्य विकास संस्थान झंझरी मे किया गया।जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशीष मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।उन्होंने ने कहा कि नशा समाज और परिवार को कमजोर करता है और ये विकसि त भारत बनने में भी बाधक है। हम सभी को नाश मुक्ति के चलाए जा रहे अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन सही तरीके से करने को होगा तभी समाज नाश मुक्त हो सकता है । खंड विकास अधिकारी एसपी पांडेय ने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि परिवार के विकास में सबसे बड़ा बाधक नशा हैं जिसका



समाधान करना अति आवश्यक है । अभिषेक मणि त्रिपाठी जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि पुलिस विभाग से 05 आरक्षी, कारगार विभाग से 05 कर्मचारी,10 शिक्षक ,10 आँगनबाड़ी,10 समूह सदस्य ने प्रतिभाग किया है । जिला मध निषेध अधिकारी अतुल तिवारी ने प्रतिभागियों को मादक पदार्थों का दुरुपयोग, कारण, परिणाम और रोकथाम विषय पर जानकारी दिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को नेशनल टोल फ्री ड्रग हेल्पलाइन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जायेगा। इस कार्यशाला आयोजन के दौरान जनपद हमीरपुर से आए मुख्य प्रशिक्षक दिनेश कुमार रावत ने प्रतिभागियों को नशीली दवाओं के बारे में बताते हुए कहा कि नशीली दवाएं ऐसे रसायनिक पदार्थ हैं जो हमारे शरीर के कार्य प्रणाली को बदल देते हैं जिस दवा या प्राकृतिक रूप में पाए जाने वाली चीज का इस्तेमाल शरीर की वर्तमान कार्य प्रणाली या स्थिति में शारीरिक, मानसिक या जैव रासायनिक परिवर्तन लाने के लिए किया जाता है।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सर्वेश कुमार ज्ञान मिश्रा प्रशिक्षक मनोज कुमार मिश्रा, रहीम उल्लाह,अभिषेक कुमार आदि रहे।

# राष्ट्र सेविका समिति ने नगर में निकाला पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मातृ शाखा राष्ट्र सेविका समिति द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर नगरवासियों ने स्वागत किया। पथ संचलन में शामिल होने के लिए राष्ट्र सेविका समिति का एकत्रीकरण सावित्री वाटिका मैरिज लॉन में हुआ। एकत्रीकरण स्थल सावित्री वाटिका मैरिज लॉन में प्रार्थना उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्गों इंदिरा स्टेडियम ,गुरु नानक चौक, छोटी बाजार, घंटाघर, पीपल तिराहा, डीएम तिराहा, पानी टंकी होते हुए पुनः सावित्री वाटिका मैरिज लाइन में पहुंचा। यहां भारत माता की आरती के पश्चात पथ संचलन का समापन हुआ। पथ संचलन में देश भावना की प्रेरणा से ओत प्रोत श्वेत वस्त्र में गुलाबी किनारे वाले परिधान में महिलाएं भारत माता की जय और वन्दे मातरम के जयघोष गुंजायमान कर रही थीं। राष्ट्र रक्षार्थ निकली महिलाओं की टोलियों का पथ संचलन राष्ट्र



प्रेम की गवाही दे रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सीमा सुरक्षा को कदमताल कर रही हों। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्र सेविका समिति का प्रशिक्षण शिविर विगत 21 मार्च से शकुंतला मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट चिलवरिया में चल रहा है। इस शिविर का विराम 27 मार्च को होगा। प्रशिक्षण के क्रम में ही 26 मार्च को पथ संचलन निकाला गया। राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्र सेविका समिति ने व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा के लिए शिक्षिकाओं द्वारा दंड, यष्टि, समता, आचार्य पद्धति, योगचाप आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त बौद्धिक विकास हेतु भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में 105 शिक्षार्थी बहनों ने प्रतिभाग किया, जिनके प्रशिक्षण एवं व्यवस्था हेतु 18 बहने पूरे समय व्यवस्था में लगी है।

**प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य शिक्षिका**

अलका के मार्गदर्शन में सागरिका,प्रज्ञा,लक्ष्मी,राजकुमारी,यष्यशवी,तेजल,अनन्य,नीलम,प्रे रणा,साधना ने उपस्थित महिलाओं को प्रशिक्षित किया जबकि मंजू,साधना, वंदना,चंद्र प्रभा,रेखा,रीना ने व्यवस्थाओं में भाग लिया।

# सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शहर के मिलन पैलेस में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुभाष त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा कि अच्छी व संस्कार युक्त शिक्षा के लिए अभिभावक व शिक्षक दोनों का प्रयास जरूरी है।उन्होंने स्कूल के प्रबंधक विजय गौड़ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यालय बच्चों व शिक्षकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहन का कार्य करता रहा है।मालूम हो कि इस वार्षिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक दर्जन से अधिक इवेंट्स प्रस्तुत किया जिसे सभी ने खूब सराहा।इसके अलावा शैक्षिक सत्र 2024-25 में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी



क्रम में वर्ष 2024 की हाई स्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्र आस्तिक मिश्रा को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया तथा कक्षा तीन व चार से संयुक्त रूप से सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली गौरी प्रिया सिंह कक्षा 5 व कक्षा 6 से कौस्तुभ मणि शुक्ला व कक्षा 7 व 8 से कृतिका अवस्थी को टैबलेट, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा से प्रथम स्थान पाने वाले आर्या गुप्ता कक्षा प्ले ग्रुप, शिवज प्रजापति कक्षा नर्सरी, अर्णव विश्वकर्मा, तारिशी शंखधार कक्षा यूकेजी, समरीन वसीम कक्षा एक, मोहम्मद अली कक्षा 2, अलवीरा खान कक्षा 3, अनन्या गुप्ता कक्षा 4, रूद्र आशीष पटेल कक्षा 5, अर्पित कुमार कक्षा 6, मोहम्मद कैफ खान कक्षा 7, वर्णिका शुक्ला कक्षा 8, को साइकिल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा 9 में सर्वोत्तम अंक पाने वाले छात्र अंश श्रीवास्तव को स्मार्ट वॉच, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।प्रत्येक कक्षा से सर्वोच्च 10 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी उपहार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया?इससे पहले कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी अतिथियों को फूलों का गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया?, साथ ही एक दर्जन पत्रकारों को भी उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी सपरिवार मौजूद रहे एवं आनंद किशोर पांडे,अजय कुमार शर्मा, रमेश चंद चौधरी,विद्यालय प्रबंधक विजय गौड़,अजय जी जिला प्रचारक, श्रीमती असमी अतीक प्रिंसिपल प्रशासन,श्रीमती रीना कश्यप प्रिंसिपल शिक्षा,श्रीमती रितु गौड़ विद्यालय समन्वयक,श्री अंशु गौड़ कार्यालय प्रभारी,गजाला परवीन समेत समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।इस कार्यक्रम का संचालन गौरव वर्मा,साक्षी शर्मा व योगेश वाजपेई ने किया और अंत में सभी आए हुए अतिथियों का प्रधानाचार्य श्रीमती असमी अतीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चेयरमैन की अध्यक्षता में नगर पालिका बोर्ड की बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।नगर पालिका परिषद की बैठक पालिका कार्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता,पथ प्रकाश और जलापूर्ति पर विचार विमर्श किया गया।पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पालिका द्वारा शहर में किया जा रहे निर्माण कार्य पर चर्चा की गई। सभासदों ने अपने-अपने वार्डों में सफाई स्ट्रीट लाइट और पेयजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं को बोर्ड के समक्ष रखा। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया कि शासन के निर्देश के अनुसार गृह कर व जलकर कम से कम 40 प्रतिशत बढ़ाया जाना है। शासन के निर्देश है। कि यदि किसी भी बोर्ड द्वारा यह प्रस्ताव पास नहीं किया गया तो सरकार द्वारा पालिका को दिए जाने वाले विकास कार्य के लिए अनुदान रोक दिया जाएगा। इस संबंध में समाचार पत्रों में विज्ञप्ति छाप कर शहर के लोगों की आपत्ति भी ली गई थी। जिसके बाद बोर्ड द्वारा शासन के अनुसार न्यूनतम कर 40 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया।सभासदों ने कहा कि ईद और नवरात्र पर्व निकट है। इन पर्वो के दृष्टिगत मुख्य मार्गो पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सही करने की जरूरत है। जिस पर प्रकाश विभाग को निर्देश दिए गए कि शीघ्र अति शीघ्र धार्मिक स्थानों को जाने वाले मार्गो पर लाइट सही कराई जाना सुनिश्चित की जाए। सभासदों ने अपने वार्ड में मरम्मत कार्य करने के लिए प्रस्ताव रखें। नाले और नालियों को सही करने पुलियों को खुलवाने की मांग भी की। जिस पर संबंधित विभागों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी अधिशासी अधिकारी एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता समस्त विभागों के प्रभारी और सभासद मौजूद रहे।

बोर्ड की बैठक से पूर्व पालिका कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग के संबंध में बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी ने आगे आने वाले समय में गर्मी अधिक होने पर संचारी रोग बढ़ने की बात कही कहा कि सभी सभासद अपने क्षेत्र में स्वच्छता की प्रति लोगों को जागरूक करें।

# थाना साइबर क्राइम की प्रभारी ने स्कूली छात्राओं को पढ़ाया जागरुकता का पाठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । साइबर अपराध से बचने एवं महिलाओं की सुरक्षा, स्वाभिमान एवं स्वावलंबन हेतु थाना साइबर क्राइम एवं महिला थाना गौरीगंज द्वारा मून लैण्ड इंटरनेशन स्कूल जायस में छात्र छात्राओं को जागरूकता का पाठ पढ़ाया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना साइबर क्राइम की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा बुधवार को मून लैण्ड इंटरनेशन स्कूल जायस में साइबर जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव हेतु महत्व जानकारी देकर जागरूकता किया गया।जागरूकता के दौरान छात्र छात्राओं को बताया गया कि किसी भी नंबर से आये हुए एपीके फाइल को ओपेन,डाउनलोड नहीं करना चाहिये इससे साइबर अपराधी आपका मोबाइल हैक कर महत्वपूर्ण जानकारी, ओटीपी आदि चुराकर खाते से धनराशि निकाल सकते हैं एवं आपकी गोपनीय जानकारी चुरा कर आपको ब्लैकमेल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने मोबाइल नम्बर पर आये हुये ओटीपी को किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें।




साइबर अपराधी सस्ते लोन, बोनस एवं लॉटरी आदि का का ऑफर देकर आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं।एटीएम से धनराशि निकालते समय किसी की सहायता न लें, बिना गार्ड वाले एटीएम से धनराशि निकालने से बचें एवं अपने अपने एटीएम कार्ड पर अपने हस्ताक्षर जरूर करें जिससे किसी के द्वारा एटीएम कार्ड बदने पर तुरन्त आप अपने कार्ड की पहचान कर सकें । किसी को भी अपना यूपीआई पिन न बतायें। रुपये प्राप्त करने के लिये यूपीआई पिन की आवश्यकता नहीं पड़ती है । किसी भी अनजान नंबर से कॉल आने पर एवं बातचीत के दौरान किसी अन्य नंबर से कॉल आने पर दोनों फोन कॉल्स को आपस में मर्ज न करें अन्यथा साइबर अपराधी वॉइस ओटीपी प्राप्त कर आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं।थाना साइबर क्राइम की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह द्वारा उपरोक्त बिन्दुओं के साथ-साथ अन्य साइबर अपराध एवं उससे बचाव से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध घटित होने पर साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज करें किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में फोन उठाएं 112 मिलाएं।

# सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुड़वार। उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूरे होने पर खंड विकास अधिकारी कार्यालय कुड़वार में विकास क्षेत्र कुड़वार के बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। मनोज कुमार श्रीवास्तव विज्ञान ए व आर व पी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर ब्लॉक स्तर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग ,पशुपालन विभाग, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग तथा चिकित्सा विभाग द्वारा चिकित्सा विभाग द्वारा स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। खंड विकास अधिकारी कुड़वार नीलिमा गुप्ता के संयोजन में द्वितीय दिवस ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधि रामचंद्र मिश्र द्वारा सभी स्टालों का अवलोकन किया गया।




तत्पश्चात सभागार में विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्धियां का प्रस्तुतीकरण किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसने सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ वेदान्त, अनूप पांडेय ग्राम विकास अधिकारी, नरेंद्र कुमार प्रधान इसरौली, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक कुड़वार अध्यक्ष निजाम खान, सरयू पाठक, अशोक कुमार, मंजू श्रीवास्तव, अर्सला मसूद, चंद्रभान, राजेश मिश्र, दीना नाथ तथा विभिन्न ग्राम पंचायत के प्रधान उपस्थित रहे।

# हिन्दू संगठन व सिख समाज ने होटल में की सामूहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जनपद पुलिस की भूमिका पर बजरंग दल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किए सवाल खड़े। इसको लेकर सिख समाज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें पुलिस की कार्रवाई और उसके तरीके पर सवाल उठाए गए। इस दौरान बजरंग दल के एक नेता ने भी बयान दिया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस एक और ''विकास दुबे'' जैसे अपराधी को जन्म दे रही है। पूरनपुर में घुंघचाई चौराहे के पास स्थित गुरनाम सिंह के रेस्टोरेंट में भोजन पहुंचाने को लेकर हुए विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसी मुद्दे पर मंगलवार शाम 5 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए।जिला महामंत्री विधि ओम सिंह चौहान ने कहा कि पुलिस पीलीभीत में एक और विकास दुबे पैदा कर रही है। बीते दिनों भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा और होटल स्वामी गुरनाम सिंह के बीच खाना होटल तक पहुंचाने को लेकर विवाद हो गया



था।आरोप है कि इस दौरान संजय मिश्रा ने गाली-गलौज,धमकी और विवादित टिप्पणी की थी, जिस पर गुरनाम सिंह ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई।मामले में पुलिस ने संजय मिश्रा पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस और सिख समाज के लोगों के बीच कहासुनी भी हुई। सिख समाज के लोगों ने पुलिस पर संजय मिश्रा को संरक्षण देने का आरोप लगाया था। इस विवाद के बाद सिख समाज और अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल संगठन के लोग एडीशनल एसपी से मिले और एफआईआर में कड़ी धाराएं जोड़ने की मांग की। उन्होंने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।लेकिन 15 दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पुलिस की निष्क्रियता को लेकर मंगलवार को बजरंग दल और पीड़ित पक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान जिला महामंत्री विधि ओम सिंह चौहान ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए और कहा, ''पुलिस अपराधियों को खुली छूट दे रही है और उनकी बुराइयों पर पर्दा डाल रही है। ऐसा कर पुलिस एक और विकास दुबे को जन्म दे रही है। अगर इसी तरह पुलिस की भूमिका संदिग्ध बनी रही, तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए सिख समाज और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने की मांग की, मामला लगातार गरमाता जा रहा है, लेकिन पुलिस अभी तक किसी ठोस कार्रवाई के संकेत नहीं दे रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद सिख समाज और बजरंग दल के कार्यकर्ता पुलिस प्रशासन पर और दबाव बनाने की तैयारी में हैं। अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला बड़े विरोध प्रदर्शन का रूप ले सकता है।

## परिषदीय विद्यालय के छात्र का नवोदय में हुआ चयन स्टाफ में दिखाई दी खुशी दी शुभकामनाएं

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र अमरिया के गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ के छात्र बृजेश कुमार का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है।विद्यालय में पढ़ने वाले कई छात्रों ने नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा दी थी। जिसमें मात्र एक छात्र बृजेश कुमार का चयन हुआ है। नवोदय प्रवेश परीक्षा में अपना परचम लहराया है। तथा विद्यालय का नाम रौशन किया है।उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा ने इस होनहार छात्र के उज्ज्वल और बेहतर भविष्य की यात्रा की शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई हैं।

## छात्रा का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड अमरिया क्षेत्र के ग्राम गिधौर में स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय की छात्रा पायल ने कक्षा 9 के लिए नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चार बच्चों ने इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रवेश परीक्षा दी थी। लेकिन सफल केवल एक छात्रा हुई है। नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय के समस्त स्टाफ व माता-पिता की ओर से पायल को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर विद्यालय विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका बबीता रानी,मालती गौतम, रितु बरनवाल,सुनीता जोशी, रेनू वाला शुक्ला,वेदपाल, हर्षिता सिंह,संजय कुमार, लीलावती सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

## योगी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर सेवा सुरक्षा सुशासन के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बैठक आयोजन विकासखंड मरौरी सभागार में हुआ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ के द्वारा हर वर्ग के लोगों के लिए जनलोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन सभी योजनाओं को पूरे भारतवर्ष में हर व्यक्ति लाभ लेने का कार्य कर रहा है। चाहे वह स्वयं सहायता समूह हो के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बनने का कार्य कर रही है। और रोजगार के नए-नएअवसर प्रदान किया जा रहे हैं जिससे महिलाएं सशक्त हो रही है आज के कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता वर्मा,खंड विकास अधिकारी लियाकत अली, एडीओ पंचायत मेहरबान राणा ,वर्षा गंगवार सहित अन्य स्टाफ उपस्थिति रहा हैं।

## श्रीमद भागवत कथा श्रवण से भक्तों को मिलती है मुक्ति : आचार्य कमलेश जी मिश्र

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य कमलेश जी मिश्र ने कहा कि जीव और ब्रह्म के मिलन को ही रास कहा जाता है। उन्होंने कहा कि कहा कि जीव अर्थात गोपिकाएं और ब्रह्म अर्थात भगवान श्रीकृष्ण का मिलन ही रास है क्योंकि जब जीव का मिलन ब्रह्म से होता है तो वह सांसारिक मोह माया से परे हो जाता है।उसे सांसारिक वस्तुओं से विरक्ति हो जाती है।भगवान श्रीकृष्ण साक्षात परमब्रह्म के अवतार हैं और भगवान के समान ही गोपिकाएं भी सच्चिदानंदमयी हैं।उनके हृदय में भगवान श्रीकृष्ण को तृप्त करने प्रेमामृत है।उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपने बच्चों के नाम भी सोच समझकर रखना चाहिये क्योंकि जीवन में नाम का भी असर पड़ता है। कथा व्यास आचार्य कमलेश जी मिश्र ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण से भक्तों को मुक्ति मिल जाती है।कथा व्यास आचार्य कमलेश जी मिश्र ने तिलोई के खण्ड शिक्षा अधिकारी राम किशुन कश्यप, शिक्षक नेता नवनीत त्रिवेदी सहित अन्य लोगों को अंगवस्त्र और प्रभु श्रीकृष्ण की प्रतिमा भेंट किया।कथा के यजमान सतीश मिश्रा व अनामिका ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन किया।इस अवसर पर सुरेन्द्र नाथ पाण्डेय, सिद्धार्थ द्विवेदी, रवि कांत श्रीवास्तव, सुनील सिंह,शुभम मिश्रा, अंकित मिश्रा, रजनीश मिश्रा, दिलीप गुप्ता, नीरज शुक्ला सहित अन्य तमाम श्रोतागण मौजूद रहे।

# सर्वेक्षण से मूल्यांकन करने में मदद मिलती है : सीमा कुशवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संचालित किए जाते हैं, ताकि समाज के कमजोर वर्गों तक बुनियादी स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएं पहुंच सकें। आंगनवाड़ी का मुख्य उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं के समग्र विकास ,पोषण और शिक्षा को सुनिश्चित करना है। ये बातें प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने बी ए शिक्षाशास्त षष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को आंगनवाड़ी केंद प्राथमिक विद्यालय डिहवा के सर्वेक्षण हेतु रवाना करते समय कही। विभागाध्यक्ष डॉ शिल्पी सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी केंद्र का सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिसका उद्देश्य केंद्र की कार्यक्षमता, लाभार्थियों की स्थिति, सेवाओं की गुणवत्ता और जरूरतों का आकलन करना होता है। सर्वेक्षण के आंकड़े




भावी सुधार में सहायक होते है। असिस्टेंट प्रो सीमा कुशवाह ने कहा कि सर्वेक्षण एक आवश्यक प्रक्रिया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों और महिलाओं को आवश्यक पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाएँ सही तरीके से मिल रही हैं। इससे योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करने और आवश्यक सुधार करने में मदद मिलती है। यहाँ आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकत्री सीमा रानी, सुशीला देवी, उषा रानी, इशरत बानो, सहायिका मीरा देवी, बीना पाण्डेय, शाहीन बेगम ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए विविध सवालों का जवाब दिया। एकत्रित सूचनाओं के आधार पर विद्यार्थी अपनी सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर बी ए शिक्षाशास्त्र षष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# शहर विधायक रह चुके सैयद अली अशरफी के निधन पर जिले में शोक की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सपा नेता के आवास पर एक बैठक आयोजन किया गया जिसमें तौफीक अहमद कादरी जिला सचिव ने बैठक में शहर विधायक रह चुके और कई बार के एमएलसी किछौछा शरीफ के आले नबी औलाद ए रसूल हजरत सैयद अली अशरफी के किछौछा शरीफ में इंतकाल पर कार्यकर्ताओं ने दुख का इजहार किया सपा जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी ने कहा की सैयद अली अशरफी जिला पीलीभीत की शहर विधानसभा सीट से 1985 से 1989 तक शहर विधायक रहे और कई बार कंाग्रेस सरकार में एमएलसी भी रहे सैयद अली सर्फी सादगी की मिसाल थे। और हिंदुस्तान की मशहूर खानकाह ए अशर्फियां के चश्मा चिराग थे। उनके इंतकाल से उनके अकीदत मंदों में दुख देखा जा रहा है। तौफीक अहमद कादरी ने बताया की सैयद अली अशरफी से उनकी कई बार मुलाकात हुई।मुलाकात के दौरान हमेशा वह कार्यकर्ताओं का सम्मान रखते थे।और उनका कार्यकाल बहुत बेहतर रहा था।सैयद अली अशरफीएक ऐसी शख्सियत थे। जिन्होंने अपनी जिंदगी में सुन्नते मुस्तफा पर अमल करते रहे इस दौरान उन्हें खिराजे की पेश की गई खिराजे हकीकत पेश करने वालों में मुख्य रूप से तौफीक अहमद कादरी, नादिर रजा बरं ाती, खालिद रजा बरकाती,जमील अहमद, वसीम अशरफी,हबीब अशरफी, मोइन असर्फी, सरताज अहमद, बाबा, अकरम, मानू चिश्ती, अंग्रेज सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# महिलाओं के सम्मान में सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं की गई संचालित : डॉ महेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में विकास उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व जल शक्ति मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य डॉ महेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर दूसरे दिन डीपीआरसी में विभिन्न विभागों यथा कृषि, उद्योग, जल जीवन मिशन, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास, खादी ग्रामोद्योग, पुलिस (मिशन शक्ति), एनआरएलएम, चिकित्सा, खाद्य सुरक्षा, बेसिक शिक्षा, बैंक, नगर पालिका और विद्युत विभाग द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टालों का जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा जनसामान्य ने अवलोकन किया साथ ही इस उत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रभाव का अनुभव किया। वहीं विकास



उत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए जन आरोग्य मेले का मा. सदस्य विधान परिषद ने फीता काट कर उद्घाटन किया। तदोपरांत डीपीआरसी के हाल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को बुके देकर उनका स्वागत किया। पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह ने प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम की मुख्य थीम महिला सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था पर आधारित है इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को बधाई दी और कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा व उनके उत्थान को लेकर अनेक कार्य किया जा रहे हैं प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है आज के इस कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा बेहतरीन तरीके से अपने अपने विभाग में संचालित योजनाओं के स्टॉल लगाकर जन सामान्य को योजनाओं की जानकारी दी गई। एक जनपद एक उत्पाद के स्टॉल की प्रशंसा करते हुये कहा कि मूंज क्राफ्ट में महिलाओं द्वारा अनेक प्रोडक्ट बनाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है।जनपद अमेठी में ही कुल 31475 बहाने लखपति दीदी बनी है।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पूरी तरह से बदल रहा है उत्तर प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। पूर्व की अपेक्षा उत्तर प्रदेश का बजट बढ़ाकर आठ लाख करोड़ से अधिक कर दिया गया है उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में दोगुनी वृद्धि हुई है प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। इसके उपरांत जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला चिकित्सा अधिकारियों, स्टाफ नर्स, सीएचओ, आशा बहू, आशा संगिनी को प्रमाण पत्र राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित पांच स्वयं सहायता समूह को सीसीएल फंड, बाल विकास के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली दस आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना के पांच लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के चार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के दो लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं महिला कल्याण विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया।इस मौके पर उक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीपीआरओ मनोज त्यागी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, मीडिया प्रभारी भाजपा चंद्रमौली सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण व लाभार्थी गण तथा जन सामान्य उपस्थित रहे।

## नगदी और न्याय

दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास के एक स्टोररूम से कथित रूप से बेहिसाब नगदी की बरामदगी ने देश के जनमानस व न्यायिक बिरादरी को झकझोरा है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की एक जांच समिति गठित की है। वहीं पारदर्शिता सुनिश्चित करने और गलत सूचनाओं को दूर करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक की है। इस रिपोर्ट ने निष्कर्ष दिया है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है। ऐसा जरूरी भी था क्योंकि उच्च न्यायपालिका की ईमानदारी और विश्वसनीयता दांव पर है। हालांकि, न्यायाधीश ने दावा किया है कि उनके या परिवार के किसी सदस्य द्वारा स्टोर रूम में कभी कोई नकदी नहीं रखी गई थी। इस बयान ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। सवाल उठाया जा रहा है कि कड़ी सुरक्षा में रहने वाले सरकारी आवास में क्या बिना जानकारी के पैसा रखा जा सकता है? तो क्या किन्हीं आवासीय कर्मचारियों या बाहरी लोगों ने ऐसा कृत्य किया? यदि यह वास्तव में जज को फंसाने की सजिश थी, तो उसमें कौन लोग शामिल थे? निश्चित रूप से ऐसे सवालों का जवाब मिलने में विलंब से अविश्वास की धुंध और गहरी होगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपनाए गए ऐतिहासिक- 'न्यायिक जीवन के मूल्यों का पुनर्कथन' में यह निर्दिष्ट किया गया था कि किसी न्यायाधीश द्वारा ऐसा कोई कार्य या चूक नहीं होनी चाहिए, जो उनके उच्च पद और उस पद के प्रति सार्वजनिक सम्मान के अनुरूप न हो।' निस्संदेह, न्यायपालिका में जनता के विश्वास को कम करने वाले किसी भी विवाद की गहरी जांच होनी चाहिए। साथ यह भी जरूरी है कि जांच निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरी हो। वास्तव में सत्य, न्याय और न्यायिक जवाबदेही के हित में ऐसे मामलों में कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाने का दायित्व अदालतों और जांच एजेंसियों का है। बहरहाल,शीर्ष अदालत ने विवादों में घिरे न्यायाधीश के प्रति सख्त रवैया अपनाते हुए उन्हें न्यायिक कामकाज से अलग रखने के निर्देश दिए हैं। सार्वजनिक विमर्श में उनका तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट करने की चर्चा भी रही। इस मामले में शीर्ष अदालत ने जिस तरह तत्परता से कार्रवाई की और पारदर्शिता बनाये रखने के लिये कदम उठाए, उसे सराहा गया। यहां तक कि दिल्ली हाईकोर्ट ने जस्टिस वर्मा के घटनाक्रम से जुड़े कॉल्स सुरक्षित रखने को कहा है। यहां तक कि अदालत ने पिछले छह माह के कॉल रिकॉर्ड भी पुलिस से मांगे हैं। वहीं दूसरी ओर शीर्ष अदालत ने पुलिस द्वारा रिकॉर्ड वीडियो, तस्वीरें व शुरुआती जांच रिपोर्ट भी सार्वजनिक विमर्श में ला दी है। निश्चित रूप से न्याय की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति से बेदाग होने की उम्मीद की जाती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकरण से जुड़ी सामग्री के वायरल होने के बाद लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी, ताकि सच सामने आ सके। यदि कोई साजिश है तो उसका खुलासा हो और यदि नहीं तो न्यायिक व्यवस्था की शुचिता अक्षुण बनाये रखने के लिये सख्त कार्रवाई की जाए। यह एक हकीकत है कि अन्याय के विरुद्ध उम्मीद की अंतिम किरण लेकर व्यक्ति न्याय की चौखट पर दस्तक देता है। यदि ऐसे प्रकरण सच साबित होते हैं तो उसके विश्वास को धक्का लगेगा। निस्संदेह, न्याय व्यवस्था का सवालों के घेरे में आना एक गंभीर मुद्दा है। इस घटनाक्रम से न्याय व्यवस्था पर छींटे आए हैं, उन्हें साफ करना जरूरी है। आम लोगों को विश्वास है कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित जांच समिति सच को सामने लाने में पारदर्शी व निष्पक्ष कार्रवाई करेगी। लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभ की शुचिता बनाये रखने के लिये यह बेहद जरूरी भी है। निस्संदेह, न्यायपालिका का लक्ष्य सिर्फ संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना ही नहीं है बल्कि सार्वजनिक जीवन में निष्पक्षता, ईमानदारी और विश्वसनीयता के मूल्यों के आदर्शों का प्रतिनिधित्व करना भी है। कमोबेश यहां न्यायिक अस्मिता को अक्षुण्ण बनाये रखना भी अनिवार्य शर्त है। अन्यथा न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है।

# संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण

**मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कंग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिशयोक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-ಌ बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कंग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है? दरअसल, भाजपा और कंग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है।**

कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-ಌ बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है? दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई। वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब अगर ऐसे आरक्षण की जरूरत पड़ने लगी है, या कांग्रेस मुसलमानों के वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिये आरक्षण का हथियार चलाती है तो संविधान में संशोधन तो करना ही होगा। अपने आजाद देश में जरूरतमंदों को आरक्षण देने के लिए करीब 12 बार संविधान में संशोधन किए गए है और मुस्लिमों को महज मजहबी बुनियाद पर आरक्षण देने के लिए भी ऐसी जरूरत पड़ेगी। गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।' कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है। कांग्रेस भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, मुस्लिम आरक्षण को संविधान में जगह देकर संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफत की जा रही है। मुस्लिमों को आरक्षण असंवैधानिक हैं। कांग्रेस बार-बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की मूल भावना को चुनौती दे रही है। मुस्लिम वोटबैंक के लिए ऐसा किया जाना संविधान की मूल भावना से खिलवाड है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी का रवैया आरक्षण को लेकर समय-समय पर बदलता रहा है। कभी उसने संविधान संशोधन की बात की, तो कभी आरक्षण का विरोध किया, तो कभी धर्म के आधार पर आरक्षण देने के प्रयास भी किए। आपातकाल के काले दौर में कांग्रेस द्वारा ऐसा भी किया गया, जब इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की मूल प्रस्तावना ही बदल डाली। कांग्रेस नेता संविधान की किताब जेब में रखते हैं, लेकिन इसे कमजोर करने के लिए हरसंभव कोशिश भी करते हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और देश को बताना चाहिए कि कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव क्यों करना चाहती है? कांग्रेस का रवैया हर प्रकार से संविधान विरोधी ही रहा है। संविधान को कमजोर करने वाले अनेक प्रयास कांग्रेस समय-समय पर करती आई है। कांग्रेस द्वारा अपने शासनकाल में इस पर संशोधन लाने का प्रयास किया गया कि सरकार संविधान में क्या-क्या परिवर्तन कर सकती है? स्पष्ट है कि कांग्रेस के लिए हमारा संविधान केवल सत्ता को साधने का एक उपकरण मात्र रहा है, संविधान के प्रति सम्मान की भावना कांग्रेस के चरित्र में नहीं है। जबकि वर्ष 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार संविधान के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की संकल्पना को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। भारतीय संविधान और लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की मंशा से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं। **–ललित गर्ग**

# जलवायु परिवर्तन पर देश में नई नीति की जरूरत

**राकेश दुबे**

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खासतौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बुआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी। पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।

### सेहत मंत्र

## रामबाण से कम नहीं है बादाम का सेवन करना

बादाम को अक्सर इसमें पाएं जाने वाले पोषण लाभों के कारण सुपरफूड भी माना जाता है। आवश्यक विटामिन, खनिज और स्वस्थ फैट्स से भरपूर, ये छोटे-छोटे नट्स नियमित रूप से सेवन किए जाने पर ओवरऑल हेल्थ में काफी सुधार आता हैं। चाहे आप अपने मस्तिष्क की कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना चाहते हों, हृदय स्वास्थ्य को बढ़ाना चाहते हों या स्वस्थ वजन बनाए रखना चाहते हों, तो आप बादाम को आपके दैनिक आहार जरुर शामिल करें । भारत में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के साथ, हर एक चीज सोच-समझकर खाना बहुत जरूरी हो गया है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर बादाम स्वस्थ रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखने के लिए बेहतरीन हैं। खास तौर पर टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए, बादाम बेहतर रक्त शर्करा नियंत्रण में मदद करते हैं और कार्ब्स के ग्लाइसेमिक प्रभाव को कम करते हैं। बादाम आपके दिल के सबसे अच्छे दोस्त हैं। शोध से पता चलता है कि संतुलित आहार के हिस्से के रूप में रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाने से अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा मिल सकता है, पेट की चर्बी कम हो सकती है और आपकी कमर को कम करने में मदद मिल सकती है - जो बेहतर हृदय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। बादाम में जिंक, कॉपर, मैग्नीशियम, आयरन और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। ये पोषक तत्व आपके शरीर की सुरक्षा को बढ़ाने और आपको स्वस्थ रहने में मदद करने के लिए मिलकर काम करते हैं। वास्तव में, FSSAI भी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वस्थ संतुलित आहार में बादाम को शामिल करने की सलाह देता है। क्या आप ऊर्जा की कमी महसूस कर रहे हैं? बादाम आपकी मदद कर सकते हैं। हेल्दी फैट्स, प्रोटीन और फाइबर से भरपूर, ये आपको ऊर्जावान बनाए रखने के लिए एकदम सही हैं। तेज-तर्रार लाइफस्टाइल को देखते हुए, ये उन लोगों के लिए एकदम सही हैं जो चलते-फिरते एनर्जी बढ़ाना चाहते हैं।

### धर्म मंत्र

## जब काशी में एक हजार महिलाओं ने गाया 'शिव तांडव स्रोत'

वाराणसी को आध्यात्मिक नगरी होने के साथ ही बाबा भोलेनाथ की नगरी भी कहा जाता है। अगर आपको बनारस आने का सौभाग्य प्राप्त हो, तो आप देखेंगे कि यहां की प्रत्येक गली में आपको एक छोटा शिव मंदिर दिखाई दे जायेगा। आस्था की इस महानगरी का संबंध प्राचीन काल से है। वाराणसी या बनारस में कल-कल बहती मां गंगा की निर्मल धारा अनायास ही भक्तों को अपने पास बुलाती है। बनारस के घाट भारत के सुप्रसिद्ध घाटों में गिने जाते हैं। वहीं आप जब भी संध्या के समय बनारस के गंगा घाटों पर जाएंगे तो आपको भजन कीर्तन करते साधुओं की टोली नजर आ जाएगी। लेकिन आज हम बात कर रहे हैं वाराणसी में गंगा किनारे हुए एक भव्य आयोजन की। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि नारी शक्ति को सम्मान देते हुए 1000 से अधिक महिलाओं द्वारा शिवजी को अत्यंत प्रिय 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ कराया गया। इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए भारत के 14 राज्यों से महिलाएं शामिल हुई थीं। बताया जा रहा है कि इस आयोजन को मुंबई की एक संस्था के द्वारा आयोजित किया गया था और महिलाओं को इसमें शामिल कराने का पूरा जिम्मा इस संस्था ने ही उठाया था। इस आयोजन में शामिल हुई महिलाएं जब वाराणसी के गंगा घाट पर लाल और हरे रंग की साड़ी में पहुंची तो नजारा बेहद अद्भुत लग रहा था। वहीं, जब 1000 से भी ज्यादा की संख्या में नारी शक्ति ने एक साथ 'शिव तांडव स्त्रोत' का पाठ शुरू किया तब गंगा घाट का नजारा शिवमय हो गया।

### पर्यटन



## पंजाबी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम है गुरदासपुर शहर

गुरदासपुर, पंजाब राज्य का एक प्रमुख शहर, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है, पर्यटकों के लिए एक अद्भुत गंतव्य है। यह शहर पंजाब के उत्तर-पश्चिमी भाग में स्थित है और यहाँ की हरियाली, शांतिपूर्ण वातावरण और ऐतिहासिक स्थल आपको एक अनोखा अनुभव प्रदान करते हैं। आइए जानते हैं गुरदासपुर पर्यटन के कुछ प्रमुख आकर्षणों के बारे में। गुरदासपुर का सबसे प्रमुख धार्मिक स्थल है गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, जो सिख धर्म के अनुयायियों के लिए एक पवित्र स्थल है। यह गुरुद्वारा विशेष रूप से अपने अद्भुत वास्तुशिल्प और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर आने वाले श्रद्धालु न केवल धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, बल्कि यहां की शांति और वातावरण में एक गहरी आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करते हैं। गुरदासपुर जिले में बहने वाली रवी नदी भी एक प्रमुख पर्यटक स्थल है। यह नदी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जानी जाती है। नदी के किनारे बसे गांव और जंगल पर्यटकों को एक अलग तरह का अनुभव प्रदान करते हैं। यहाँ पर लोग पिकनिक, ट्रैकिंग और नाव की सवारी का आनंद भी ले सकते हैं। गुरदासपुर जिले के मंडि अहमदगढ़ में स्थित संतोख सिंह का मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह मंदिर सिख धर्म के प्रसिद्ध संत संतोख सिंह जी को समर्पित है। मंदिर के आस-पास का क्षेत्र बहुत ही शांत और हरा-भरा है, जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को सुकून और शांति का अनुभव कराता है। गुरदासपुर जिले में स्थित अलीवाला किला एक ऐतिहासिक स्थल है, जिसे 19वीं शताब्दी में बनवाया गया था। यह किला अपनी प्राचीन वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ पर जाने से पर्यटक इतिहास के महत्वपूर्ण हिस्सों को जानने और समझने का अवसर पाते हैं। किले के चारों ओर फैली हरियाली और किले की संरचना इसे एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल बनाती है। गुरदासपुर में स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यहाँ पर कृषि संबंधित शोध और विकास कार्य किए जाते हैं। पर्यटक यहाँ आकर कृषि के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और पंजाब की कृषि में हो रहे नवाचारों को देख सकते हैं।

# प्रदेश सरकार की सेवा,सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष जिले भर में हुए भी विविध आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा/रामनगर/ सिरौलीगौसपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा,सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले के विकास खंड मुख्यालयों पर भव्य आयोजन हुए। किसानों को सम्मानित किया गया। निंदूरा विकास खंड के सभागार में बुधवार को आयोजित किसान गोष्ठी व मिशन शक्ति कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख रामू गुप्ता ने की।



कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा कृषको को मक्का का बीज अनुदान पर वितरित किया गया। कृषकों को कृषि की महत्वाकांक्षी योजनाओं,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिसन,बीज ग्राम कृषि पंजीकरण और विकास खण्ड स्तर पर संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई।एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी ने कृषि विषयक चर्चा की। मंच संचालन कर रहे खंड तकनीकी प्रबंधक सुशील अग्निहोत्री ने आत्मा योजना पर विस्तार से चर्चा की। ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता ने अपने संबोधन की शुरुआत मातृशक्ति की वंदना से की। उन्होंने सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभके लिए किसानों का आवाहन किया।

स्टालों का अवलोकन ब्लॉक प्रमुख रामू गुप्ता व बीडीओ निंदूरा आलोक वर्मा ने विभिन्न स्टालों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की।

इस मौके पर कुर्सी थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह,एडीओ कृषि हरि प्रकाश चौधरी,रमाकांत यादव, डा अर्जुन चौधरी,एकाउंटेंट अतुल गुप्ता ,शिवशंकर सिंह,सुधाकर सिंह उपस्थित रहे।



सिरौलीगौसपुर प्रतिनिधि ने बताया कि खंड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता मुख्य अतिथि रूप में सम्मिलित हुए। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ गरीब तबके के लोगों को मिल रहा है। रामनगर प्रतिनिधि ने बताया कि प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ब्लॉक सभागार रामनगर में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने की। उपजिलाधिकारी पवन कुमार मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा रामबाबू द्विवेदी ने सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में ऐतिहासिक सुधार हुए हैं।उन्होंने कानून-व्यवस्था शिक्षा स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण में हुई प्रगति को रेखांकित किया।कार्यक्रम में डिग्री कॉलेज के छात्रों को निःशुल्क टेबलेट वितरित किए गए गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुआ।आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौष्टिक आहार प्रदर्शनी लगाई जहां जनता को पोषण संबंधी जानकारी दी गई।निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 27 लोगों ने जांच कराई और 53 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं। विभिन्न विभागों ने योजनाओं की जानकारी हेतु स्टॉल लगाए थे। जिनका जनप्रतिनिधियों ने अवलोकन किया।कार्यक्रम का संचालन एडीओ कृषि डॉ. दलबीर सिंह ने किया।इस अवसर पर अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तीन थानों की पुलिस ने चार कारोबारियों को स्मैक के साथ भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना कमरौली जामो और मोहनगंज पुलिस ने मादक पदार्थो की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों पर शिकंजा कसने की शुरुआत कर दी है। इन तीन थानों की पुलिस द्वारा चार कारोबारियों को एक सौ तैंतालीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग चौदह लाख रुपया बताई जाती है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। थाना कमरौली के उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर रवीन्द्र गिरी पुत्र रामशंकर गिरी निवासी ग्राम पूरे गोसाई मजरे पलिया पश्चिम थाना कमरौली को जाफरगंज नाले पुल के पास से पैंतीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में उप निरीक्षक रामनाथ बौद्ध मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर शत्रोहन पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम सराय आलम मजरे नियांवा थाना कमरौली को सिन्दूरवा रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब साढ़े नौ बजे दिन में पैंतालिस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना जामो के उप निरीक्षक बालकराम मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुन्ना उर्फ सद्दाम पुत्र जाकिर निवासी ग्राम पूरे गुलजार मजरे दखिनवारा थाना जामो को अहद मोड पास से समय करीब सात बजे सुबह पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है।इसी क्रम में थाना मोहनगंज के उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मेराज अहमद पुत्र रियाज अहमद निवासी ग्राम भेलाई कला थाना मोहनगंज को पूरे मुकुन्द नहर मोड के पास से अड़तीस ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# गौशाला में अव्यवस्था देख नाराज हुए गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष, कार्यवाही के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फिरोजाबाद । उत्तर प्रदेश सरकार के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता बुधवार को गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने अव्यवस्थाएं मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं को गौ माता के दूध के महत्व को भी समझाया। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता बुधवार पंडित दीन दयाल उपाध्याय पब्लिक स्कूल पैमेश्वर गेट स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने स्कूल की छात्र-छात्राओं को गाय व गाय के दूध के महत्व व प्रकृति के महत्व को समझााया, तत्पश्चात वही पर गोपूजन किया। स्कूल भ्रमण के उपरान्त उन्होंने गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय के साथ मॉ0 सुवर्णा गौधाम एवं पंचगव्य आरोग्य केन्द्र लोहिया नगर का भ्रमण किया। केन्द्र पर गोमाता के पंचगव्य से कई तरह के उत्पाद बनाये जातें है व उनकी ब्रिकी की जाती है। जिससे गोमाता को स्वाबलम्बन मिलता है और गोसेवकों को स्वास्थ मिलता है। इस केन्द्र के संचालक गव्यसिद्ध डॉ0 अरिहंत जैन द्वारा किया जाता है।



इसके केन्द्र से वह बहुत प्रभावित हुए तथा उन्होने गोसेवकों से कहा कि इस प्रकार के कन्द्रो क्रा संचालन प्रत्येक जनपद में होना चाहिए। इसके वह कान्हा गोशाला पहुचें तथा वहाँ गोमाताओं को गुड़ खिलाया व गोपूजन किया। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रतिदिन गोवंशो को कुछ घंटे खुला छोड़ना चाहिए जिससे गोवंश विचरण कर सकें। तत्पश्चात अस्थायी गोआश्रय स्थल भरतपुरा नैपई का निरीक्षण किया। यहां पर गोशाला पर स्थिति बहुत खराब मिली। मौके पर दाना, चौकर व हरा चारा नहीं मिला, पीने के पानी की व्यवस्था भी सही नहीं मिली। मौके पर चारे की चरही एक दम खाली मिली। कुछ गोवंश कुपोषित मिलें। इस अव्यवस्थाओं को देख कर आयोग के अध्यक्ष ने रोष व्यक्त किया। गोशालाओं में व्याप्त अव्यवस्थाओं के लिये दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश उपजिलाधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 विश्वजीत सिंह को दिये।

## आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के पदाधिकारी ने ईओ को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

खैराबाद सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बुधवार को आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन के पदाधिकारी ने पांच सूत्रीय ज्ञापन ईओ प्रेम शंकर गुप्ता को ज्ञापन सौंपा कर ज्ञापन में मुख्य मांगें जैसे नगर पालिका में सार्वजनिक शौचालय ,पानी की टंकी, नगर पालिका कार्यालय कार्य हेतु विभिन्न पदों पर योग्यनुसार दिव्यांगजन की नियुक्ति की जाए। नगर पालिका में दिव्यांग जनों की समीक्षा बैठक की जाए । नगर पालिका द्वारा दिव्यांग एक्ट अधिनियम 2016 का दिव्यांग अधिकार व सुरक्षा संबंधित साइन बोर्ड लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए । जैसे मांगे ईओ के सामने रखी । इस अवसर पर प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल, अमीर अहमद,कार्यकारणी सदस्य गुड्डू, कासिम, भागीरथ, अनूप कुमार, रत्नेश श्रीवास्तव, करीम, अकबर अली आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## झाड़ियों में मिला अज्ञात युवती का शव

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के चौकाघाट रेलवे स्टेशन लहड़रा मोड़ के पास झाड़ियों में 18 वर्षीय अज्ञात युवती का शव झाड़ियों में मिला। सूचना पाकर मौके पर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत व थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे समेत पुलिस टीम पहुंची।शव करीब एक सप्ताह पुराना होना बताया जा रहा है। जिस में कीड़े पड़ चुके हैं।युवती ने नीली जींस सफ़ेद-गुलाबी फ्रॉक और हरा दुपट्टा पहना था।पहचान के लिए बहराइच व जरवल थानों को सूचना भेजी गई है।शव का पंचनामा कर परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेजा गया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी

सिरौलीगसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस महकमे द्वारा महिला सुरक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, न्यायिक उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता, तहसीलदार अजीत कुमार जायसवाल, एडीओ पंचायत शम्भूनाथ पाठक, सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सुपर वाइजर अर्चना सिंह, लेखपाल सन्दीप वर्मा शुभेन्द्र अवस्थी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार वर्मा और तकनीकी सहायक अखिलेश वर्मा सहित कई कर्मचारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## क्षय रोगियों को निश्चय पोषण पोटली वितरित

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धौर पर बुधवार को सिद्धौर सीएचसी प्रभारी डा.कुमार संजय पांडे द्वारा पांच क्षय रोगियों को निश्चय पोषण पोटली का वितरण किया।इस मौके पर सिद्धौर सीएचसी के एसटीएस भूपेंद्र कुमार,सीएचओ श्यामलाल ,संजय कुमार मौर्या आदि मौजूद रहे।

## नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र का सम्मान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हमीदनगर के कम्पोजिट विद्यालय में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र आशीष कुमार का सम्मान किया गया। इस अवसर आशीष के पिता अनिल कुमार व माता को भी सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगजीवन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक प्रवेश कुमार और अमित सिंह के साथ शिक्षामित्र देशराज और रिंका देवी भी उपस्थित रहे। न्याय पंचायत महमूदाबाद क्षेत्र के हमीदनगर गांव के ग्राम प्रधान ललित कुमार वर्मा ने भी समारोह में शिरकत की। उन्होंने छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार ने आशीष के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## नम्बर-4 घाट पर पुल का निर्माण शुरू, किसानों में हर्ष

गोरखपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत बांसगांव की चेयरमैन प्रीति सिंह के प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह बबलू के नेतृत्व में बुधवार से आमी नदी के कछार क्षेत्र में स्थित नम्बर-4 घाट पर अस्थाई पुल का निर्माण शुरू हो जाने से किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गयी। मालूम हो कि बांसगांव उपनगर सहित आसपास के गांवों के किसानों का नदी के उस पार हजारों एकड़ क्षेत्रफल में गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार। लेकिन नम्बर-4 घाट पर पुल के नहीं होने से फसल कटाई के बाद उसकी ढुलाई के लिए किसानों के समक्ष मुसीबत खड़ी है। ऐसी दशा में विजय कुमार सिंह बबलू के नेतृत्व में दर्जनों उत्साही किसान ट्रैक्टर ट्राली के साथ नम्बर-4 घाट के तटों पर मिट्टी भराई तथा ह्यूम पाइप डालने का काम शुरू कर दिया है। जिससे किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गयी है। इस काम में शिव सिंह, जय सिंह, रजत सिंह, दुष्यंत सिंह, ओमप्रकाश सिंह, गौरव सिंह आदि किसान सराहनीय सहयोग करने में जुटे हैं।

## हरियाणवी डांसर सपना चौधरी के मामले में अब 8 अप्रैल को होगी सुनवाई

मुरादाबाद। हरियाणा की डांसर सपना चौधरी के मामले में बुधवार को एक अधिवक्ता की मृत्यु हो जाने के कारण वकीलों ने आज न्यायिक कार्य नहीं किया। इस मामले में अगली सुनवाई अब 8 अप्रैल को होगी। बता दें कि, 11 जून 2019 को सपना चौधरी रेलवे स्टेडियम मुरादाबाद आईं थीं। कार्यक्रम में भीड़ बेकाबू हो गई थी। पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था। जिसमें कई दर्शक चोटिल हो गए थे। इस मामले में थाना मझोला क्षेत्र निवासी नेता रामेश्वर दयाल तुरैहा ने अधिवक्ता के माध्यम से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरादाबाद की अदालत में वाद दायर किया था।

# उपगन्ना आयुक्त ने किसानों को दी जानकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उपगन्ना आयुक्त बारेली ने बताये गन्ना उपज बढ़ोत्तरी के टिप्स गन्ना विकास परिषद, बीसलपुर के ग्राम मानपुर मे बसंतकालीन गन्ना बुआई हेतु चलाये जा रहे। विशेष प्रचार प्रसार अभियान मे प्रगतिशील कृषकों को बीज गन्ना प्रबंधन,बीज - भूमि उपचार, पोषक तत्व प्रबंधक, पौध रक्षा एवं पेड़ी प्रबंधन के बारे मे जानकारी दी गयी।गाँव के किसानो को राजीव राय उपगन्ना आयुक्त बरेली ने गन्ने की पैदावार बढ़ाने के टिप्स दिये। उन्होंने बताया की गन्ना बुवाई से पहले किसान भाई पोटाश एवं फॉस्फोरस की पूरी मात्रा को ज़मीन मे मिला दे तथा नाइट्रोजन की आधी मात्रा को भी ज़मीन मे मिला दे। बुवाई से पहले दो से तीन ट्राली सड़ी हुई गोबर की खाद प्रति एकड़ की दर से ज़मीन मे मिला दे। सरसो की खली 5 कुं. तथा 50 किग्रा जिप्सम को भी बुवाई से पहले खेत मे मिला दे।एनपीके 12:32:16 की 100 किग्रा एवं सिंगल सुपर फसफ़ेट को प्रति एकड़ की दर से खेत मे मिला दे।जहाँ तक हो सके मिट्टी की जाँच कराकर ही रासायनिक खादों का प्रयोग करे।खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने बताया कि बसंतकालीन गन्ने के साथ किसान भाई खरबूजा, खीरा, उर्द, मूंग की खेती करके अधिक लाभ ले सकते हैं द्य इस समय तापक्रम लगातार बढ़ रहा है तो यह जरूरी है कि गन्ना बुवाई करते समय खेत मे पर्याप्त नमी हो जिससे कि गन्ने का जमाव ठीक हो सके।बुवाई करने के बाद मेट्रिब्यूजिन 300 ग्राम खरपतवारनाशी रसायन को 400 लीटर मे घोल बना कर छिड़काव करे जिससे कि खरपतवार कम हो।इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बीसलपुर, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर, हरिकृष्णा गुप्ता प्रधान प्रबंधक बीसलपुर चीनी मिल, अवधेश कुमार मुख्य गन्ना अधिकारी बीसलपुर, सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक रुकुम सिंह, गन्ना किसान डोरी लाल, धर्मवीर, भीमसेन, कुलदीप गंगवार, वीरेंद्र कुमार, शिवकुमार अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# इबादत का बेहतरीन महीना है रमजान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। परमात्मा गाड ईश्वर खुदा के नाम से पुकारते हैं जिसके कब्जे में हम सब की जान है। जिस तरीके से एक माता पिता अपने बच्चे से प्यार करता उसी तरीके से खुदा भी अपने बन्दो से प्यार करता है और वह हमारे हर गुनाहो की माफी के लिए रास्ता खोल रखा है जो खुदा हमारे ऊपर इतना मेहरबान है उसको कैसे कोई भुला सकता है इसी लिए उस महान हस्ती को कोई नमाज पढ़कर कोई पूजा करके अपने अपने धर्म के अनुसार मानता है। उसी खुदा की इबादत करने का पवित्र महीना रमजान है रमजान में जमाअत के साथ नमाज पढ़ने में बेहद सवाब है इसी लिए पॉच वक्त रमजान में सभी मस्जिदों में जमाअत के साथ नमाज होती है और जुमाकी नमाज में दूर दराज से लोग नमाज पढ़ने आते हे रमजान का जुमा साल भर के जुमा से कहीं बढ़कर है इसी लिए इबादत के लिए रमजान के महीने की खास अहमियत हैएकता मानवता व मेल मोहब्बत का पैगाम देता है रमजान। रमजान के माह में जब सभी रोजेदार एक सफ लाइन में खड़े हो कर नमाज पढ़ते हैं और एक साथ अफतार करते हैं तो आपस में मेल मोहब्बत बढ़ ता है एक साथ नमाज पढ़ने से अमीर गरीब का फर्क ख़त्म होजाता है खुदा के सामने सभी एक समान हैं सबको बराबरी का अधिकार मिलता है। गुना हों से माफी का महीना है रमजान। रमजान एक ऐसा महीना है जिसमें बन्दा एक माह इबादत करता है और खुदा की इबादत के साथ साथ अपने कि ये हुए गुवाहो की अगर खुदा से माफी माँग ता है तो खुदा उसको माफ कर देता है। रमजान ही वह पवित्र महीना है जिसमें इंसान का ख्याल व जेहेन दिमाग पाक रहता है जब वह खुदा की इबादत में लग जाता है तो उसके दिल में बुरे खयालात नहीं आते और वह गुवाहो से बच जाता है।

# उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला को न्यायालय ने दो करोड़ 97 लाख 58 हजार का लगाया जुर्माना

## बिजली चोरी के पुराने मामले में 17 साल बाद दोषी करार

एजेंसी

वाराणसी। बिजली चोरी के पुराने मामले में नगर के चर्चित वयोवृद्ध उद्योगपति दीनानाथ झुनझुनवाला को न्यायालय ने दो करोड़ 97 लाख 58 हजार 827 रुपये का जुर्माना लगाया है। विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधिनियम) संध्या श्रीवास्तव ने 94 वर्षीय उद्यमी दीनानाथ झुनझुनवाला को 17 साल बाद दोषी करार दिया। अगर जुर्माना नहीं भरा जाता है, तो झुनझुनवाला को दो साल की सजा भुगतनी होगी। इसी मामले में एक अन्य आरोपी आशुतोष झुनझुनवाला को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। यह मामला 11 जून 2007 का है, जब बिजली विभाग ने सारनाथ स्थित झुनझुनवाला ऑयल मिल में बड़ी बिजली चोरी का पर्दाफाश किया था। तब के नगरीय विद्युत वितरण खंड (षष्ट्म) के तत्कालीन एक्सईएन संकटहरण सिंह ने इस मामले में सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, झुनझुनवाला ऑयल मिल के कनेक्शन संख्या 69554 की जांच में पाया गया कि स्वीकृत भार 200 केवीए के ट्रांसफार्मर पर क्षमता का प्लेट नहीं था, और वह ट्रांसफार्मर 400 केवीए का दिखाई दे रहा था। इसके अलावा, मौके पर 11 केवी का केबल मिला जो स्वीकृत भार से कहीं अधिक था। 11 केवी एचटी मीटरिंग का स्वतंत्र प्रवेशद्वार भी एलटी स्विच गियर रूम के साथ था, जो नियमानुसार गलत पाया गया। इसके अलावा, एलटी स्विच गियर रूम से तीन अतिरिक्त केबल जुड़े हुए थे, और स्विच गियर से दो नट सहित बोल्ट एवं एक बिना नट का बोल्ट प्राप्त हुआ, जिसे सील करके सुपुर्द किया गया। कोर्ट ने फैसला सुनाने के बाद दीनानाथ झुनझुनवाला को न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया। उनके द्वारा दी गई जमानत अर्जी में कहा गया कि वह इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। अपीलीय अवधि तक जुर्माने को स्थगित करने की मांग की गई और व्यक्तिगत बंधपत्र पर रिहाई की गुहार लगाई गई। कोर्ट ने उनकी अर्जी स्वीकार कर उन्हें एक लाख रुपये के व्यक्तिगत बॉन्ड पर रिहा कर दिया और अपीलीय अवधि तक 50 हजार रुपये के व्यक्तिगत बंधपत्र और उतनी ही राशि की दो जमानतें दाखिल करने के लिए 27 मार्च तक की मोहलत दी है।

# आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करें पीएमश्री विद्यालय

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**टीम भावना से कार्य करके बदलेगी पीएमश्री विद्यालयों की सूरत**

**प्रशिक्षण में शामिल हुए पीएमश्री विद्यालय के अध्यापक**

बाराबंकी,। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने विकास भवन स्थित स्वर्णजयंती सभागार में जनपद में पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का क्षमता संवर्द्धन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया प्रथम दिवस के सत्र में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने कहा कि यदि शतप्रतिशत छात्रों की उपस्थिति होगी तभी निपुण लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा, इसके साथ ही विद्यालय की पहचान भी सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में होगी। समस्त पीएमश्री विद्यालय आगामी सत्र में अन्य विद्यालयों के सापेक्ष सर्वाधिक नवीन नामांकन अपने विद्यालयों में करायें। जनपद के पीएमश्री योजनान्तर्गत चयनित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों हेतु क्षमता संवर्द्धन एवं प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 26 व 27 मार्च को किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिवस बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 18 परिषदीय पीएमश्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों के लिए कार्यशाला आयोजित हुई, माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत चयनित 06 पीएमश्री विद्यालयों का प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न होगा। संदर्भदाता व प्रधानाचार्य जीआईसी सूरतगंज अरविन्द सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएमश्री के रूप में चयनित समस्त विद्यालय अपने आप में विशिष्ट हैं, इसलिए उन्हें चुना गया है। अब हमारा दायित्व है कि हम अपने विद्यालय को सर्वश्रेष्ठ साबित करें। संदर्भदाता व खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र जैनेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को निपुण भारत मिशन, एनईपी 2020 की जानकारी सहित विभिन्न घटकों की जानकारी साझा करते हुए बेहतर विद्यालय संचालन की रणनीति व योजना साझा की। संदर्भदाता व खण्ड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज संजय कुमार ने विद्यालय में विभिन्न आधारभूत सुविधाओं के लिए किये जाने वाले प्रयास टीम भावना से मानव संसाधन का प्रभावशाली उपयोग करने की रणनीतियों को साझा किया। जिला समन्वयक निर्माण विश्वजीत राय, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्रीमती सुधा जायसवाल, जिला समन्वयक बालिक शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता नन्दन पाण्डेय, जिला समन्वयक एमआईएस पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न सत्रों का संचालन कर विभागीय जानकारियां प्रतिभागियों को प्रदान कीं। कार्यशाला का संचालन ईएमआईएस इंचार्ज पंकज कुमार वर्मा ने किया। कार्यशाला में समस्त पीएमश्री परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय से एक एक अतिरिक्त सहायक अध्यापक तथा कम्पोजिट विद्यालय से तीन तीन विषय के सहायक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर ब्लॉक एमआईएस सूर्यप्रकाश वर्मा, कुलदीप वर्मा,

# हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी से सतर्क रहना होगा लखनऊ को

एजेंसी

हैदराबाद। पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जॉइंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा जिसके बल्लेबाज किसी भी तरह के आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। सनराइजर्स के



बल्लेबाजों ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी थी और छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जिसमें ईशान किशन का शतक भी शामिल है। ऐसा लग रहा था कि किशन एक मिशन पर हैं। उन्होंने मुंबई इंडियंस द्वारा छोड़े जाने के बाद आईपीएल में अपना पहला शतक जड़ा और 47 गेंदों में नाबाद 106 रन की पारी में छह छक्के और 11 चौके लगाए। किशन के अलावा सनराइजर्स की टीम में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले मैच में रन बना कर जतला दिया था कि उनको किसी भी तरह से कम करके आंकना गलती होगी। ऐसी परिस्थितियों में लखनऊ को गेंदबाजी विभाग में स्पष्ट योजना के साथ मैदान पर उतरना होगा क्योंकि छोटी सी गलतियां भी काफी महंगी साबित हो सकती हैं। लखनऊ को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से एक विकेट की करीबी हार का सामना करना पड़ा था।

लखनऊ के कप्तान पंत पिछले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे। यही नहीं विकेट कीपिंग में भी उन्होंने गलतियां की। दिल्ली के पास जब केवल एक विकेट बचा था और उसे अंतिम ओवर में छह रन की जरूरत थी तब पंत स्टंपिंग का आसान मौका चूक गए थे। लखनऊ के लिए पिछले मैच में मिशेल मार्श और निकोलस पूरण ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अर्ध शतक लगाए थे तथा टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर लखनऊ के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उसका तेज गेंदबाजी विभाग कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने से कमजोर पड़ गया है और ऐसे में शार्दुल ठाकुर की जिम्मेदारी बढ़ जाती है जिन्हें लखनऊ ने पहले मैच से ठीक पहले मोहसिन खान की जगह अपनी टीम से जोड़ा था।

# श्रेयस ने कहा था शतक की चिंता मत करो, बस चौके-छक्के मारो: शशांक सिंह

एजेंसी

अहमदाबाद। आईपीएल 2025 के अपने पहले मुकाबले में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मंगलवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) को 11 रनों से हराकर धमाकेदार शुरुआत की। इस जीत में श्रेयस अय्यर की नाबाद 97 रन की पारी और शशांक सिंह की तूफानी बल्लेबाजी ने अहम भूमिका निभाई। पंजाब किंग्स की पारी के अंतिम ओवर में कप्तान श्रेयस अय्यर 97 रन पर थे, लेकिन शशांक सिंह को निर्देश मिला कि वे हर गेंद पर चौके-छक्के लगाने की कोशिश करें। शशांक ने वैसा ही किया और अंतिम ओवर में 23 रन जोड़ते हुए टीम के स्कोर को 243/5 तक पहुंचा दिया। शशांक ने 16 गेंदों में नाबाद 44 रन बनाए। मैच के बाद शशांक ने कहा, ''मैंने स्कोरबोर्ड नहीं देखा था, लेकिन जब पहली गेंद पर चौका लगाया तो देखा कि श्रेयस 97 पर थे। मैं उनसे पूछने जा रहा था कि क्या मुझे सिंगल लेना चाहिए, लेकिन उन्होंने खुद कहा कि उनकी सेंचुरी की चिंता मत करो। यह कहना बहुत हिम्मत और टीम भावना का परिचय है। गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 244 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे पाने के लिए उन्होंने शानदार शुरुआत की। साई सुदर्शन (74 रन), जोस बटलर और शेर्फेन रदरफोर्ड की पारियों ने टीम को 14वें ओवर तक मजबूत स्थिति में रखा। 9 से 14 ओवर के बीच गुजरात ने 87 रन बनाए, और आखिरी छह ओवरों में उन्हें 75 रन चाहिए थे। हालांकि,



पंजाब किंग्स के 'इम्पैक्ट प्लेयर' विजयकुमार वैशाक ने जबरदस्त गेंदबाजी कर मैच का रुख पलट दिया। उन्होंने अपने पहले दो ओवरों में केवल 10 रन दिए और 10 डॉट गेंदें फेंकी, जिससे गुजरात की लय टूट गई। पंजाब ने लगातार तीन ओवरों में कोई बाउंड्री नहीं दी, जिससे गुजरात मैच से बाहर हो गया। शशांक ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा, श्रेयस की कप्तानी सहज निर्णयों पर आधारित होती है। यही कारण है कि वह दुनिया के बेहतरीन कप्तानों में से एक हैं। हमें पता था कि वैशाक को कब लाना है, और उसने बेहतरीन गेंदबाजी की। उसने मुश्किल ओवरों में सटीक यॉर्कर फेंके और हमें जीत दिलाई। इस जीत के साथ पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 की शानदार शुरुआत की और अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

# पैरालंपिक पदक के बिना अधूरा महसूस करती हूं : भाग्यश्री जाधव

एजेंसी

नई दिल्ली। सच्चे चैंपियन मुश्किल राहों से गुजरते हैं, लेकिन उनकी मेहनत और जज्बा ही उन्हें खास बनाता है। अनुभवी शॉट पुटर और जैवलिन थ्रोअर भाग्यश्री जाधव ने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 पैरालंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन पदक से चूक गईं। अब उनकी नजर लॉस एंजिलिस 2028 पैरालंपिक में देश के लिए पदक जीतने पर टिकी है। महाराष्ट्र की 37 वर्षीय भाग्यश्री जाधव, जो पेरिस पैरालंपिक में भारत की ध्वजवाहक भी थीं, इस समय शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में शॉट पुट और जैवलिन थ्रो में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने दमखम का परिचय दिया। एफ-33-34 कैटेगरी (निचले अंगों की अक्षमता) में प्रतिस्पर्धा कर रहीं भाग्यश्री ने बीते डेढ़ साल में तीन इवेंट्स में छह स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। उन्होंने शॉट पुट में 7.30 मीटर की थ्रो कर कर्नाटक की मेधा जयंत (4.65 मीटर) को हराया, वहीं भाला फेंक में 13.57 मीटर की दूरी तय कर उत्तर प्रदेश की दीपिका रानी (10.42 मीटर) को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले भी उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। भाग्यश्री जाधव ने 2017 में पैरा खेलों में कदम रखा और पहली बार पुणे में आयोजित मेयर्स कप में भाग लिया, जहां उन्होंने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। इसके बाद मार्च 2022 में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपनी छाप छोड़ी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने भारत को कई बार गौरवान्वित किया है। 2022 एशियन पैरा गेम्स में उन्होंने एफ-34 कैटेगरी में 7.54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था।

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में जैकब डफी की बड़ी छलांग, टॉप-5 गेंदबाजों में पहुंचे

एजेंसी

दुबई। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी की आईसीसी मेंस टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में जबरदस्त उछाल जारी है। पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने के बाद डफी ने सात स्थानों की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान (694 रेटिंग अंक) पर कब्जा कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को ताजा पुरुष टी20 रैंकिंग जारी की, जिसमें डफी ने अपनी स्थिति और मजबूत की। पिछले हफ्ते उन्होंने 23 स्थानों की बड़ी छलांग लगाई थी और अब लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते वह करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तक पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहले दो मैचों में कुल छह विकेट चटकाए थे, जबकि अगले दो मुकाबलों में पांच और विकेट लेकर अपनी रैंकिंग को ऊंचाई तक पहुंचा दिया। पाकिस्तान की



ओर से तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने भी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 11 स्थानों की छलांग लगाकर 15वें स्थान (632 रेटिंग अंक) पर जगह बना ली है। उन्होंने पिछले दो मैचों में 3/27 और 3/29 के प्रभावशाली आंकड़े दर्ज किए थे। वहीं, उनके हमवतन अब्बास अफरीदी ने भी आठ स्थानों की छलांग लगाकर 36वें स्थान पर जगह बना ली है। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज ट्रैविस हेड टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वह भारत के अभिषेक शर्मा और इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से आगे हैं। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में सबसे बड़ी छलांग लगाई। उन्होंने 10 स्थानों की छलांग लगाकर 41वां स्थान हासिल किया। यह सुधार उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में 44 गेंदों पर 94 रनों की धमाकेदार पारी और एक तेजतर्रार 24 रन की पारी के बाद किया। न्यूजीलैंड के माइकल ब्रेसवेल ने टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने 12 स्थानों की छलांग लगाकर 14वां स्थान (141 अंक) प्राप्त किया। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 26 गेंदों पर नाबाद 46 और 18 गेंदों पर 31 रनों की पारी खेली थी। हाल ही में नामीबिया और कनाडा के बीच खेले गई टी20 सीरीज के बाद भी कुछ बदलाव देखने को मिले। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ऑलराउंडर रैंकिंग में टॉप-10 में बने हुए हैं, जबकि उनके साथी निको डेविन बल्लेबाजी रैंकिंग में 27 स्थानों की छलांग लगाकर 68वें स्थान (450 रेटिंग अंक) पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अंतिम मैच में नाबाद अर्धशतक जड़कर अपनी टीम को 3-0 से सीरीज जीत दिलाई थी।

## भारत के युवा खिलाड़ियों को बेखौफ होकर खेलते हुए देखना शानदार: स्टोइनिस

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर और आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेल रहे मार्कस स्टोइनिस भारतीय युवा खिलाड़ियों के बेखौफ होकर खेलने से काफी प्रभावित हैं। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के पिछले साल टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के बाद तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ियों ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने आईपीएल में अपने पहले मैच में ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया। स्टोइनिस ने पीटीआई से कहा, भारतीय क्रिकेट में काफी गहराई है। वह हमेशा से रही है। और मेरा मानना है कि उनके खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर अपने कौशल का नमूना पेश करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, वे आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। उन्हें अपने करियर के शुरू में ही आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में दबाव की परिस्थितियों से गुजरने का फायदा मिल रहा है।

# लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना के भाव में आज 300 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 89,280 रुपये से लेकर 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 81,840 रुपये से लेकर 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज भी दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट



सोना 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 89,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 89,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 81,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 89,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 81,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 89,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 89,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 81,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 89,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 81,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का निर्यात बढ़ना तय : डीजीएफटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने बुधवार को कहा कि वैश्विक व्यापार और शुल्क संबंधी अनिश्चितताओं के बावजूद आने वाले वर्षों में भारत का निर्यात बढ़ना तय है। सारंगी ने कहा कि निर्यातकों को वर्तमान वैश्विक व्यापार परिदृश्य के अनुरूप व्यावहारिक और समझदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य भारत के लिए कई तरह के काम करने का ''स्वर्णिम'' अवसर प्रस्तुत करता है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। 'सोर्सएक्स इंडिया-2025' कार्यक्रम में उन्होंने कहा, '' व्यापार और शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद, हमारा निर्यात आने वाले वर्षों में बढ़ने वाला है। इसका कार्यक्रम का आयोजन भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने यहां किया। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने चीन जैसे देशों पर जवाबी शुल्क या आयात शुल्क लगाया है और भारत पर दो अप्रैल से ऐसे शुल्क लागू करने की घोषणा की है। कुछ निर्यातकों ने चिंता जाहिर की है कि इंजीनियरिंग तथा दवा जैसे क्षेत्रों पर अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने से अमेरिका को निर्यात प्रभावित होगा, जो भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। सारंगी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तुओं व सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह 778 अरब डॉलर था। उन्होंने कहा, ''हम (हाल के) महीनों में निर्यात में अस्थायी गिरावट देख रहे हैं। हालांकि, दीर्घावधि में हमारे निर्यातक समुदाय हमें यह आभास दे रहे हैं कि ऑर्डर को लेकर उनसे हासिल की जा रही जानकारियां काफी सकारात्मक है और इससे मुझे विश्वास है कि हमारे निर्यात में वर्तमान स्तर की तुलना में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लियोनेल मेसी 14 साल बाद आएंगे भारत, अर्जेंटीना की टीम अक्टूबर में केरल में खेलेगी प्रदर्शनी मैच

**नई दिल्ली।** फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 14 साल बाद लियोनेल मेसी और अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम भारत का दौरा करने वाली है। अक्टूबर 2025 में केरल के कोच्चि में अर्जेंटीना एक प्रदर्शनी मैच खेलेगी। एचएसबीसी इंडिया ने अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत भारत में फुटबॉल को बढ़ावा दिया जाएगा। इस करार के तहत अर्जेंटीना की टीम भारत का दौरा करेगी और एक दोस्ताना मुकाबला खेलेगी। एचएसबीसी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ''इस साझेदारी के तहत अर्जेंटीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम, जिसमें दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेसी भी शामिल हैं, अक्टूबर में भारत का दौरा करेगी और एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी मैच खेलेगी। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष क्लाउडियो फ़ेबियन टापिया ने इस करार को अपनी टीम के अंतरराष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक नया मील का पत्थर बताया। यह समझौता भारत और सिंगापुर में अर्जेंटीना की फुटबॉल उपस्थिति को मजबूत करेगा और 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर से पहले टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा। गौरतलब है कि लियोनेल मेसी ने इससे पहले 2011 में भारत में एक मैच खेला था, जब अर्जेंटीना ने कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में वेनेज़ुएला के खिलाफ एक दोस्ताना मुकाबला खेला था। उस मैच में अर्जेंटीना ने 1-0 से जीत दर्ज की थी, जिसमें स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। भारत में फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह एक ऐतिहासिक पल होगा, जब मेसी जैसे दिग्गज खिलाड़ी एक बार फिर भारतीय सरजमीं पर अपनी जादुई फुटबॉल स्किल्स का प्रदर्शन करेंगे।

### बीसीसीआई की डब्ल्यूपीएल टीमों की संख्या बढ़ाने की फिलहाल कोई योजना नहीं

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पष्ट किया है कि उसका महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की मौजूदा पांच टीमों की संख्या में बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी डब्ल्यूपीएल समिति के भी प्रमुख हैं। बीसीसीआई की तीन सत्र के बाद डब्ल्यूपीएल की टीमों की संख्या बढ़ाने की योजना थी लेकिन फिलहाल उसका ध्यान इस लीग को और अधिक मजबूत करने पर है। आईपीएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने पीटीआई से कहा, ''अभी फिलहाल हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट को मजबूत करने पर है। इसमें कोई अतिरिक्त टीम जोड़ने से पहले हम इसे और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। अभी इसमें कोई नई टीम जोड़ने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है। धूमल हालांकि इस टूर्नामेंट की प्रगति से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा, ''अभी तक तीन सत्र में स्टेडियम में दर्शकों की बढ़ती संख्या को देखा जाए तो डब्ल्यूपीएल ने काफी प्रगति की है। प्रसारण से जुड़े सभी आंकड़े भी उत्साह जनक हैं। इसने विश्व भर में महिला क्रिकेट को नई दिशा दी है। धूमल ने कहा, ''इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह टूर्नामेंट लगातार प्रगति करता रहेगा। यह केवल इस टूर्नामेंट के लिए ही नहीं बल्कि महिला क्रिकेट के लिए भी अच्छा संकेत है।

### भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम बकाया मद में 5,985 करोड़ रुपये का समय से पहले भुगतान किया

**नयी दिल्ली।** भारती एयरटेल और उसकी अनुषंगी भारती हेक्साकॉम ने उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारी के लिए दूरसंचार विभाग को समय से पहले 5,985 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया है। दूरसंचार कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एयरटेल की अनुषंगी कंपनी नेटवर्क आई2आई ने भी स्वैच्छिक रूप से एक अरब डॉलर मूल्य की 'स्थायी प्रतिभूतियों' (परपेचुअल बॉन्ड) को भुनाया है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली कंपनी ने कहा, भारती एयरटेल और उसकी अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम ने दूरसंचार विभाग को अतिरिक्त 5,985 करोड़ रुपये का समय से पहले भुगतान किया है। इसके साथ 2024 की नीलामी से संबंधित 8.65 प्रतिशत की उच्च लागत वाली ब्याज देनदारियों का समय से पहले पूरा भुगतान हो गया है। कंपनी के अनुसार, एयरटेल ने अपनी उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारियों का अग्रिम भुगतान जारी रखा है। इससे उसका कर्ज और ऋण की लागत कम हो रही है। यह वित्तीय सूझबूझ, परिचालन दक्षता और मजबूत पूंजी स्थिति के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एयरटेल ने अब चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उच्च लागत वाली स्पेक्ट्रम देनदारियों के 25,981 करोड़ रुपये का समय पूर्व भुगतान कर दिया है।

# विनियमनों से वित्तीय समावेश में अनपेक्षित बाधाएं उत्पन्न नहीं होनी चाहिए: संजय मल्होत्रा

एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि विनियमनों को वित्तीय समावेशन को गहरा करने के लिए ''अनपेक्षित अवरोध'' पैदा नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैध गतिविधियों को रोका नहीं जाना चाहिए। मल्होत्रा ने नियामकों के लिए चेतावनी भी दी। आरबीआई गवर्नर ने यहां वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ)) के कार्यक्रम में कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के बदलते पारिदृश्य में नियामकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आदि के जरिए असेसमेंट फ्रेमवर्क को लगातार मजबूत करना चाहिए। मल्होत्रा ने कहा कि नीति निर्माताओं को भी सावधान रहना चाहिए और अपने उपायों के साथ ''अति उत्साही'' नहीं होना चाहिए, वैध गतिविधियों को दबाया नहीं जाना चाहिए।



मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंकों से वित्तीय दुनिया में नवीनतम रुझानों और विकास को समझने का भी आग्रह किया, जिसका आपराधिक तत्वों द्वारा फायदा उठाया जा सकता है। मल्होत्रा ने कहा कि भारत ने वित्तीय समावेशन पर पर्याप्त प्रगति की है। अब 94 फीसदी वयस्कों के पास बैंक खाता है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ)) एक अंतर-सरकारी संगठन है, जो मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने के लिए भी काम करता है। इसके फ्रेंच नाम, ग्रुप डी'एक्शन फाइनेंसियर (जीएएफआई) से भी जाना जाता है।

# बंद हुई मध्यम और दीर्घ अवधि वाली गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम, लघु अवधि के लिए जमा करा सकेंगे सोना

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 साल से चलाई जा रही गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम (जीएमएस) आज से बंद कर दी गई। केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक इस स्कीम के तहत सरकार द्वारा नामित कलेक्शन एंड प्योरिटी टेस्टिंग सेंटर (सीपीटीसी) या सरकार द्वारा नामित बैंक की शाखाओं पर आज से मध्यम अवधि और दीर्घ अवधि वाली स्कीम में सोने को जमा नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार ने यह फैसला गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम के परफॉर्मेंस और बाजार की स्थितियों को देखते हुए लिया है। गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम की शुरुआत 15 सितंबर 2015 को हुई थी। इसके तहत लोग अपने घर में पड़े सोने को अपनी इच्छा के अनुसार 1 से 3 साल की शॉर्ट टर्म बैंक डिपॉजिट (एसटीबीडी), 5 से 7 साल की मीडियम टर्म गवर्नमेंट



डिपॉजिट (एमटीजीडी) या 12 से 15 साल की लॉन्ग टर्म गवर्नमेंट डिपॉजिट (एलटीजीडी) में जमा कर सकते थे। सोना जमा करने पर जमाकर्ताओं को सरकार की ओर से गोल्ड बॉन्ड इश्यू किया जाता था। ये बॉन्ड 5 ग्राम, 10 ग्राम, 50 ग्राम और 100 ग्राम के होते थे। सोना जमा करने के बाद जमाकर्ताओं को ब्याज का भुगतान किया जाता था। ब्याज की राशि सोना जमा करते वक्त उसकी मार्केट प्राइस के आधार पर तय की जाती थी। जानकारों का कहना है कि इस स्कीम को लॉन्च करने के पीछे सरकार का इरादा सोने के आयात में कमी लाने का था। भारत में हर साल करीब 800 टन सोने की खपत होती है, जबकि भारतीय खदानों से सालाना 1 टन सोने का ही उत्पादन हो पता है। इस तरह भारत में सोने की जरूरत को पूरा करने के लिए हर साल बड़े पैमाने पर सोने का आयात करना पड़ता है, जिसके कारण देश के आयात बिल में तो बढ़ोतरी होती ही है, विदेशी मुद्रा भी बड़े पैमाने पर खर्च होती है। बताया जाता है कि केंद्र सरकार की ओर से सोचा गया था कि गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम शुरू करने से लोग घर में पड़े सोने को जमा करने के लिए प्रेरित होंगे, जिससे उन्हें सोने की सुरक्षा की चिंता भी नहीं करनी होगी और उसके एवज में उन्हें इंटरेस्ट के रूप में अच्छी कमाई भी होगी। ऐसा होने पर सरकार पर सोने के आयात का दबाव काफी कम हो सकता था। हालांकि इस स्कीम को सरकार की उम्मीद की तुलना में काफी कम रिस्पॉन्स मिला, जिसकी वजह से अंततः इस स्कीम को बंद करने का फैसला लिया गया।

# उच्च न्यायपालिका में आरक्षण नहीं: अठावले

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के तहत देश में जाति व्यवस्था समाप्त हो चुकी है और उच्च न्यायपालिका में आरक्षण नहीं तथा आरक्षित रिक्त पदों को भरने की कोशिश जारी है। श्री अठावले ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि संविधान के प्रावधानों के तहत अब देश में जाति व्यवस्था नहीं है। सरकार सभी को न्याय दिलाने के लिए कटिबद्ध है और मोदी सरकार अब पूरी तरह से गरीबी उन्मूलन की दिशा में काम कर रही है। उनहोंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर हो गये हैं। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5 प्रतिशत और अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण है। आरक्षित रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया लगातार चलती रहती है और सरकार की पूरी कोशिश इन पदों को भरने की रहती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों के कल्याण के लिए मोदी सरकार ने बहुत सी योजनायें बनायी है। वर्ष 2004 से 2014 की तुलना में अनुसचूति जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगों के कल्याण के लिए आवंटन में कई गुना की बढोतरी की गयी है। इसीक्रम में पीएम अजेय योजना का संचालन भी किया जा रहा है जिसके तहत ऐसे गांव आते हैं जहां 500 से अधिक आबादी अनुसूचित जाति और जनजाति की होती है। इन गांवों के विकास के लिए आर्दश ग्राम योजना, अनुदान योजना और छात्रावास योजना संचालित की जा रही है ताकि ऐसे पीएम अजेय गांव भी विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सके। पूरे देश में 11 हजर से अधिक गांव इस योजना में शामिल है और इसके लिए 1628 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के 1690 गांव पीएम अजेय योजना में आते हैं और इसके लिए 210 करोड़ रुपये अधिक की राशि आवंटित की गयी है। श्री अठावले ने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि देश की न्यायपालिका में आरक्षण नहीं है, लेकिन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण देने के मुद्दे को वह कानून मंत्री तक पहुंचा देंगे। उनसे पूछा गया था कि उच्च न्यायपालिका में अभी कितने आरक्षित पद रिक्त हैं और उनको भरने की क्या व्यवस्था है।

# पांच वर्षों में देश में होगा 30 करोड़ टन दूध का उत्पादन : सिंह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय डेयरी, मत्स्यपालन एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन ऊर्फ ललन सिंह ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि भारत विश्व में दूध उत्पादन में अव्वल देश बन चुका है और अगले पांच वर्षों में दूध का उत्पादन बढ़कर 30 करोड़ टन तक पहुंचने का अनुमान है।

श्री सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में राष्ट्रीय गौकुल मिशन के उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने का परिणाम हुआ है कि देश दूध उत्पादन में दुनिया में अग्रणी बन गया है। 2014-15 14.6 करोड़ टन दूध का उत्पादन था जो अभी बढ़कर करीब 24 करोड़ टन हो गया है। इसमें 63.5 प्रतिशत की बढोतरी हुयी है। उन्होंने कहा कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने अगले पांच वर्षों में दूध के उत्पादन को 30 करोड़ टन पर पहुंच का अनुमान लगाया है।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में अव्वल दूध उत्पादक है लेकिन अभी भी इसका निर्यात नहीं किया जा रहा है क्योंकि पशुओं को मूँह- खुरपका बीमारी के कारण दूध का निर्यात नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब दूध का आयात भी नहीं करता है लेकिन कुछ विशिष्ट दुग्ध उत्पाद आयात किये जा रहे हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र सहकारी संगठनों से जुड़ा हुआ है। कोल्ड चेन की बात है तो इसका विकास पुशपालन इंफ्रास्ट्रक्चर विकास कोष से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें दुग्ध उत्पादन से जुड़े सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

उन्होंने दूध सहकारी संगठनों को लेकर कहा कि बनारस दूध संघ का 2021 में उत्पादन 11400 लीटर था लेकिन अब उसका उत्पादन बढ़कर दो लाख 63 हजार लीटर से अधिक हो गया है। संघ ने गोबर की भी खरीद शुरू कर दी है तथा उसे बायो गैस का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूध उत्पादन के लिए किसी भी जाति विशेष पर ध्यान नहीं दिया जाता है इसमें सभी जाति और धर्म के लोग लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले दूध की खरीद 33 रुपये प्रति लीटर होता था लेकिन अभी यह 46 रुपये प्रति लीटर हो गया है।



## निर्भया कोष बंद नहीं है: मंत्री

नयी दिल्ली। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि निर्भया कोष को बंद नहीं किया गया है और इसी के तहत अभी 49 योजनाएं चल रही है। केन्द्रीय मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस कोष के लिए धनराशि की कमी नहीं है क्योंकि आवश्यकता अनुसार धनराशि दी जाती है। इसी कोष के तहत वन स्टॉप सेंटर भी चलाये जा रहे हैं। देश में अभी 812 सेंटर संचालित है और अब तक 10 लाख से अधिक महिलाओं को इस सेंटर से मदद मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि संकटग्रस्त या पीड़ित महिलाएं इस सेंटर में पहले पांच दिन रह सकती हैं और आवश्यकता होने पर रहने की अवधि में 10 दिनों की वृद्धि की जाती है।अब इसके लिए 7713 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की जा चुकी है जिसमें 76 प्रतिशत राशि व्यय भी हो चुकी है। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इन सेंटरों पर घरेलू हिंसा के मामले भी पंजीकृत होते हैं। दूसरे मामले भी होते हैं। देश के प्रत्येक जिले में एक सेंटर बनाने की योजना थी लेकिन यह मांग आधारित हो गयी है और आवश्यकता होने पर अधिक सेंटर भी बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि सेंटर के लिए नये भवन निर्माण के लिए 60 लाख रुपये और पुराने भवन के जीणीद्वार के लिए 10 लाख रुपये दिये जाते हैं।

# चुनाव आयोग ने बूथ स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू किया, एक लाख होंगे प्रशिक्षित

एजेंसी

नयी दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को राजधानी में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट-आईआईआईडीईएम) में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे।

वर्तमान में, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। साथ ही, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुड्डुचेरी और तमिलनाडु के 24 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 13 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) भी इसमें भाग ले रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित रूप से अद्यतन करने में जिला निर्वाचन अधिकारियों और बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए इस बात पर बल दिया कि राज्य सरकारों को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) स्तर के या समकक्ष अधिकारियों को ईआरओ के रूप में नामित करना चाहिए। उन्हें फिर वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए बीएलओ की नियुक्ति करनी चाहिए और जो उनके प्रभार के तहत मतदान केंद्र के सामान्य निवासी हों। श्री कुमार ने इस बात पर बल दिया कि संविधान के अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20 के अनुसार, केवल सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र में निवास करनेवाले 18 वर्ष से अधिक आयु के भारत के नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है। उन्होंने सभी सीईओ, डीईओ, ईआरओ को अपने-अपने स्तर पर सर्वदलीय बैठकें आयोजित करने और मतदाता सूची को सही तरीके से अद्यतन करने सहित अपने अधिकार क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि ईआरओ या बीएलओ के विरुद्ध किसी भी शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को मतदाता सूची अद्यतन करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन के दौरान मतदाताओं के साथ बातचीत में विनम्र होना चाहिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आयोग लगभग 100 करोड़ मतदाताओं के साथ खड़ा था, है और हमेशा खड़ा रहेगा।आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार आगामी कुछ वर्षों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक लाख से अधिक बूथ स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। औसतन 10 मतदान केंद्रों पर एक बीएलओ की नियुक्ति की जाती है। आयोग का मानना है कि अच्छी तरह से प्रशिक्षित ये अधिकारी देश भर में बूथ स्तर के अधिकारियों के पूरे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) का दल बनाएंगे, जो 100 करोड़ मतदाताओं और आयोग के बीच संपर्क की प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होंगे। यह अपने तरह का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षमता निर्माण कार्यक्रम कई चरणों में चलेगा। इसके पहले चरण में चुनाव वाले राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस प्रशिक्षण की योजना इस तरह से बनायी गयी है ताकि बूथ स्तर के अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 और समय-समय पर जारी आयोग के निर्देशों के अनुसार उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराया जाय और वे मतदाता सूचियों के त्रुटि रहित रूप से अद्यतन करने के लिए प्रासंगिक फॉर्म भरने की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों।

# डीजल-पेट्रोल वाहनों से भी तेजी से बढ़ रहा है देश में विद्युत वाहनों का बाजार: गडकरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय सड़क-परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि भारत में विद्युत चालित वाहनों की बिक्री की वृद्धि दर 15 प्रतिशत से अधिक है और इसका बाजार पेट्रोल और डीजल के वाहनों से अधिक तेज गति से बढ़ रहा है।

श्री गडकरी ने कहा है देश में लिथियम के भारी मात्रा में खनिज खनिज स्रोत मिलने से भारत विद्युत वाहनों की बैटरी के क्षेत्र में भी आत्म निर्भर होगा। वह राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार शाम को एचपीसीएल टाइम्स ड्राइव वाहन उद्योग सम्मेलन एवं पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपने श्री गडकरी ने कहा कि ऌभारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसकी वार्षिक प्रभावशाली 15.4 प्रतिशत वृद्धि दर पेट्रोल और डीजल मॉडल की तुलना में काफी अधिक है। इस वृद्धि का श्रेय सरकारी प्रोत्साहन, तेजी से तकनीकी प्रगति और ईवी विश्वसनीयता में उपभोक्ता विश्वास को दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भारत का 60 लाख टन लिथियम के खनिज स्रोत का पता लगा है। इससे ईवी बैटरी के इस कच्चे माल के आयात पर निर्भरता को कम होगी और घरेलू ईवी बैटरी निर्माण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय कच्चे माल की उपलब्धता के साथ, भारत ईवी बैटरी उत्पादन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने इस अवसर पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से मजबूत कानूनों पर जोर दिया श्री गडकरी ने कहा कि ऐसे नियम बनाए जा रहे हैं जिसमें दोपहिया वाहनों को दो हेलमेट के साथ बेचना अनिवार्य होगा। श्री गड़करी ने मानसरोवर तीर्थ की यात्रा करने के इच्छुक के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का उल्लेख करते हुए कहा कि ऌभारत का सड़क बुनियादी ढांचा जल्द ही पिथौरागढ़ के माध्यम से मानसरोवर तक सीधी पहुंच प्रदान करेगा, जिससे तीर्थयात्रियों को सिक्किम के माध्यम से लंबा मार्ग तय करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। सड़क बुनियादी ढांचा तैयार होने के बाद विदेश मंत्रालय चीन के साथ इस मुद्दे को उठाएगा। केंद्रीय मंत्री ने वाहन उद्योग के विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऌपानीपत में, इंडियन ऑयल ने मेरे सपनों की परियोजनाओं में से एक शुरू की है- पराली से इथेनॉल का उत्पादन। इस परियोजना का लक्ष्य प्रतिदिन एक लाख लीटर और प्रति वर्ष 88,000 टन इथेनॉल का उत्पादन करना है।

## मोदी सरकार में अरबपति बने खरबपति, गरीब हुए कंगाल: खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार में आर्थिक असमानता इतनी भयावह स्तर पर है कि अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के बीच सरकार ''सबका साथ, सबका विकास'' का ढिंढोरा पीटती फिर रही है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पिछले 78 वर्षों से किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमज़ोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असमानता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं, (और) गरीब, कंगाल हो रहे हैं। ब्रिटिश-राज के दौरान 1820 में मध्यम वर्ग की आमदनी की जो स्थिति थी, वही (स्थिति) आज हो गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकड़े बताते हैं कि भले ही वह कोई उन्नत डिग्री वाला व्यक्ति हो या कोई कुशल नौकरी कर रहा हो, फिर भी उसे दुनिया में सातवीं सबसे कम मजदूरी दी जाती है। खरगे ने दावा किया कि मजदूरी वृद्धि दर 2006 में 9.3 प्रतिशत थी, जो 2023 में घटकर 0.1 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया, ''कर की मार, महंगाई और आर्थिक कुप्रबंधन से मध्यम वर्ग, ग़रीब और उपेक्षित वर्ग सिमट रहा है तथा मोदी सरकार ''सबका-साथ, सबका विकास'' का ढिंढोरा पीटती फिर रही है।

## केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ सुविधाओं को लेकर भेदभाव, उनकी आवाज बुलंद करुंगा: राहुल

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों को मिलने वाले सम्मान तथा सुविधाओं में 'भेदभाव' पूरी तरह अस्वीकार्य है और वह उन्हें न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सेवानिवृत्त जवानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राहुल गांधी से संसद भवन स्थित कार्यालय में उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर राहुल गांधी ने बुधवार को अपने व्हाट्सएप चैनल पर पोस्ट किया, ''संसद भवन में छह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के सेवानिवृत्त जवानों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात हुई। अपनी मांगों को लेकर एक विस्तृत चर्चा में उन्होंने बताया कि उन्हें मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं और सेवानिवृत्ति से जुड़े लाभ उनकी सेवा के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं।

# पेज एक का शेष

## मथुरा में कोर्ट के...

कहा कि उत्तर प्रदेश में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित है। 100 हिंदू परिवारों के बीच में एक मुस्लिम परिवार सुरक्षित रहता है, पर 100 मुस्लिम परिवारों के बीच में एक क्या 50 हिंदू परिवार सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दबंग स्टाइल नहीं, हमारी शराफत का स्टाइल है। यही डंडा, बेटियों की सुरक्षा करता है, व्यापारियों की सुरक्षा करता है और दंगाइयों, अपराधियों और माफियाओं को ठिकाने भी लगाता है। मुख्यमंत्री ने कर्नाटक सरकार द्वारा धर्म के आधार पर आरक्षण लागू करने पर कहा कि यह बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के द्वारा दिए गए संविधान का अपमान है। कंग्रेस वर्ष 1952 से लगातार बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के साथ इसी प्रकार छेड़छाड़ करती रही है...। मुसलमान खतरे में नहीं है, 'इनकी' वोटबैंक की राजनीति खतरे में है। जिस दिन भारतीय मुसलमान अपने पूर्वजों को समझ जाएगा, इन सबके बोरिए-बिस्तर बंध जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, किसी दूसरे पर व्यक्तिगत प्रहार करने के लिए नहीं हो सकती है। हमने दीपोत्सव के आयोजन के साथ फिर से श्री अयोध्या धाम को पहचान दिलाई। हिंदू से ज्यादा रंग-बिरंगे कपड़े मुसलमान पहनते हैं तो फिर रंग से परहेज क्यों? ये तो दोहरा आचरण है, रंग-बिरंगे कपड़े पहनें लेकिन रंग पड़ जाए तो हाय-तौबा मचाते हैं, ये नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वक्फ ने कोई वेलफ़ेयर नहीं किया, इसकी आड़ में जमीनों की लूट ही की गई है। मैं भौचक रह गया हूं कि जिस जमीन को वह कह दें उनकी तो उनकी हो जाएगी। वक्फ जिस लैंड को कह देगी कि उनकी है, उनकी मान ली जाएगी...? ये नहीं हो सकता है, जेपीसी ने जो अपनी सिफारिश की है यह आज की आवश्यकता है, यह देश के हित में भी होगा और मुसलमानों के हित में भी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सालार मसूद ग़ाज़ी वही है, जिसने मोहम्मद गज़नी के साथ भगवान सोमनाथ के मंदिर को लूटा और तोड़ा। ग़ाज़ी तो उत्तर प्रदेश में कोई युद्ध नहीं जीता था। वह विदेशी लुटेरा था। ग़ाज़ी सालार को महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिन्दू राजाओं ने खड़ा कर जिंदा जलाया था। उसने बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया था। जय-जय कार तो महाराज सुहेलदेव की होनी चाहिए पूजा तो महाराज सुहेलदेव की होनी चाहिए। जिस दिन मुसलमान अपने पूर्वजों को समझ जाएगा इन सभी के बोरिया-बिस्तर बंध जाएगा। मुख्यमंत्री ने तमिलनाडु में हिन्दी भाषा को लेकर विरोध होने के सवाल पर कहा कि देश को भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर नहीं बांटा जाना चाहिए। भाषा तोड़ती नहीं, जोड़ने का काम करती है। प्रधानमंत्री ने काशी में लगातार काशी-तमिल संगमम को आयोजित कराया। तमिल भारत की प्राचीनतम भाषा है। हर भारतीय के मन में तमिल के प्रति सम्मान का भाव है। हिन्दी से नफरत नहीं होनी चाहिए। मुख्मयंत्री ने कहा कि जनता जनार्दन को देश की एकता के लिए किसी भी षड्यंत्र से हमेशा सचेत रहना चाहिए। लोकसभा चुनाव के दौरान पूरे देश में विदेशी पैसा इंवॉल्व था, जिसमें कांग्रेस और इंडी गठबंधन से जुड़े हुए जो भी दल थे, ये लोग धड़ल्ले से उसमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष संलिप्त थे। यह कृत्य देशद्रोह की श्रेणी में आता है। इनका भारत जोड़ो, भारत तोड़ो अभियान का हिस्सा है। भारतीय जनता पार्टी के लिए 'राहुल' जैसे कुछ नमूने हमेशा रहने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सरकार ने, कांग्रेस, आरजेडी या समाजवादी पार्टी ने महाकुम्भ-2025, प्रयागराज के बारे में जो भी बात कही है, वह उनकी तुष्टिकरण की पराकाष्ठा का उदाहरण है। महाकुम्भ-2025, प्रयागराज ने साबित किया है कि वह 'मृत्युंजय महाकुम्भ' था और यहां जो भी आया, वह अभिभूत होकर गया।

## जज को...

में कदम उठाने चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता की ओर से एनजीओ 'वी द वूमन ऑफ इंडिया' का प्रतिनिधित्व करते हुए विवादास्पद फैसले को उजागर करते हुए एक पत्र लिखे जाने के बाद मामला शीर्ष न्यायालय पहुंचा। एक अन्य एनजीओ 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' ने कहा कि वह भी मामले में पीड़िता का प्रतिनिधित्व कर रहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा एनजीओ 'वी द वूमन ऑफ इंडिया' ने ऌहमारे संज्ञान में लायाꢂ कि 17 मार्च, 2025 को पारित फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों से पता चलता है कि फैसले के लेखक की ओर से संवेदनशीलता की कमी है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह फैसला अचानक नहीं सुनाया गया बल्कि करीब चार महीने तक इसे सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया। इसका मतलब यह है कि न्यायाधीश ने उचित विचार-विमर्श और दिमाग लगाने के बाद फैसला सुनाया। शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा कि चूंकि टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं और पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैंꢂ, इसलिए टिप्पणियों पर रोक लगाना मजबूरी है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 17 मार्च-2025 को अपने आदेश में कहा था कि इस तरह के कृत्य प्रथम दृष्टया यौन अपराध बाल संरक्षण अधिनियम(पोस्को) के तहत 'गंभीर यौन उत्पीड़न' का अपराध बनेंगे, जिसमें कम सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने दो आरोपियों पवन और आकाश द्वारा 11 वर्षीय लड़की पर हमले से संबंधित मामले में फैसला सुनाया था। इस फैसले की व्यापक रूप से आलोचना की गयी और एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

## गरीब कैदी जुर्माने या...

वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के लिए 20-20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। इसका उद्देश्य उन गरीब कैदियों को राहत प्रदान करना है, जो जुर्माना न चुकाने या जमानत पर रिहाई के लिए बांड प्रस्तुत करने में असमर्थ होने के कारण जेल से रिहा नहीं पा रहे हैं। इसके लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को केंद्रीय नोडल एजेंसी (सीएनए) खाते के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई गई। उन्होंने कहा कि 12 राज्यों ने सीएनए खाते से 22,84,451/- रुपये की धनराशि निकाली है।

## सेना के लिए 6900...

और विकास प्रतिष्ठान की तोप प्रणाली के परियोजना निदेशक को रक्षा सचिव द्वारा सम्मानित किया गया। नयी तोप प्रणाली पुरानी और छोटी कैलिबर वाली तोपों की जगह लेगी जिससे भारतीय सेना की तोपखाना क्षमताओं में बढोतरी होगी। इस तोप प्रणाली की खरीद आर्टिलरी रेजिमेंटों के आधुनिकीकरण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जिससे संचालन तत्परता बढेगी। अपनी असाधारण मारक क्षमता के लिए प्रसिद्ध यह तोप प्रणाली सटीक और लंबी दूरी के हमलों में सक्षम बनने के साथ सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारतीय सेना द्वारा निजी क्षेत्र से टोड गन की पहली बड़ी खरीद होने के नाते, यह परियोजना विशेष रूप से भारतीय तोप निर्माण उद्योग और समग्र रूप से स्वदेशी रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगी। यह परियोजना मेक-इन-इंडिया पहल के अनुरूप रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देकर आत्मनिर्भर भारत का गौरवशाली ध्वजवाहक है।

## ईद की सेवइयां...

बवाल या किसी तरह की समस्या हो। अगर कोई परेशानी होगी तो वह आपको भी झेलनी पड़ेगी और हमें भी। संभल और इसके अलावा उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में तीन माह पहले कोई बवाल नहीं हुआ। एसडीएम सदर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में एएसपी श्रीचंद भी मौजूद रहे। एसडीएम ने साफ तौर पर कहा कि ईद और अलविदा जुमा की नमाज किसी हाल में सड़क पर नहीं होगी।

## सीबीआई ने छत्तीसगढ़...

पार्टी राजनीति के माध्यम से मुकाबला नहीं कर पाती है तब केंद्रीय एजेंसी के माध्यम से डराने का काम करती है। इससे न भूपेश बघेल जी और न ही कांग्रेस पार्टी डरने वाली है। भाजपा की इन दमनकारी नीतियों को प्रदेश और देश की जनता अच्छे से समझ रही है। सूत्रों ने बताया कि पार्टी के कुछ अन्य नेताओं और रायपुर तथा दुर्ग जिलों के पुलिस अधिकारियों के परिसरों पर भी छापे मारे गए।

## मुगलों से नहीं, छत्रपति...

कोविड के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे थे, तब विपक्ष सरकार से लड़ रहा था। वे कहते थे टेस्ट मत करो, ट्रीटमेंट मत करवाओ, वैक्सीन मत लगाओ। लेकिन डबल इंजन सरकार ने फ्री टेस्ट, फ्री ट्रीटमेंट, फ्री वैक्सीन और फ्री राशन देकर जनता की रक्षा की। सीएम योगी ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध करने के लिए भी विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जब 500 वर्षों बाद रामलला अयोध्या में विराजमान हुए, तब भी कांग्रेस और सपा ने दुष्प्रचार किया। पूरी दुनिया अभिभूत थी, लेकिन इनके घरों में सन्नाटा छाया था। हाल ही में संपन्न प्रयागराज महाकुंभ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने इस भव्य आयोजन में हिस्सा लिया, लेकिन विपक्ष तब भी दुष्प्रचार में लगा रहा। जब इनको सत्ता में मौका मिला, तो इन्होंने विकास नहीं किया और आज जब विकास हो रहा है, तो ये बैरियर बनने का काम कर रहे हैं। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के विकास की नई तस्वीर पेश करते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य कहलाता था, लेकिन आज यह देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन चुका है। आने वाले समय में यह नंबर एक की अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने किसानों, युवाओं और गरीबों के लिए कई कदम उठाए। पहले किसान आत्महत्या करते थे, लेकिन हमने लघु और सीमांत किसानों की कर्ज माफी की। आज 2.62 करोड़ से अधिक किसानों को 80,000 करोड़ रुपये की सम्मान निधि दी जा चुकी है। 2,80,000 करोड़ रुपये गन्ना किसानों के खाते में भेजे गए हैं। अब हमारा अन्नदाता आत्मनिर्भर बनकर विकास में योगदान दे रहा है। योगी ने युवाओं के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि 8.30 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई। हाल ही में 60,000 पुलिस भर्ती में 12,000 बेटियों का चयन हुआ। एमएसएमई के जरिए रोजगार के अवसर बढ़े। पहले सपा-कंग्रेस वन जिला वन माफिया बनाते थे, हमने वन जिला वन मेडिकल कॉलेज और वन जिला वन प्रोडक्ट दिया। उन्होंने कहा कि आज यूपी में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे, मेट्रो, रेलवे नेटवर्क, हाईवे और एयरपोर्ट हैं। सर्वाधिक खाद्यान्न, आलू, गन्ना और एथेनॉल उत्पादन में यूपी नंबर एक है। कार्यक्रम में सीएम योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए, स्वामी विवेकानंद योजना के तहत मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट भेंट किए, और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इसके साथ ही, उन्होंने गोवर्धन रिसोर्ट में 170 करोड़ रुपये का निवेश करने वाले पूरन डाबर और शारदा यूनिवर्सिटी के वाईके गुप्ता को 1,100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए सम्मानित किया। सीएम ने गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों के लिए पोषण किट प्रदान की। उन्होंने कान्हा के वेष में आए नन्हें बच्चों को गोद में लेकर दुलारा, उन्हें खीर खिलाई, और खिलौने व फल वितरित किए। कृषि उपकरण वितरण के तहत ड्रोन भी प्रदान किए गए। साथ ही 60 दिव्यांगों को उपकरण व 20 दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल वितरित किया। इस दौरान मिशन शक्ति, आगरा नगर निगम और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सीएम को हस्तनिर्मित उपहार भेंट किए। सीएम योगी ने आगरा के विकास को गति देने के लिए 635 करोड़ रुपये की 128 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आगरा में गंगाजल की आपूर्ति शुरू हो चुकी है, मेट्रो मिल गई है, और सिविल टर्मिनल का निर्माण अंतिम चरण में है। हर घर नल योजना, गांव-गांव कनेक्टिविटी, रिंग रोड, हाईवे और फ्लाईओवर के जरिए आगरा को नई पहचान दी जा रही है। उन्होंने गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में 4 करोड़ गरीबों को मकान, 15 करोड़ को फ्री राशन, 1.86 करोड़ को उज्ज्वला कनेक्शन, और 10 करोड़ को आयुष्मान भारत में 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा दी गई। सामूहिक विवाह योजना में अब 1 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि इन 8 वर्षों ने आगरा और उत्तर प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह 8 वर्ष उत्कर्ष के वर्ष हैं। हमने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में राम मंदिर, विंध्यवासिनी धाम, और नैमिषारण्य में कॉरिडोर बनाए। अब मथुरा-वृंदावन में बिहारी लाल के भव्य कॉरिडोर का निर्माण होगा। सीएम ने आगरा वासियों से अपील की कि वे डबल इंजन सरकार को समर्थन देकर उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में योगदान दें। इस अवसर पर सीएम योगी के साथ मंच पर एमएलसी विजय शिवहरे, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डॉ. जीएस धर्मेश, डॉ, धर्मपाल सिंह, छोटे लाल वर्मा, रानी पक्षालिका सिंह, भगवान सिंह कुशवाह, चौधरी बाबू लाल, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह, मेयर हेमलता दिवाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया, मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता समेत कई क्षेत्रीय विधायकगण व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अपनी रिपोर्ट...

रिपोर्ट में भारत की विदेशी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग को अमेरिका में बैन करने की मांग की थी और कहा था कि यह संस्था अल्पसंड़कों के खिलाफ भेदभाव करती है और उनका उत्पीड़न करती है। इस पैनल ने ये भी आरोप लगाया है कि सिख अलगाववादियों की हत्या में रॉ की भूमिका रही है। इस रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि 2024 में भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले और भेदभाव बढ़े हैं।

# पंजाब बजट: दस लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, 65 लाख परिवार होंगे कवर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**▪ वित्त मंत्री ने पेश किया दो लाख 36 हजार 80 करोड़ का बजट**

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने बुधवार को राज्य विधानसभा में दो लाख 36 हजार 80 करोड़ का बजट पेश करते हुए प्रदेश वासियों के लिए मुफ्त बिजली योजना को जारी रखने का ऐलान किया है। मुफ्त बिजली योजना के लाभ हेतु सरकार ने बजट में 7614 करोड़ रुपये रखे हैं। पंजाब सरकार ने मेरा पंजाब, बदलता पंजाब की थीम पर बजट पेश करते हुए कहा है कि इस बार के बजट में किसी प्रकार का नया कर नहीं लगाया जा रहा है। सरकार का मुख्य एजेंडा पंजाब को नशा मुक्त बनाने पर रहेगा। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार का शिक्षा और स्वास्थ्य पर शुरू से ही फोकस रहा है। इसके चलते पंजाब वासी को दस लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज सुविधा मिलेगी। इस समय यह सीमा पांच लाख रुपये है। इस योजना में 65 लाख परिवार कवर होंगे। इसके लिए पंजाब वासियों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाएंगे। इसके लिए 778 करोड़ रुपये रखे हैं। चीमा ने कहा कि पिछले तीन साल में 881 आम आदमी क्लीनिक स्थापित किए हैं। अब तक 3 करोड़ से अधिक लोग इसका फायदा उठा चुके हैं। हरपाल चीमा ने कहा कि आबकारी विभाग राजस्व का बजट 10 हजार 350 करोड़ हो गया है। इसमें 63 फीसदी फायदा हुआ है। अगले साल के लिए 11 हजार 200 करोड़ का लक्ष्य एक्साइज पॉलिसी में रखा है। इस बजट में 27,650 करोड़ का लक्ष्य जीएसटी से रखा गया है। वैट के निपटारे के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के तहत 70 हजार 313 डीलरों का फायदा हुआ है। सरकारी खजाने में 164 करोड़ आए। पिछली सरकार भी 2 ओटीएस स्कीम लेकर आई। दोनों स्कीमों में 13 करोड़ का राजस्व आया था। हरपाल चीमा ने कहा कि राज्य के किसानों की सहायता के लिए कृषि क्षेत्र को बिजली सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए 9,992 करोड़ रखे गए हैं।

## लुधियाना, अमृतसर, जालंधर और मोहाली के लिए बजट में बड़ा ऐलान, बनेंगी विश्व स्तरीय सड़कें

चंडीगढ़। पंजाब सरकार ने राज्य के चार मेट्रो शहरों में विदेशी तकनीक पर पचास-पचास किलोमीटर सड़कों का निर्माण करने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने बुधवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार ने विश्व स्तरीय सड़कें बनाने का फैसला लिया है। इसके तहत जालंधर, लुधियाना, अमृतसर और मोहाली में 50 किलोमीटर सड़कें विदेशों की तर्ज पर बनाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट वाली इन सड़कों के लिए संबंधित ठेकेदार की दस वर्षों तक जवाबदेही तय होगी। सड़क में किसी तरह की समस्या आने पर संबंधित ठेकेदार 24 घंटे के बाद उसे ठीक करेगा। हर तीन माह बाद इन सड़कों की लेन का रिव्यू किया जाएगा। सभी सड़कों की चौड़ाई एक समान होगी। इसके अलावा इन सड़कों के फुटपाथ, ग्रीन बैलेट, बिजली की तारें, स्ट्रीट लाइट तथा भूमिगत पाइपों के लिए अलग से नीति बनाई जाएगी। पहले वर्ष में इस योजना के लिए 140 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। उपरोक्त शहरों में सड़क निर्माण का रिव्यू करने के बाद इस योजना को प्रदेश के अन्य शहरों में लागू किया जाएगा।

## एमएसपी पर सभी 22 फसलों की खरीद के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं: बादल

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता सुखबीर सिंह बादल ने आज कहा कि आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 2025-26 के बजट में राज्य के लोगों से किए गए सभी वादों से मुकरने और किसानों, महिलाओं, नौजवानों , व्यापार, सरकारी कर्मचारियों और समान के कमजोर वर्गों के साथ भेदभाव करके उन्हें धोखा दिया है। श्री बादल ने कहा, बजट में पूंजीगत व्यय के लिए कोई धन नहीं है,मदद के लिए केवल 10 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, जबकि राज्य का कर्ज बढ़कर 4.17 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा, जिसमें अकेले आप पार्टी के कार्यकाल के दौरान 1.54 लाख करोड़ रुपये का कर्ज हो गया है। इसका मतलब यह है कि विकास के लिए कोई धनराशि नहीं है। विधानसभा में आज पेश किए गए राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री बादल ने कहा, महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देने के वादे का कोई उल्लेख नहीं, नौजवानों के लिए कुछ भी नहीं है, जिसमें बेरोजगारी भत्ता भी शामिल है। वादे के अनुसार बुढ़ापा पेंशन को बढ़ाकर 2500 रुपये नहीं किया गया है। राज्य खर्च पर एमएसपी पर सभी 22 फसलों की खरीद के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा की गई प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए कोई फंड निर्धारित नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने की कोई योजना नहीं बनाई है और किसी भी थर्मल पावर प्लांट के लिए कोई फंड निर्धारित करने में नाकाम रही है। यहां तक कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित बहुचर्चित मालवा नहर योजना, जो हितधारकों के साथ किसी भी सलाह के बिना की गई वह एक धोखा साबित हो रही है, क्योंकि इसके लिए कोई धनराशि निर्धारित नही की गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की पीठ में छुरा घोंपा गया है और सरकार की अधिसूचना के अनुसार ओपीएस योजना को लागू करने के लिए कोई फंड आवंटित नही किया गया है। श्री बादल ने कहा कि आप सरकार ने ड्रग्ज की समस्या से निपटने की समय सीमा को अगले दो साल बढ़ाकर पंजाबियों के साथ भद्दा मजाक किया है। उन्होंने कहा, इससे इस बुराई को नियंत्रित करने में सरकार की विफलता का पता चलता है।

# हाथियों के झुंड ने कोसदरिया गांव में तीन घर को किया क्षतिग्रस्त, परिवार में दहशत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा जिले के रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत के कोसदरिया गांव में 22 की संख्या में आओ हाथियों ने तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है।घने जंगल में हाथियों का झुंड का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोसदरिया गांव निवासी साउ मुंडा के कुंवर मुंडा,लका मुंडा का पुत्र कर्म सिंह मुंडा,डिंबा टूटी के पुत्र ने बताया कि हमलोग सभी परिवार के साथ अपने घर में थे।12 बजे दिन में अचानक हाथी आया और पहले घर को क्षतिग्रस्त किया।उसके बाद घर में रखे राशन,कपड़ा खेत में लगे सब्जी को बर्बाद कर दिया।हाथियों द्वारा मचाए जा रहे उत्पात से हमलोग काफी डरे हुए हैं, जहां एक ओर हाथियों ने किसानों के फसल को नष्ट कर दिया।वहीं दूसरी ओर हाथी अब गरीबों के घर उजाड़ने लगे हैं।

एक दिन पूर्व भानेखाप, सूअरलेटी,परतौनियां जंगल के रास्ते होते हुए हाथियों के झुंड ने नवाडीह होते हुए कोसदरिया गांव में पहुंच कर जमकर उत्पात मचाया है।हाथियों का झुंड नवाडीह गांव में लगे नल जल और सोलर लाइट को भी क्षतिग्रस्त किया है।हाथियों के इस आतंक से ग्रामीण रात जगा कर रहे हैं और काफी भयभीत हैं। भय का माहौल इस तरह बन गया है कि लोग अपने घर से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। दरअसल कुछ दिनों पूर्व कोडरमा घाटी के मेघातरी होते हुए हाथियों का झुंड रजौली में प्रवेश कर गया है।हाथियों के झुंड ने खेतों में लगी गेहूं,प्याज की फसल को रौंदते हुए उत्पात मचाना शुरू कर दिया था। नावाडीह के ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का झुंड गांव के बगल में ही है।कभी भी किसी समय भी गांव पर हमला कर सकता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

डीएफओ श्रेष्ठ कुमार कृष्णा ने कहा कि कोडरमा की ओर से आए हुए हाथियों को वापस भेजने के लिए रेस्क्यू की टीम अलग अलग जगहों पर लगाया गया है।पटाखा छोड़कर हाथियों के झुंड को झारखंड की ओर भेजने का काम किया जा रहा है। सभी लोगों से अपील किया गया है कि अपने-अपने घरों में सुरक्षित रहें घर से बाहर नहीं निकलें।

# भारतीय वैदिक शोध परंपरा से प्रेरित है वैश्विक शोध प्रणाली: प्रो.ओ.पी सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूर्वी चंपारण। महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला में आज फील्ड विजिट और सर्वे से संबंधित सत्र का आयोजन किया गया। इसको लेकर सभी प्रतिभागी सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर, अरेराज पहुंचे। पाँचवें दिन के पहले और दूसरे तकनीकी सत्र में महामना मदन मोहन मालवीय पत्रकारिता केंद्र, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के पूर्व निदेशक ओम प्रकाश सिंह ने वैदिक शोध परंपरा और भारतीय शोध प्रणाली पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि, वैश्विक शोध प्रणाली कहीं न कहीं भारतीय वैदिक शोध परंपरा से प्रेरित है तथा वर्तमान समय में भी प्रचलित विभिन्न शोध प्रणालियों में भारतीय ज्ञान परंपरा की ही झलक दिखाई देती है। उन्होंने आगमनात्मक एवं निगमनात्मक शोध में अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि, आगमनात्मक शोध विशिष्ट अवलोकनों से सामान्यीकरण की ओर बढ़ता है जबकि निगमनात्मक शोध पहले से मौजूद सिद्धांतों या परिकल्पनाओं की जाँच करता है।उन्होने क्षेत्र में कार्य करने और डेटा संग्रह करने के दौरान आने वाली परेशानियों पर भी चर्चा की। कई बार फील्ड विजिट के दौरान प्रश्नावली भरते समय उत्तरदाता गलत जानकारी भर देते हैं अथवा प्रश्नों को सही से समझे बिना ही उत्तर दे देते हैं। इस स्थिति में शोध के लिए एकत्र किया गया डेटा त्रुटिपूर्ण हो जाता है। उन्होंने बताया कि, व्यावहारिक शोध के लिए आवश्यक मापदंडों का प्रयोग करना अति आवश्यक है।तीसरे तकनीकी सत्र में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो शिरीष मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को डेटा संग्रह करने की आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। कार्यशाला का संचालन डॉ सुनील दीपक घोड़के ने किया। विभागाध्यक्ष डॉ अंजनी कुमार झा ने सभी अतिथियों का अभिवादन व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

## पंजाब का बजट आम लोगों का 'अपमान' : ब्रह्मपुरा

तरनतारन। पंजाब के वित्त मंत्री द्वारा बुधवार को पेश किए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की शिरोमणि अकाली दल के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रविंदर सिंह ब्रह्मपुरा ने निंदा करते हुए इसे आम लोगों की जरूरतों की घोर उपेक्षा बताया है। श्री ब्रह्मपुरा ने कहा कि वित्त मंत्री हरपाल चीमा द्वारा की गई बड़ी-बड़ी घोषणाओं के बावजूद इस बजट की हकीकत बेहद निराशाजनक है।

यह समझ से परे है कि आर्थिक उथल-पुथल और बढ़ती कीमतों के समय में, आप सरकार पंजाब की महिलाओं की सहायता के लिए एक हजार रुपये प्रति माह के अनुदान के लिए कोई धनराशि आवंटित करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं मौजूदा आर्थिक संकटों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। आप सरकार द्वारा जानबूझकर की गई यह चूक आम नागरिकों के संघर्षों से उसके पूर्ण अलगाव का उदाहरण है। पूर्व विधायक ने कहा कि 2025-26 का बजट खोखले वादों और अस्पष्ट प्राथमिकताओं-सांत्वनाओं के अलावा कुछ नहीं है।

# एसएसपी ने किया सुल्तानगंज थाना का निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। आने वाले त्योहार रामनवमी, ईद और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत बुधवार को सुल्तानगंज पहुंचे और उनके द्वारा थाने का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसएसपी ने थाने में दर्ज मामलों का अवलोकन करते हुए लंबित पड़े मामले का त्वरित निष्पादन करने, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, शराब और अन्य माफियाओं की धड़र-पकड़ करने, क्षेत्र में पुलिस गश्ती तेज करने, विधि-व्यवस्था बनाए रखने आदि को लेकर थानाध्यक्ष और पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसएसपी ने बताया कि जैसा कि जानकारी मिली है कि यहां रामनवमी पर बड़ा जुलूस निकाला जाता है। उसको लेकर वांछितों की पहचान कर निरोधात्मक कार्रवाई करने, सरकार के गाइड लाइंस का पालन कराने आदि निर्देशित किया गया है। साथ ही थाना परिसर का भी निरीक्षण किया गया है। साफ-सफाई बेहतर दिखी। लेकिन कई भवन जर्जर हो चुकी है। जिसे तोड़कर हटाने का निर्देश दिया गया है। नये भवन निर्माण प्रस्तावित है।

## सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम के द्वारा मुसलमानों को करीब करने की पहल स्वागत योग्य : शाह हसन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। देश के प्रसिद्ध खानकाह-ए-पीर दमड़िया शाह के 15वें सज्जादानशीं सैयद शाह फखरे आलम हसन ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि ईद के मुबारक मौके पर 32 लाख गरीब मुस्लिम परिवारों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सौगात-ए-मोदी के नाम से 32 लाख परिवारों को कीट देकर मुसलमानों को करीब लाने की जो पहल प्रधानमंत्री द्वारा की गई है वह स्वागत योग्य है। सज्जादानशीं शाह हसन ने कहा कि प्रधानमंत्री तक मेरा यह पैगाम पहुंचता है तो मैं उनसे गुजारिश करना चाहूंगा कि मुस्लिम समाज के लोगों को साथ लिए बगैर और उनका विश्वास जीते बिना विश्व गुरु का सपना साकार नहीं हो सकता है, इसलिए सौगात-ए-मोदी के नाम पर जो साकारात्मक पहल प्रधानमंत्री द्वारा की गई है, वह बहुत काबिल-ए-तारीफ और साकारात्मक कदम है, जिससे उम्मीद की किरन को बल मिलता। शाह हसन ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि सौगात-ए-मोदी द्वारा जो पैगाम आप देना चाहते हैं इसकी कामयाबी के लिए जरूरी है कि भाजपा सरकारों में मुसलमानों की भी नुमाइंदगी जरूरी है।

# अर्द्धकुंभ 2027: एसएसपी ने लिया पुलिस कार्ययोजना का जायजा

## पूर्व के कुंभ मेला के डाटा का किया गया विश्लेषण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




हरिद्वार। वर्ष 2027 में हरिद्वार में आयोजित होने वाले अर्द्धकुंभ मेले की तैयारियों को लेकर एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद पुलिस मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान एसपी क्राइम, ट्रैफिक जितेन्द्र मैहरा, एसपी सिटी पंकज गैरोला, एएसपी सीओ सदर जितेन्द्र चौधरी सहित नगर क्षेत्र के राजपत्रित पुलिस अधिकारी, नगर क्षेत्र के समस्त थानाध्यक्ष, बीडीएस, जल पुलिस, घुड़सवार आदि शाखाओं के कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस दौरान श्री डोबाल ने मातहतों संग कुंभ के दौरान प्रस्तावित अस्थाई थानों का चिह्निकरण, थानों के लिए चयनित स्थान व क्षेत्र, कुंभ के दौरान जनपद में फोर्स की उपलब्धता, कुंभ के दौरान जवानों के रहने एवं खाने की व्यवस्था, कुंभ मेला आयोजन के लिए उपलब्ध संसाधन एवं आवश्यक संसाधनों का विवरण, शाही स्नान पर्वों में आवागमन के लिए पूर्व निर्धारित मार्ग एवं नए मार्गों का चयन, जल पुलिस के लिए आवश्यक संसाधन एवं संचालन क्षेत्र, हर की पैड़ी से 20 किलोमीटर रेडीयस पर स्थाई एवं अस्थाई पार्किंग के चयन व हिलबाईपास को सुव्यवस्थित कर कुंभ के दौरान उसके उपयोग के लिए संबंधित से पत्राचार करने पर चर्चा की गई।

## वीडियो बनाने के बाद एक व्यक्ति ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। दिल्ली के गांधी नगर इलाके में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान ललित मोहन वार्ष्णेय के रूप में हुई है। मृतक ने खुदकुशी करने से पहले एक वीडियो बनाकर एक शख्स पर खुदकुशी के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। मृतक ने आरोप लगाया कि संजीव जैन नामक शख्स से उन्होंने ब्याज पर 50 हजार रुपये लिये थे। संजीव जैन ने ब्याज को बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया। वह मूलधन से ज्यादा रुपये उसे दे चुके थे। संजीव द्वारा बार-बार रुपये मांगने व धमकाने से वह परेशान हो गए हैं, इसलिए वह खुदकुशी करने जा रहे हैं। वीडियो में मृतक ने कहा कि उनकी खुदकुशी का जिम्मेदार संजीव है। पुलिस ने मृतक की पत्नी के बयान पर केस दर्ज कर संजीव को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बुधवार को बताया कि ललित मोहन परिवार के साथ कैलाश नगर में रहते थे। उनकी घर के नीचे ही मोबाइल रिपेयरिंगकी दुकान थी। डीसीपी के अनुसार 24 मार्च को उन्हें एलएनजेपी अस्पताल से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने फंदा लगाया था, जिसकी मौत हो गई है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063